सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 224




12 ससुराल में अभिनेत्री रकुल सिंह ने बनायी पहली डिश


# आधुनिक और तेज रेलवे
# मोदी सरकार की गारंटी



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ₹41 हजार करोड़ की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण







## झारखण्ड में
## 27 स्टेशनों का पुनर्विकास

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टाटानगर | सीनी | हैदरनगर | लोहरदगा | सिल्ली |
| चक्रधरपुर | दुमका | मोहम्मद गंज | रामगढ कैन्ट | शंकरपुर |
| गोड्डा | देवघर | बालसिरिंग | ओड़गा | नामकोम |
| डांगोवापोसी | जामताड़ा | बानो | गोबिन्दपुर रोड | |
| चाईबासा | विद्यासागर | गंगाघाट | टाटीसिलवे | |
| गामहारीया | बड़ा जामदा जं | बासुकीनाथ | मूरी जं. | |

- सिटी सेंटर के रूप में पुनर्विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बहु-स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन क्षेत्र सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेंगे

एवं

## 88 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का निर्माण

- सड़क एवं रेल यातायात का बाधा रहित आवागमन
- स्थानीय निवासियों को रेल लाइन के दोनो तरफ आने जाने की सुरक्षित व सुगम सुविधा
- यातायात समय में आएगी कमी

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा
26 फरवरी, 2024 | प्रातः 11:00 बजे से
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

# अवकाश होने के बावजूद खुला रहा ग्रामीण विकास विभाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रविवारीय अवकाश के बावजूद ग्रामीण विकास विभाग रविवार को खुला रहा। ग्रामीण विकास विभाग ने शनिवार 24 फरवरी और रविवार 25 फरवरी को अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलने का आदेश दिया था। इसी आदेश के आलोक में लगातार दो दिनों तक सचिवालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय खुला रहा। सचिवालय में दिनभर अबुआ आवास योजना सहित विभाग के अन्य कार्य हुए। विधानसभा बजट सत्र को लेकर भी सवालों के जवाब तैयार किए गए। बता दें कार्मिक विभाग में शनिवार को भी खुला रखा गया था। विधान सभा से जुड़े कार्य किए गए थे। अवकाश के बावजूद भी ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी समान दिनों की तरह कार्यालय में उपस्थित रहे और फाइलों को निपटाया।

# राज्यपाल से मिले डीआरएम जेएस बिंद्रा और विनय कुजूर



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के जेएस बिंद्रा एवं अपर रेल प्रबंधक, चक्रधपुर विनय कुजूर ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने रेलवे से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में टोटेमिक कुरमी/कुडमी की हुंकार महारैली आयोजित

# हमें एसटी में शामिल करे सरकार, नहीं तो चुनाव में केंद्र की पलट देंगे बाजी : शीतल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** टोटेमिक कुरमी/कुडमी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करें, नहीं तो आगामी चुनाव में पूरी फिल्म दिखा देंगे। ये बातें रविवार को मोरहाबादी मैदान में टोटेमिक कुरमी/कुडमी हुंकार महारैली को संबोधित करते हुए समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कही। उन्होंने कहा कि ये महारैली टेलर है। एक लंबे अरसे के बाद कुडमी समाज न सिर्फ गोलबंद हुआ है बल्कि इस महारैली में अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी किया है। आगे यही भी कहा कि राज्य में 30 विधानसभा एवं 7 लोकसभा में कुरमी महतो समाज का वोट निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके बावजूद कुर्मियों को सिर्फ वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन अब कुरमी समाज जग चुका है। अब कुर्मियों को राजनीतिक, सामाजिक शेक्षणिक हिस्सेदारी भी चाहिए। कुडमी की मांग जायज है। कुडमी आदिकाल से आदिवासी था, है और आगे भी रहेगा। साथ ही कुडमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गयी।

महारैली में झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर-नाच, नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजे-बाजे के साथ रांची के मुख्य पथ से गुजरते हुए मोरहाबादी पहुंचे।

महारैली में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री केशव कमलेश महतो, रामपोदो महतो, लालटु महतो, ओम प्रकाश महतो, रंधीर चौधरी, सुषमा देवी, राजेंद्र महतो, सखिचन्द महतो, दानी सिंह महतो, क्षेत्रमोहन महतो, कपिलदेव महतो, गिरधारी महतो, हेमलाल महतो, रचिया महतो, थानेश्वर महतो, संजय लाल महतो, राजकुमार महतो, जयराम महतो, अरविंद महतो, नागेश्वर महतो, किरण देवी, अशोक ओहदार, रूपलाल महतो, किशोर महतो, वकील महतो, भुनेश्वर महतो, सोनालाल महतो, दीपक महतो, मुरलीधर महतो, राजाराम महतो, पार्वती देवी, वीणा देवी, राम ओहदार, बबिता महतो, महेंद्र महतो, रंजीत महतो, सपन महतो, सुरेंद्र महतो, महेंद्र महतो, पर्मेश्वर महतो, राजू महतो, अनिल महतो, रामदयाल महतो, अमित महतो, यशोदा देवी, सरिता देवी, मीना देवी, ललित महतो, फुलको देवी, पूनम देवी, दिनेश महतो, रामकुमार दीपक, मदन महतो, संजय पटेल, संजय महतो, मनीष महतो, रूपेश महथा, शत्रुधन महतो, श्रृष्टिधर महतो, पवन महतो, संदीप महतो आदि लोग शामिल हुए।

### टोटेमिक कुरमी/कुडमी को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग असंवैधानिक : लक्ष्मी नारायण मुंडा

आदिवासी समन्वय समिति, झारखंड के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा है कि कुड़मी/कुरमी/महतो जाति आदिवासी बनने की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में आयोजित हुंकार रैली को उनके ही कुड़मी/कुरमी /महतो समुदाय ने ही नकार दिया है। रैली में इनके तथाकथित स्वयंभू नेताओं का दावा पांच लाख भीड़ जुटाने का हवा हो गया। उन्होंने कहा कि इस जाति के लोगों को अब समझ में आ रहा है कि ये सब मांगे असंवैधानिक और गलत है। उन्होंने कहा कि ये समुदाय मेहनतकश जाति है, उनके न्यायपूर्ण मांगों का साथ दिया जाएगा, लेकिन आदिवासी बनने की मांग का जोरदार विरोध किया जाएगा।

# राज्य में खनन गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम करेगी जेईएमसीएल

### झारखंड में खनिजों का पता लगाने के लिए टेंडर जारी, 12 मार्च को खुलेगा टेंडर

### खनिज अन्वेषण के लिए खरीदा जायेगा सॉफ्टफेयर

डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के लिए नई आर्कजीआईएस सॉफ्टवेयर पैकेज खरीदा जाएगा। इसके लिए भी टेंडर जारी कर दिया गया है। इस सॉफ्टवेयर के जरिये भू-वैज्ञानिक मैपिंग के साथ अन्वेषण रिपोर्ट और खनन योजनाएं तैयार करेंगे। इसकी तैयारी के लिए, एक उपयोगकर्ता के अनुकूल खनन सॉफ्टवेयर है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ की कंपनी जेईएमसीएल (झारखंड एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड) को खनिजों का पता लगाने और खनन गतिविधि को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी मिली है। अब जेईएमसीएल ने राज्य में खनन गतिविधि को आगे बढ़ाने और खनिजों का पता करने के लिए एजेंसी चयन का टेंडर जारी कर दिया है। टेंड़र 12 मार्च को खुलेगा। यह कंपनी राज्यभर में लौह अयस्क, कोयला, तांबा, बॉक्साइट, सोना सहित अन्य खनिजों का पता लगाएगी।

# राज्य के 11 आइएएस अधिकारियों को मिलेगी विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति

### डीपीसी की बैठक में मिली सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 2011 बैच के 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संयुक्त सचिव से विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी जायेगी। इस संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय प्रोन्नति की बैठक में इसकी सहमति 22 फरवरी को दे दी गयी है। कुछ आवश्यक कागजातों की मांग को पूरा करने के बाद डीपीसी की प्रोसिंडिंग लागू कर दी जायेगी। इसके बाद राज्य सरकार की सहमति लेते हुए कार्मिक विभाग प्रमोशन की अधिसूचना जारी करेगा।

सारे अधिकारी 41 प्रमोटी आइएएस में से हैं। इनमें से करीब 19 अधिकारियों को प्रमोशन देना था, जिनमें आठ जनवरी 2024 की तिथि से 8 अधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रमोशन दे दिया गया था, लेकिन शेष 11 बचे हुए थे। अब इन्हें भी विशेष सचिव के वेतनमान में प्रमोशन दिया जायेगा। प्रमोशन के साथ ही उत्क्रमित पदों पर पोस्टिंग की जायेगी।

## भाजपा मुख्यालय में राज्यसभा व लोकसभा चुनाव पर मंथन

# राज्यसभा चुनाव को लेकर समीर उरांव, अरुण उरांव और आशा लकड़ा के नामों पर हुई चर्चा



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में नव गठित चुनाव समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने की। इसमें राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में समीर उरांव के अलावा डॉ अरूण उरांव व डॉ आशा लकड़ा के नामों पर चर्चा हुई। अब इन तीनों नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा जायेगा। गौरतलब है कि अगले महीने समीर उरांव का सीट खाली हो रहा है। बैठक में बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई , नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, डॉ रविंद्र राय, सांसद आदित्य साहू, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, विद्युत वरण महतो, संजय सेठ, श्याम नारायण दुबे, केदार हाजरा, आरती सिंह उपस्थित थे।

# मोदी सरकार 400 पार पूरा करेगी : कर्मवीर





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में रविवार को विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों की बैठक हुई। बैठक में प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रदेश संयोजक, सह संयोजक गण उपस्थित थे। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन मनोज सिंह ने किया। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने सभी विभाग एवम प्रकोष्ठ के दायित्वों एवम कार्यक्रमों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने विभाग के कार्यकताओं के साथ बूथों पर सक्रियता को बढ़ाते हुये हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर भाजपा के पक्ष में 370 लोकसभा की सीट और एनडीए के खाते में 400पार के संकल्प को पूरा करें।

उन्होंने कहा कि बूथ पर अतिरिक्त 370 वोट और देश में 370 लोकसभा सीट जीताना डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि फिर एकबार मोदी सरकार केलिये देश की जनता मन बना चुकी है। हमे उनके दरवाजे पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जाना है।

बैठक में शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, अजय मारू, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, पंकज श्रीवास्तव, सूरज चौरसिया, राजेश शुक्ला, संजीव विजयवर्गीय, रविनाथ किशोर, उमाशंकर केडिया, मृत्युंजय शर्मा, लक्ष्मी चंद्र दीक्षीत, नीरज सिंह, अमित नाथ चरण, राजश्री जयंती, जयश्री इंदवार, डॉ रामाधीन, डॉ तान्या, लक्ष्मी कुमारी, सुधीर श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, सतीश सिन्हा, अनील महतो, चंद्र प्रकाश, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, जेपी शर्मा, चंदन कुमार, राजू चौधरी सहित कई उपस्थित थे।

## श्रमिक संघ के राज्यस्तरीय सम्मेलन में अजय राय सर्वसमिति से चुने गये अध्यक्ष

# हेमंत सोरेन ने आउटसोर्स खत्म करने का किया था वादा, अब चंपई सोरेन सरकार उसे पूरा करें : अजय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की राज्यस्तरीय सम्मेलन केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में रविवार को रांची प्रेस क्लब के सभागार में हुई। सम्मेलन में आईसीएल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश रंजन, महासचिव केके पंडा, माधो सिंह, पूर्व विधायक हरिराम शामिल हुए। कार्यक्रम में पिछ्ली कमिटी को भंग कर सत्र 2024-2026 (दो साल ) के लिए वरिष्ट अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला, राजेश रंजन, केके पंडा के देख रेख में अध्यक्ष का चुनाव हुआ। जिसमे सर्वसम्मति अजय राय को अध्यक्ष चुना गया साथ ही उनको पूरी कमिटी बनाने के लिए अधिकृत किया गया।


अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत अजय राय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव के दौरान आउटसोर्स खत्म करने का वादा किया था, अब चंपई सोरेन सरकार को उस वादा को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ की ओर से आज जितने एजेंडो पर चर्चा हुई है उन पर जल्द ही राज्य स्तर पर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इसके पूर्व अजय राय के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया। जिसमें अपनी मांगों के समर्थन मे नारे लगाते हुए विद्युतकर्मी प्रेस क्लब से करम टोली चौक होते हुए वापस प्रेस क्लब आकर सभा मे शामिल हुए।

कार्यक्रम मे अमित कश्यप, फलेश्वर महली, दिवाकर मिश्रा, बिकास कुमार सिंह, युसूफ खान, निरंजन मुन्ना, मनुभगवान मिश्रा, प्रमोद कुमार, धीरेन्द्र पाण्डेय, आनंद प्रामाणिक, विजय सिंह, मुकेश साहू, जलील अंसारी, इस्माइल अंसारी, मृत्युंजय गिरी, बालगोविंद महतो, बिनोद कुमार, महाबीर, संजय राणा, विद्यासागर, मनोज वर्मा, सम्मी अंसारी, राजेश रवानी, शिव शाह, शशि लोहरा, छोटू कुमार समेत सैकड़ों शामिल थे।

## ग्रामीण विकास विभाग ने जतायी नाराजगी

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की 186 योजनाएं समय पर पूरी नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में समय पर पूरा नहीं हो पायी है केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना। ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार ने इस पर नाराजगी जाहर की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने इसको लेकर पत्र भी लिखा है। दुमका, पाकुड़, रामगढ़, धनबाद, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा व बोकारो जिला में योजनाएं लंबित हैं। भारत सरकार ने इन जिलों की स्वीकृत सारी योजनाओं को 2023 में ही पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन योजनाएं पूरी नहीं हुई। राशि भी पूरी खर्च नहीं हो सकी। 186 योजना लंबित रह गयी। ग्रामीण विकास विभाग ने इसके लेकर नाराजगी भी जाहिर की और सभी जिलों को काम पूरा करने का निर्देश दिया है। इस योजना अंतर्गत स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देना, आधारभूत सेवाओं की वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों में शहर जैसी सुविधाएं, बाजार, उद्यम इत्यादि स्थापित करना है।

### इन जिलों के इन कलस्टर में योजना लंबित

दुमका- बेहराबांक- जून-2023 में पूरा होना था, पांच योजना पेडिंग। पाकुड़ के इलामी में जून 2023 तक कार्य पूरा होना था, 26 योजना लंबित। रामगढ़ के बिचा, जुलाई-2023 तक कार्य पूरा होना था, 10 योजना लंबित। धनबाद के पलानी में अगस्त 2023 तक कार्य पूरा होना था, 7 योजना लंबित। चतरा के सराधु में अगस्त 2023 तक कार्य पूरा होना था, 34 योजना पेडिंग। पूर्वी के धरमबहल सितंबर 2023 तक कार्य पूरा होना था, 3 योजना लंबित। प.सिंहभूम के दुधबिला सितंबर 2023 तक पूरा होना था कार्य, 10 योजना लंबित। सिमडेगा के एडेगा में अक्टूबर 2023 तक कार्य पूरा होना था, 28 योजना लंबित। बोकारो के सियालजोरी में नवंबर 2023 तक कार्य पूरा होना था, 63 योजना लंबित।

## झापा से केंद्रीय प्रवक्ता अंशु लकड़ा, महताब अंसारी ने ली मुख्यमंत्री के समक्ष पार्टी की सदस्यता

# झामुमो ने शुरू किया है जन आंदोलन : चंपई सोरेन

### झामुमो का मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री आवास, कांके रोड, रांची में संपन्न हुए झामुमो के मिलन समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों और दलों के लगभग तीन हजार युवा और महिलाओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के समक्ष झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम जी के नेतृत्व मे झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

मौके पर कहा आंदोलनकारियों की बदौलत हमें यह झारखंड राज्य मिला है और जिस तरीके से हमारे युवा मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन जी कार्य कर रहे थे, सुदूर गांव में भी हर एक घर तक योजना पहुंचाने का काम कर रहे थे और इसी को देखते हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत उनको जेल भेजने का काम किया है। यह मिलन समारोह एक जन आंदोलन की शुरूआत है आने वाले दिनों में यह बड़ा रूप लेगा।

मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडे ने भी युवाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और कहा कि आने वाले दिनों में नए सदस्यों के साथ भी पार्टी हर एक हर स्तर पर केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जिस तरीके से हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है। हजारों हजार की तादाद में युवा और महिलाएं जो आप देख रहे हैं पार्टी के प्रति आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है आने वाले दिनों में यह सिलसिला जारी रहेगा हम निरंतर लोगों को पार्टी से जोड़कर झारखंड की जनता के हित में आवाज को बुलंद करेंगे।

मिलन समारोह में मुख्य रूप से माननीय मुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलाम आजाद, रामानंद बेड़िया, रामशरण तिर्की, डॉ तालकेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, बबलू राम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में आदिवासी सेना के अलविन लकड़ा, विकास तिर्की, अमरनाथ लकड़ा, झापा के अंशु लकड़ा, बचन उरांव, योगेश भगत, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के शशि टूटी, रामकुमार नायक, दीपक लकड़ा, आजसू के लक्ष्मी बैठा, अनिता टोप्पो, महताब अंसारी, अबुतालीब अंसारी, मोहसिन अख़्तर, फिरोज अंसारी, मुंतीजीर खान, निशांत कच्छप, पवन तिग्गा, रश्मि टोप्पो, अर्पण इंदवार, नजरूल हक के साथ हजारों लोग थे।

स्पीड न्यूज

## ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, ग्रामीणों ने लगा दी आग



**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछरी के सोनार बाँध के समीप दुर्गा ट्रासपोर्ट की ट्रक संख्या खल 09 अऊ5611 बोकारो से सिमेंट लेकर जा रही थी। फुसरो की ओर से पिछरी निवासी संजय मिश्रा अपने घर जा रहे थे। ट्रक ने पिछरी निवासी संजय मिश्रा को धक्का मार दिया। जिससे संजय मिश्रा घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में केन्द्रीय अस्पताल ढोरी ले गये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बोकारो रेफर कर दिया। जिससे गुस्सा होकर ग्रामीणो ने ट्रक में आग लगा दिया। जानकारी मिलते ही अग्निशामक गाडी पहुंच कर आग बूझने का काम कर रही है।

## संत रविदास जयंती पर बच्चों को मिली स्कूल ड्रेस

**बोकारो।** जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस एवं भोजन पैकेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेल्पिंग हैंड के संस्थापक गोपाल मुरारका सरिता मुरारका समाजसेवी कुमार अमरदीप कैलाश मेहता आदि मौजूद रहे। विद्यालय के संस्थापक एवं संस्था के सचिव परशुराम राम ने संत रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ममता सिंह गुड़िया देवी बबीता कुमारी लाल रवि कुमार शंकर रजक हरिशंकर प्रसाद सोनी योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा चंदेश्वर ठाकुर रामजी ठाकुर भवनाथ सीआर दास नीतीश मालाकार विजय कुमार अजय आदि उपस्थित रहे।

## नगर सेवा भवन का घेराव सफल बनाने को लेकर बैठक

**बोकारो।** झुग्गी झोपड़ीवासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ की सेक्टर आठ भागलपुर मोड़ पर हुई बैठक में आगामी 06 मार्च को नगर सेवा भवन का घेराव को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के सभी प्रभावित दुकानदारों व झुग्गीवासियों के साथ लगातार बैठक जारी रखने का निर्णय भी लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने की। मौके पर कुमार राकेश ने कहा कि शहरी क्षेत्र के किसी भी दुकान को उजाड़ने का प्रयास गलत है। बैठक में स्थानीय कमेटी के अध्यक्ष संजय शर्मा सचिव वीरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष विजय ठाकुर संजय झा सुरेश शर्मा सत्येंद्र शर्मा शंकर राम मंजू देवी आदि ने प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की।

## पंचेत ओपी में नए प्रभारी प्रभात रंजन ने पदभार संभाला

**कुमारधुबी।** पंचेत ओपी के नए प्रभारी प्रभात रंजन राय द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों साथ मिलन समारोह कार्यक्रम ओपी प्रांगण में किया गया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के संबंध मे जानने का प्रयास किया। ओपी प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधियों को सरकारी नंबर देते हुए कहा कि किसी भी समय उन्हें फोन कर समस्या से अवगत किया जा सकता है। ओपी प्रभारी ने कहा कि मुझे मालूम चला है यह काफी शांतिपूर्ण क्षेत्र है। यहां सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर भाईचारे से रहते हैं। बाकी जो भी छोटी बड़ी समस्याएं सामने आएंगे। सभी के साथ मिलजुल कर एवं कानून के दायरे में रहकर निराकरण किया जाएगा। ओपी प्रभारी ने कहा कि बिचौलियों के चक्कर में न फंसे। क्षेत्रवासी हमसे सीधे संपर्क करें।

# सिंदरी : हिंसा फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसएसपी

### ट्रायल में आज एमडीओ करेंगे 25 गाड़ियों से कोल डिस्पैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गौशाला थाना अंतर्गत सेल चासनाला की एमडीओ केटीएमपीएल में गुरुवार को हिंसक झड़प को लेकर रविवार को एसडीपीओ सिंदरी कार्यालय में ग्रामीणोंए केटीएमपीएल व सेल के अधिकारियों के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इसमें एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि हिंसक कार्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों के साथ संबंध रखनेवालों को भी चिन्हित किया जाएगा। टासरा के ग्रामीणों के आग्रह पर मंगलवार को सेलए केटीएमपीएल व ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता तय की गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार की शाम सेल के एमडीओ द्वारा कोल डिस्पैच और गुरुवार को उनके कर्मियों के साथ मारपीट को लेकर जनता मजदूर संघ और ग्रामीणों सहित सेल व उनके एमडीओ से वार्ता की गई है। विधि व्यवस्था को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। एमडीओ के कार्य से असंतुष्ट लोग प्रशासन की मदद ले सकते हैं। शांति पूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया जा सकता है। फिलहाल सोमवार को ट्रायल रुप से एमडीओ 25 गाड़ियों से कोल डिस्पैच करेगा। जमसं सहित ग्रामीणों के साथ प्रबंधन की बैठक में निर्णय के बाद कोल डिस्पैच का कार्य शुरू किया जाएगा। वर्चस्व की लड़ाई में जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को जमसं द्वारा आहूत बंद को लेकर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उसपर नजर रखे हुए है। बैठक में ग्रामीणों ने टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में नियोजन सहित खनन कार्य के ब्लास्टिंग से घरों में पड़ी दरारों को ठीक करनेए कुछ क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे हटाने को लेकर कई समस्याओं को बैठक में रखा।



**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दनए ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी एसडीओ धनबाद उदय रजकए झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसादए एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र प्रसाद राउतए सेल चासनाला अधिकारी पंकज मंडलए केटीएमपीएल अधिकारी प्रवीण कोट्टाए विजय शर्माए मनीष रंजनए करण महतोए मिहिर मंडलए देवेन मंडलए गोवर्धन मंडलए जीतू सिंहए अनिल सिंहए पेन्टर सहित कई रैयत ग्रामीण उपस्थित थे।

**कर्मचारियों से हुई थी नोंकझोंक**

जमसं टासरा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर गुरुवार की घटना में केटीएमपीएल के कर्मचारियों के साथ नोकझोंक की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि मारपीट और छिनतई की कोई घटना नहीं घटी थी। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को देखकर यह स्पष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुड्डू सिंह को काम से हटाने पर बातचीत के लिए केटीएमपीएल कार्यालय गए थे।

# गोली बम कांड में त्रिपक्षीय मामला हुआ दर्ज, जांच को पहुंचे एसएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक में शनिवार को दो गुटों में डीओ के कोयला उठाव को लेकर हुई हिंसक झड़प में पुलिस ने रविवार को 26 नामजद सहित 35 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटनास्थल पर मौजूद पुअनि बाबुधन सोरेन की लिखित शिकायत पर प्रमोद सिंह नागेंद्र उपाध्याय बिट्टू उपाध्याय सीटू उपाध्याय बिराट सिंह मंटू सिंह सोनू यादव सुरेन्द्र सिंह गोलू रवानी रंजीत रवानी नीतीश यादव प्रेम यादव मुकेश पासवान नीतीश रवानी दीपक पासवान बिजय पासवान करण पासवान सचिन यादव कपिल पासवान अक्षय यादव रामप्रवेश उर्फ फुचा बिशाल वर्मा शिवम सिंह शिव चौहान बीरेंद्र यादव संतोष पासवान सहित अन्य 35 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया है। वहीं सिंह मेंशन समर्थक मुकेश पासवान ने रंगदारी जातीसूचक शब्द का इस्तेमाल करते व छीनतई करने का केस दर्ज किया है। इसमें प्रमोद सिंह नागेंद्र उपाध्याय बिट्टू उपाध्याय सीटू उपाध्याय बी डी सिंह बिराट सिंह मंटू सिंह को आरोपी बताते हुए लिखित शिकायत दर्ज किया गया है। रघुकुल समर्थक प्रमोद सिंह ने गोलू रवानी रंजीत रवानी सुरेन्द्र सिंह नविन पंडित नितेश यादव प्रेम यादव मुकेश पासवान नीतीश रवानी दीपक पासवान बिजय पासवान करण पासवान पर गोली मारकर दहशत फैलाने की लिखित शिकायत पुटकी थाना में दर्ज कराया है। घटनास्थल पर धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दनए एसडीएम उदय रजकए डीएसपी विधि ब्यवस्था प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री अर्चना स्मृति खलको सीओ पुटकी विकाश आनंद केंदुआ थाना प्रभारी आर एन ठाकुर आदि जाँच के लिए पहुंचे। एसएसपी ने कहा कि जो भी दोषी हैए उसे नहीं बक्शा जाएगा। जरूरत पड़ा तो सीसीए भी लग सकता है।

## ईसीएल मुगमा एकादश ने प्रेस एकादश को हराया

**कुमारधुबी ।** प्रभात स्टेडियम मुगमा में रविवार को खेले गये मैत्री मैच में ईसीएल मुगमा एकादश ने प्रेस एकादश को पांच विकेट से हरा दिया। जीएम श्री आनंद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिला परिचय प्राप्त किया। प्रेस एकादश ने टास जीत पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 111 रन बनाये। धर्मेंद्र शर्मा 32 रनए दीपांकर 29 रनए उत्तम झा 10 रन संजय सिंह 09 रन एवं दीपक सिंह ने 08 रन बनाए। ईसीएल मुगमा एकादश टीम के अरूण कुमार ने दो तथा रति मोहन शर्माए बाबू लाल पांडे और धीरज ठाकुर ने एक..एक विकेट लिए। ईसीएल मुगमा एकादश ने पांच विकेट खोकर 15प1 ओवर में 112 रन बना मैच जीत लिया। डा निशांत सिंह 32ए अरूण कुमार 22ए जीएम श्री आनंद ने 14 रनए धीरज ठाकुर ने 06 रन बनाये। प्रेस एकादश के संतोष साव ने दोए धर्मेंद्र कुमारए गौतम कुमार और दीपांकर एक..एक विकेट लिए। धर्मेन्द्र सिंह एवं मनोज कांजीलाल मैच में अंपायर थे। जीएम श्री आनंद ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# सविम सिंदरी में अभिभावक सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** अभिभावक सम्मेलन का महाआयोजन रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की पत्रिका प्रेरणा का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी निदेशक प्रो पंकज राय ने कहा कि अभिभावकगण प्रयास करें कि बच्चे कम समय स्क्रीन पर दें। अधिक समय सेल्फ स्टडी पर देन। समय निर्धारण और उसका पालन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अतिआवश्यक है। प्रयास करें कि अध्ययन के समय मोबाइल स्विच ऑफ हो। समय समय पर विद्यालय आकर बच्चों के विकास की जानकारी लेते रहना चाहिए। हमें एक अच्छा इंसान बनना है ना की एक किताबी कीड़ा। हमें खुश होने के लिए आंतरिक ज्ञान की आवश्यकता होती है। यह जागरण योग और प्राणायाम से संभव है। जरूरी नहीं है कि टॉपर को अच्छी नौकरी मिल जाए। बच्चों का सर्वांगीण विकास उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक है। बच्चे अंग्रेजी व्याकरण की दृष्टिकोण से शुद्धता के साथ बोलें। कम्युनिकेशन स्किल के साथ स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आरएसएस कार्यवाह संजय कुमारए विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र सीबीएसई काउंसलर डॉ पूजाए उपाध्यक्ष डॉ राजीव वर्मा ने कई टिप्स बच्चों एवं अभिभावकों को दिए। साथ ही भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत शिक्षा देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मंच संचालन अभय शंकर पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन भास्कर झा द्वारा किया गया।

**सम्मेलन में थे शामिल**

सम्मेलन में मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी निदेशक प्रो पंकज रायए विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र सीबीएसई काउंसलर डॉ पूजाए आरएसएस प्रांत कार्यवाह संजय कुमारए कमेटी अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्राए उपाध्यक्ष राजीव वर्माए कोषाध्यक्ष महेंद्र यादवए प्राचार्य सुनील कुमार पाठकए डॉ भास्कर झाए बचनेश्वर ठाकुर एवं कार्यक्रम प्रमुख बेणी माधव झा के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# उपायुक्त ने की प्रशिक्षण कोषांग की तैयारियों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय में प्रशिक्षण कोषांग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग से आगामी लोक सभा निर्वाचन की तैयारियों के बारे में जानकारियां ली। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के बिंदुओं से अवगत कराया। साथ ही स्लाइड्स में अंकित बिंदुओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ही गूगल शीट के माध्यम से पोलिंग पर्सनल का मूल्यांकन लिया जाय और उसका परिणाम भी उन्हें बताया जाय। उन्होंने ईवीएम के हैंड्स ऑन प्रशिक्षण पर जोर देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ;एलएमएसद्ध एप डेवलप किया जा रहा है। इसमें सारी महत्वपूर्ण जानकारियां रहेंगी और उस पर मूल्यांकन भी किया जा सकेगा। पोलिंग पार्टी के सुलभ सहायता हेतु प्रत्येक बूथ पर लॉजिस्टिक पार्ट को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने पावर प्वाइंट में ईवीएम मूवमेंट के संबंध में आवश्यक तथ्य को शामिल करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह एलआरडीसी नरेश रजक ने भी क्रमवार तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि अगले माह एसएसएलएनटी महिला कॉलेज पीके राय कॉलेज तथा गुरुनानक महाविद्यालय में मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसका कैलेंडर बना लिया गया है। वहीं आगामी 27 फरवरी से प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ होना है।

**बैठक में थे मौजूद**

प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारीए अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी आयुष कुमारए मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्णए संजय कुमारए उमेश लाल समेत लगभग 60 मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री द्वारा हर्ल उद्घाटन को लेकर धनबाद उपायुक्त पहुंचे प्लांट



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी का उनके हाँथों उद्घाटन की प्रस्तावित तिथि 1 मार्च को लेकर धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन सहित टीम ने हर्ल प्लांट एवं हैलीपैड का निरीक्षण रविवार को किया। इसके साथ ही हर्ल प्लांट और हैलीपैड का निरीक्षण वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन ने भी किया। धनबाद उपायुक्त ने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री का प्रस्तावित दौरा तय है। हर्ल प्लांट के उद्घाटन के साथ बरवड्डा हवाई अड्डा में रैली प्रस्तावित है। केन्द्र सरकार अन्य योजनाओं के उद्घाटन तथा प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पत्र निर्गत करने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य आकर्षण केन्द्र हर्ल खाद कारखाना का उद्घाटन है। इसको लेकर उन्होंने हर्ल सीसीआर केन्द्र तथा हर्ल प्लांट स्थित सभास्थल का भी निरीक्षण किया गया। हैलीपैड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यूह कटर पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने हर्ल पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री आगमन से दो दिन पहले की ट्रायल लैंडिंग की हो सकने की जानकारी भी दी। हर्ल दौरा के निरीक्षण में धनबाद उपायुक्त वरुण रंजनए ओएसडी डीसी शुशांत मुखर्जीए उप विकास आयुक्त सादात अनवरए एडीएम लॉ एंड आर्डर सह डीआरडीओ निदेशक हेमा प्रसादए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर चंद्रिका प्रसादए जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरीए धनबाद नगर निगम अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतोए हर्ल सिंदरी हेड सुरेश प्रमाणिकए एच आर हेड संत सिंह मौजूद रहे।

# एगयारकुंड में लाभुक संपर्क कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी ।** लाभुक संपर्क करने के लिए कार्यशाला का आयोजन एगयारकुंड मंडल में रविवार को किया गया। इसमें कार्यकताओं से आहवान किया गया की हम सभी कार्यकताओं को मोदी सरकार के द्वारा प्राप्त लाभ लेने वाले लाभुक से मिलकर मोदी सरकार के बारे में उनका सोच जानना है और 2047 में भारत को विकसित भारत बनाना है। मौके पर मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस अवसर पर चिरकुंडा निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरीए वरिष्ठ नेता प्रशात बनर्जीए जिला कार्यसमिति सदस्य अकलेश तिवारीए डी एन पाठकए अजय चौधरीए पवन करणए रिंकी देवीए रामफल पंडितए गीता गिरीए अंजली देवीए दुर्गा देवीए अर्जुन सिंहए मनोज रामए राकेश कुमार चंद्रवंशीए रुस्तम पासवानए संजय ठाकुरए दीपक सिंहए धीरज पांडेए सुरजीत चंद्रए रणविजय यादवए छोटन सिंहए कन्हाई यादवए इंद्रजीत रजकए मिथलेश कुमारए गुड्डू सिंहए उत्तम मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**शहीद नेपाल रवनी का मना शहादत दिवस**

केंदुआ। झारखंड आन्दोलन क्रांतिकारी सह झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शहिद नेपाल रवानी का 34वां शहदत दिवस समारोह का आयोजन गोधर स्थित उनके स्मारक पर माल्यार्पण कर रविवार को मनाया गया। सबसे पहले शहीद की धर्मपत्नी सावित्री देवी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके पुत्र झामुमो जिला उपाध्यक्ष अजय रवानी, अनुज विकास रवानी, पुत्रवधू राखी देवी, पूनम देवी तथा भाई गोपाल रवानी, शंकर रवानी, बजरंग रवानी द्वारा माल्यार्पण किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री सह टुंडी विद्यायक मथुरा प्रसाद महतो पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन जिला सचिव मन्नु आलम केन्द्रीय सदस्य नीलम मिश्रा रमेश टूडु मासस सांसद प्रत्याशी जगदीश रवानी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो मासूम पिंटू रवानी प्रताप रवानी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# वाष्प ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल पर सेमिनार


### बीएसएल ने किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग द्वारा एचआरडी के सहयोग से स्टीम ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से स्थिरता प्राप्त करना विषय पर आयोजित सेमिनार के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यवाहक ईडी संकार्य राजीव धवन ईएमडी के सीजीएम ईएमडी गुलशन कुमार व जीएम पीके भुईं जीएम एचआरडी देवाश्री टोप्पो सहित ऊर्जा प्रबंधन विभाग के वरीय अधिकारी तथा संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिभागी शामिल थे। कार्यक्रम में स्टीम ऊर्जा संरक्षण में वर्तमान रुझान और चुनौतियां स्टीम ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए नयी तकनीक और रणनीति बॉयलर संचालन और रख रखाव के लिए सर्वोत्तम कार्य पद्धति तथा सफल स्टीम ऊर्जा संरक्षण का केस अध्ययन इत्यादि के बारे में स्टीम ऊर्जा क्षेत्र के मेसर्स फोर्ब्स मार्शल मैसर्स लॉयड इंसुलेशन मेसर्स प्रोमेथियस एनर्जी मेसर्स योशिताके इंक और बीपीएससीएल के विशेषज्ञों के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन एजीएम सौरभ सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम देवाश्री टोप्पो ने किया।

एक नजर में

## धनबाद में रुपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर प्रेमिका का गला काटा



**धनबाद।** पैसों की डिमांड पूरा नहीं होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेतकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। फिलहाल युवती गंभीर स्थित में धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है। मामला धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया का है। बताया जाता है कि धनबाद के केंदुआडीह पांच नंबर में रिश्तेदार के यहां रहने वाली प्रियंका कुमारी पिछले चार वर्षों से धनबाद के बरमसिया का रहने वाले एक युवक सूरज यादव जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, उससे प्यार करती थी। इस बीच कुछ ऐसा हुआ, जिससे युवती का प्यार से भरोसा उठ गया। अस्पताल में इलाजरत पीड़ित युवती ने कहा कि उसके कथित प्रेमी ने उसे रविवार की सुबह बरमसिया मिलने के लिए बुलाया था। उसके प्रेमी को पता था कि युवती के बैंक खाते में चार लाख रुपये जमा हैं। उसी चार लाख रुपये की वह मांग कर रहा था। पीड़ित के मुताबिक आज सुबह भी उसने रुपये की डिमांड की। युवती ने जब रुपये देने से साफ मना कर दिया तब गुस्से उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से उसका गला रेत कर उसकी जान लेनी चाही लेकिन वह किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाई। पुलिस युवती के बयान पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## सिंदरी में झुग्गी-झोपड़ी और अस्थायी दुकानें रहेंगी यथावत : लक्की सिंह



**सिंदरी।** भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने दिल्ली में केन्द्रीय उर्वरक व खाद्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर सिंदरीवासियों की आवासए दुकानए झुग्गी झोपड़ी सहित विस्थापितों की समस्याओं से ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया। 11 सौ रुपये पेंशनर्स बड़ी रकम देकर आवास नहीं ले सकने की सिंदरीवासियों की व्यथा उनके समक्ष रखी। इस खबर से सिंदरीवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। भाजपा नेता लक्की सिंह ने बताया कि गहन चिंतन के बाद केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया है कि वीएसएस कर्मियों की आवास नीति की तर्ज पर आवास नीति की नयी नियमावली बनाई जाएगी। नये नियम से जल्द आवास की लीज प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने कहा है कि सिंदरी के दुकानों को यथावत स्थिति में व्यवस्थित किया जाएगा। वर्षों से झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे लोगों को छतविहिन नहीं किया जाएगा। सभी को विधिवत तरीके से बसाया जाएगा। एफसीआई के विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र देकर सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने लायक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ने बताया है कि आगामी 28 फरवरी को सिंदरी आकर वस्तुस्थिति का जायजा लेंगे और इसपर जल्द निर्णय ले लिया जाएगा। लक्की सिंह ने कहा कि सिंदरीवासियों को बीते 21 वर्षों का किराया भाड़ा देने की जरूरत नहीं है।

# धनबाद में बाबूलाल मरांडी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को धनबाद पहुंचे। वे हाउसिंग कॉलोनी स्थित धनबाद लोकसभा चुनाव के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद उन्होंने धनबाद सांसद, विधायक और भाजपा कार्यकर्ताओं संग कार्यालय में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक मार्च को प्रधानमंत्री मोदी धनबाद आ रहे हैं। इस दौरान वह सिन्दरी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करने के साथ बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा में एक विशाल जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर धनबाद और बोकारो के प्रत्येक गांव, मुहल्ला, टोला के लोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के भाषण को सुन सकें इसपर कार्यकर्ताओं काम करने की जरूरत है। साथ ही कहा कि जनसभा में अन्य जिलों से भी कार्यकर्ता आ रहे हैं। खासकर आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य-संगीत के साथ जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे, इसकी भी हमें व्यवस्था करनी है। भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आज यहां प्रधान कार्यालय का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के हाथों किया गया। एक मार्च को प्रधानमंत्री मोदी का आगमन धनबाद में होगा। इस दौरान उनके जनसभा में कैसे अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसकी तैयारियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा सबसे सुरक्षित सीट है, इसका उन्हें भरोसा है। इस बार ऐतिहासिक जीत होगी। प्रधानमंत्री के 400 पार का संकल्प भी पूरा होगा।

# परदादा के जमाने की कारों और दुपहिया को सड़क पर फर्राटे भरते देख लोग हुए रोमांचित








1. गोपाल मैदान में रैली को झंडी दिखा कर रवाना करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, प्रबाल घोष और चैतन्य भानू। 2. विंटेज कार के सामने पारम्परिक भेष-भूषा में प्रतिभागी। 3. दशकों पुरानी बाइक और स्कूटर को फरोटे भरते देख रोमांचित बच्चे। 4. पुरानी बाइक व स्कूटर के संग्रहकर्ता आनंद शर्मा इंग्लैंड में बनी ऑटो साईकिल को गोपाल मैदान में प्रदर्शित करते हुए और सबसे छोटी किन्तु बहुत पुरानी बाइक की सवारी करते संग्रहकर्ता।

- जमशेदपुर की तीसरी विंटेज और क्लासिक कार और बाइक रैली संपन्न
- ओवरऑल चैंपियन बनी सौरव रॉय की मर्करी 8 और भामरा की ट्रायेम्फ-3एचडब्लू सर्वश्रेष्ठ बाइक घोषित
- 1920 से 1980 के बीच बने विंटेज गाड़ियों ने रैली में भाग लिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील विंटेज और क्लासिक कार एवं बाइक रैली का तीसरा संस्करण आज यहां गोपाल मैदान में खूबसूरत गाड़ियों की प्रदर्शनी के साथ आयोजित किया गया था। रैली का आयोजन टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की दूरदर्शिता और स्मृति के सम्मान में 185वें संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में किया गया था। पश्चिम बंगाल, झारखंड, पंजाब और ओडिशा राज्यों की भागीदारी के साथ 1920 से 1980 के दशक की 160 से अधिक विंटेज और क्लासिक कारों और बाइकों ने रैली के लिए पंजीकरण कराया।

रैली को आज सुबह गोपाल मैदान में टाटा स्टील के कर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील के शेयर्ड सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट प्रोबाल घोष औरटाटा स्टील के स्टील मैन्युफैक्चरिंग के वाईस प्रेसिडेंट चौतन्य भानु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान शामिल किये गये स्थल में भरूचा मेंशन, जुबली पार्क, यूनाइटेड क्लब, सर दोराबजी टाटा पार्क, कीनन स्टेडियम और सेंट जर्ज चर्च हैं, जिससे गुजरते हुए रैली ने यूनाइटेड क्लब में समाप्ति से पहले कुल 23 किलोमीटर की दूरी तय की।

इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो कल शाम और आज सुबह गोपाल मैदान और यूनाइटेड क्लब में विंटेज वाहनों को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

**सांस्कृतिक विरासत संरक्षित करने का माध्यम है यह रैली : चाणक्य चौधरी**

यूनाइटेड क्लब में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सम्मानित सभा को संबोधित करते हुए, चाणक्य चौधरी ने कहा कि जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार और बाइक रैली जैसे सिग्नेचर कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और उन्हें बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल है जो टाटा स्टील के कर्पोरेट दर्शन के साथ जुड़ाहुआ हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल दुर्लभ और सुंदर गाड़ियों को प्रदर्शित करता है, बल्कि इतिहास और संस्कृति का जश्न मनाने का एक प्रमाण भी है।

रैली यूनाइटेड क्लब में सम्मानित अतिथियों, टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाईस प्रेसिडेंट, चाणक्य चौधरी, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट्स के वाईसप्रेसिडेंट, अवनीश गुप्ता, टाटा स्टील के आयरन मेकिंग के वाईस प्रेसिडेंट उत्तम सिंह, प्रोबाल घोष, वाईस प्रेसिडेंट, शेयर्ड सर्विसेज, टाटा स्टील, निरूप महंती, रूपा महंतीऔर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हुई।

सर्वश्रेष्ठ कार श्रेणी में ओवरऑल चैंपियन सौरव रॉय की मर्करी 8 थी, जबकि सर्वश्रेष्ठ बाइक श्रेणी में ओवरअल चौंपियन हरमीत सिंह भामरा थे, जिनके पास ट्रायम्फ3 एचडब्लु है।

कार्यक्रम के निर्णायक पृथ्वी नाथ टैगोर, नितिन श्रेष्ठ, सैकत दत्ता और हरजीत सिंह धंजल थे। इस साल भी, जमशेदपुर के सुपर बाइकर क्लब ने हार्ले डेविडसन, बीएमडब्ल्यू, डुकाटी और ट्रायम्फ सहित 16 बाइक प्रदर्शित करते हुए कार्यक्रम में भाग लिया। बाइकर्समें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

# बाबा गाडगे को भारत रत्न देने की मांग

- संत गाडगे जागृति मंच ने निकाली विशाल शोभायात्रा, संत समागम में उमड़ी भारी भीड़
- जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही कठिनाई को जल्द दूर करने की उठी मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं और माइकल जॉन सभागार में संत गाडगे संत समागम का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता। साथ में शारदा देवी।

**जमशेदपुर।** संत गाडके जागृति मंच की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिष्टुपुर में रविवार को विशाल शोभायात्रा सह संत समागम किया गया। यह शोभायात्रा बिष्टुपुर के गोपाल मैदान से निकलकर माइकल जान अडिटोरियम तक पहुंची।

इसमें हजारों लोग शामिल हुए. इस विशाल शोभा यात्रा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति और स्वच्छता अपनाने के साथ छुआ-छूत के भेदभाव से दूर रहने का संदेश दिया गया। उसके बाद बिष्टुपुर के माइकल जन अडिटोरियम में संकल्प महा सभा का भी आयोजन किया गया। संकल्प महासभा में बाबा संत गाडगे को स्वच्छता के जनक रूप में भारत रत्न देने हेतु मांग को तेज करने, जाति प्रमाण पत्र के लिए संघर्ष, बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, संत गाडगे की मूर्ति का स्थापना, अभाव ग्रस्त बच्चो को शिक्षा के कोष संग्रह प्रणाली के निर्माण किया जाना, सामूहिक एवम दहेज मुक्त बिबाह का आयोजन किया जाना, संबंधी प्रस्ताव क्रमश आर पी राही, श्री मती उषा देवी, विमल रजक, गोपाल रजक, कविचंद रजक, द्वारा प्रस्तुत किया गया एवम महासभा में पारित किया गया। महासभा स्वागत अभिभाषण में उपेंद्र रजक, और वार्षिक लेखा जोखा संस्था के महासचिव श्री भोला रजक ने प्रस्तुत करते हुए संगठन के कार्यक्रम को विस्तार करने पर बल दिया।

संकल्प महासभा में झारखंड के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया था कतिपय कारणों वो नही आ सके। महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित हुए उन्होंने कहा वो सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष रत रहे है, वो स्वयं पिछड़े समाज से आते है इसलिए वो वंचित समाज की पीड़ा को समझते है, और उसके दर्द को अनुभब भी करते है। संतगागे जागृति मंच के द्वारा प्राप्त मुख्यमंत्री को संबोधित जाति प्रमाण के प्राप्त ज्ञापन को सरकार तक पहुंचा कर उसका हल ढूढ़ेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व राजद की वरिष्ठ नेत्री शारदा देवी ने कहा कि हमारा समाज विकसित हो रहा है।

## टाटा में भाजमो का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 10 मार्च को: सरयू राय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार को कहा कि अब भाजमो को चुनावी मोड में आना पड़ेगा। 10 मार्च को जमशेदपुर में जो प्रदेश स्तरीय सम्मेलन होना है, उसमें हम लोग लोकसभा और विधानसभा में चुनाव लड़ना है अथवा नहीं इस संदर्भ में ज्यादा गंभीरता पूर्वक चर्चा करेंगे। श्री राय बारीडीह स्थित कार्यालय में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि बीते 4 साल में उन्होंने विधानसभा में कितने सवाल पूछे, कितनों का जवाब मिला जवाब आधे अधूरे थे या पूर्ण थे इन सब की जानकारी भाजमो देगा।

## 17 करोड़ से होगा अनुमंडल अस्पताल का पुनर्निर्माण

- ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने किया भूमिपूजन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



शिलान्यास करतीं विधायक सबिता महतो।

**चांडिल।** चांडिल के गांगुडीह स्थित चांडिल अनुमंडल अस्पताल भवन के पुनर्निर्माण कार्य का ईंचागढ़ के विधायक श्रीमती सविता महतो ने विधिवत रुप से शिलापट्ट अनावरण एवं नारियल फोड़कर भुमिपुजन किया। इस दौरान विधायक ने कहा अस्पताल भवन का पुनर्निर्माण कार्य 17 करोड़ रुपये कि लागत से किया जायेगा।

विधायक ने कहा मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो के कार्यकाल के दौरान अनुमंडल अस्पताल का निर्माण शुरू हुआ था, जो अधुरा पड़ा था जिसे पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा चुनाव से पूर्व जनता से किए गए वादे को अब धीरे धीरे पूरा किया जा रहा है। विधायक ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को धन्यवाद दिया। कहा अनुमंडल अस्पताल का निर्माण हो जाने से पूरे अनुमंडल क्षेत्र का लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान विधायक ने भवन के पुनर्निर्माण करने वाले संवेदक को भवन का निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# पीएम मोदी आज टाटानगर को देंगे विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात

- हाईटेक व आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा टाटानगर रेलवे स्टेशन
- ऑनलाइन शिलान्यास समारोह का टाटानगर स्टेशन पर भी आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



टाटानगर स्टेशन पर लाइव प्रसारण सह सभा की तैयारी का दृश्य।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 18 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। करीब 600 करोड़ रुपये से इन स्टेशनों का पुनर्विकास किया जायेगा। जिनमें टाटानगर, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सिनी, चाईबासा, डांगीपोसी, बढ़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ केंट, गोविंदपुर रोड, औरमा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवे और नामकुम स्टेशन शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य में 44 रोड ओवरब्रिज अंडरपास भी बनाये जायेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने जा रहे शिलान्यास को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। जमशेदपुर में भी टाटानगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही बारीगोड़ा (एलसी 138) और गोविंदपुर (एलसी 137) का आरओबी का निर्माण होगा।

## ऐसे ही महंगाई-बेरोजगारी बढ़ती रहेगी तो लोग आखिर कैसे जिंदा रहेंगे: कांग्रेस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के दिशा-निर्देश पर टाटानगर मंडल कांग्रेस ने नुक्कड़ सभा टाटानगर स्टेशन चौक में मंडल अध्यक्ष मुन्ना मिश्र की अध्यक्षता में की। नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि चौक चौराहे हाट बाजार में कांग्रेस पार्टी नुक्कड़ सभा से बहुत सारी बातें रखने आयी है। मोदी सरकार जब से आयी है, तब से महंगाई का बोझ आम जन पर डाल रही है। अनाज, तेल, मशाला, दूध, आलू, प्याज तक गांव के आम नागरिक के रसोई पर भारी पड़ रही है। केंद्र सरकार के कारण क्रय शक्ति कमजोर हो गयी है। सेना बहाली को चार साल का करके नौजवानों के भविष्य को अंधकार और बर्बाद कर दिया। व्यापारी वर्ग का व्यवसाय त्राहि माम कर रहा है।

# भगवान श्रीराम के जन्म से हुआ असुरों-पापियों का नाश : गौरांगी गौरी

- श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव के प्रसंग से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु
- भक्तों ने लगाये जय श्री राम के जयकारे, कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु और कथा सुनातीं सुश्री गौरांगी गौरी (इनसेट)।

**जमशेदपुर।** सिद्गोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा सपत्नीक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह रविंद्र नारायण जी, मृत्यंजय जी, सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, सचिव शशिकांत सिंह एवं अन्य ने व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने श्रीराम कथा के तीसरे दिन भगवान श्री राम के जन्म की कथा का वर्णन किया। राम के जन्म होते ही पूरे कथा पंडाल में श्रीराम के जयकारों की जयघोष रही। इस दौरान प्रभु श्रीराम लला की सुंदर पालकी सजायी गयी थी।

■ कथा मर्मज्ञ पंडित गौरांगी गौरी जी ने बताया कि किस तरह से महाराज दशरथ के यहां महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र योग का संयोग बना। भगवान राम के जन्म के बाद अयोध्या में हर तरफ खुशियां मनाई गई हैं। भगवान श्रीराम के जन्म पर राजा दशरथ संपूर्ण नगर में बधाइयों का वितरण कर मिठाई बंटवाते हैं। नगर में हर घर में बधाई गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर पूरा पंडाल भय प्रकट पाला, दीनदयालाल के महाआरती से गुंजायमान हो गया।

■ कथा को आगे बढ़ाते हुए मर्मज्ञ पंडित गौरांगी गौरी जी ने बताया कि समय बीता अवध नरेश का आंगन बालसुलभ किलकारियों से गूंजने लगा। जिस भगवान की गोद में ब्रह्माण्ड खेलता है, वह भगवान बालरूप में माता कौशल्या की गोद में खेलते हैं। जिनकी गोद में दुनियां हंसती रोती है, वह माता कौशल्या की गोद में कभी रोते हैं, तो कभी हंसते हैं। इस दौरान पांडाल में उपस्थित श्रोताओं ने भक्ति भाव से भगवान की कथा का रसपान किया। प्रभु श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। राम के जन्म होते ही पुष्प वर्षा होने लगी और मिठाई, टॉफी का वितरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

**गम्हरिया।** भाजपा गम्हरिया प्रखंड पश्चिमी ने गांजिया बराज के समीप लाभार्थी कार्यशाला की। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विमल साव ने की। मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश माहली ने कहा कि भाजपा झारखंड के आदिवासी- मूलवासियों का हितैषी है, लेकिन झामुमो लोगों के बीच पार्टी को बाहरी बताकर दुष्प्रचार कर रहा है।

### इग्नू की समन्वयक बैठक रांची में संपन्न

**जमशेदपुर।** रविवार को इग्नू क्षेत्रीय केंद्र रांची (एलएससी - 31051)में समन्वयक बैठक हुई। 9:45 पूर्वाह्न से 10:00 पूर्वाह्न तक पंजीकरण की गयी। 10 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्जवलन आरडी डऱसमोहंती, डिप्टी रजिस्ट्रार, जेप्रीओझा जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के इग्नू समन्वयक डा त्रिपुरा झा ने उद्घाटन किया।

### नीलांचल वर्कर्स यूनियन की वार्षिक आम सभा हुई

**जमशेदपुर।** कांड्रा रायपुर फुटबॉल मैदान में रविवार को नीलांचल वर्कर्स यूनियन की द्वितीय वर्ष 2022-23 वार्षिक आम सभा यूनियन के उपाध्यक्ष राजा टुडू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें यूनियन के सदस्य और कामगार काफी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान उपाध्यक्ष राजा टुडू ने विस्तार से 1 वर्ष का लेखा जोखा कामगारों के बीच प्रस्तुत किया।

### झामुमो ने गोलमुरी में निकाली न्याय यात्रा

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर नगर समिति नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहार की अध्यक्षता में रविवार को टूइलाडूंगरी पार्टी कार्यालय से निकलकर टूइलाडूंगरी बस्ती होते हुए गोलमुरी मुस्लिम बस्ती होते हुए गोलमुरी मस्जिद के सामने मे झारखंड न्याय यात्रा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप से झामुमो प्रमोद लाल राजू गिरी राज लकड़ा कमलजीत कौर गिल अमृतलाल श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### खतियानी जनसभा में उमड़ा जन सैलाब

**जमशेदपुर।** गत 24फरवरी 2024 शनिवार को पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत अंतर्गत लायाडीह हाट मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित खतियानी जनसभा में क्षेत्र के महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग, मजदूर, किसान, छात्र, युवा, बुद्धिजीवियों ने सभा में उपस्थित हो कर आदिवासी मूलवासी एकता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता कोल्हान बेबी महतो उपस्थित थीं। सभा का संचालन फनी भूषण महतो ने किया। बेबी महतो एवं पूर्वी सिंहभूम जिला संजोजक मंडली के सदस्यों ने बारी-बारी से सभा को संबोधित करते हुए जेबीकेएसएस जयराम महतो के विचारों को जनता के समक्ष रखा। इस दौरान सभी वक्ताओं ने राज्य तथा केंद्र सरकार की भ्रष्ट नीतियों से जानता को अवगत कराया कि तमाम राजनीतिक पार्टियों द्वारा किस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से झारखंड को लूटा जा रहा है, किस प्रकार इनके हक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। राज्य के लोगों के हक अधिकारों की बात दृढ़ता के साथ सदन में प्रस्तुत करेंगे ये जेबीकेएसएस का वादा है, इरादा है की झाड़खण्ड में खतियान आधारित स्थानीय, नियोजन, विस्थापन, उद्योग, खनन आदि लागू करना है। जनता का मूलभूत अधिकारों सीएन. टी एक्ट, पैसा कानून, जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति को सुरक्षित करना मुख्य उद्देश्य है।

### जेएफसी हिलटप टीम का ब्लू क्यूब लीग में दबदबा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के हलचल भरे शहर में युवा फुटबल प्रेमी स्थानीय खेल परिदृश्य में क्रांति लाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही जेएफसी हिलटप स्कूल टीम है ने महवपूर्ण भूमिका निभायी है। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित जमशेदपुर एफसी ब्लू क्यूब लीग 2024 के चौथे सप्ताह में जेएफसी हिलटॉप 12 टीमों के बीच यू-5 श्रेणी में शीर्ष स्थान पर है।

## एक नजर में

### जोनल लेवल स्पोर्ट्स मीट में कोल्हान को 8 ट्रॉफी



**जमशेदपुर।** डिपार्टमेंट जोनल लेवल स्पोर्ट्स मीट 2024 रांची में प्रथम जोनल स्तरीय विभाग खेल प्रतियोगिता तारीख 22 से 24 फरवरी 2024 तक रांची में हुआ। कुल 12 गेम में 8 गेम की ट्रफी कोल्हान को मिली जिसके चलते ओवरअल विजेता कोल्हान जोनल हुई और सर्वश्रेष्ठ टीम और जोन ट्राफी कोल्हान को दिया गया। खेल मंत्री झारखंड सरकार के हाथ से (फुटबल पुरुष विजेता, फुटबॉल महिला विजेता, खो-खो पुरुष उपविजेता शील्ड, वॉलीबल पुरुष उपविजेता, 4 गुणा 100 मीटर दौड़ पुरुष और महिला विजेता स्वर्ण पदक, 400 मीटर दौड़ स्वर्ण पदक, 100 मीटर दौड़ पुरुष और महिला स्वर्ण पदक , शर्ट पुट महिला धावक वगैरह पदक और ट्रफी मिला।

### सूर्यकांत त्रिपाठी निराला कट्टर राष्ट्रवादी और सनातनी धार्मिक व्यक्ति थे : प्रसेनजीत तिवारी



**जमशेदपुर।** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक 'काव्य कलश' सह हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक माने जाने वाले कट्टर राष्ट्रवादी एवं धार्मिक कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी तथा संचालन, समिति की उपाध्यक्ष डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' ने किया। मौके पर स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव श्री प्रसेनजित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के वसंत जमशेदपुरी ने किया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में रीना सिन्हा के सरस्वती वंदना के बाद सुरेश चंद्र झा ने साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक जीवन परिचय प्रस्तुत किया। अपने स्वागत वक्तव्य में प्रसेनजीत तिवारी ने महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कट्टर राष्ट्रवादी एवं सनातनी धार्मिक व्यक्ति बताया। कार्यक्रम के अगले में 'काव्य कलश' के अन्तर्गत उपस्थित शहर के नामचीन कवियों ने स्वरचित काव्य पाठ किया। जिनमें माधवी उपाध्यय, बिन्दु सिंह, हरिहर राय चौहान, पूनम महानन्द, डॉ उदय प्रताप 'हयात', यमुना तिवारी 'व्यथित, माधुरी मिश्रा, सविता सिंह 'मीरा', शीतल प्र. दुबे, जितेश तिवारी, शिव नन्दन सिंह, लक्ष्मी सिंह 'रुबी, निवेदिता श्रीवास्तव 'गार्गी', रीना सिन्हा, वीणा पाण्डेय 'भारती', बलबिन्दर सिंह, वसंत जमशेदपुरी, भंजदेव देवेन्द्र कुमार 'व्यथित', चंदा कुमारी, कवलेश्वर पाण्डेय, शकुन्तला शर्मा, विमल किशोर विमल, संजय पाठक 'स्नेही', कुमार मनीष प्रमुख रहे। जबकि साहित्य समिति के सचिव डॉ अजय कुमार ओझा की उपस्थिति सराहनीय रही।

### 12वां विद्या दायिनी पूजा अवार्ड का पुरस्कार बंटा



**जमशेदपुर।** झारखंड उदय न्यूज व ब्रंच इटेलियानो सेंट्रल पार्क के संयुक्त तत्वावधान में 12वां विद्या विद्यादायिनी पूजा अवार्ड का पुरस्कार वितरण समारोह होटल के के रेजिडेंसी फुलडूंगरी घाटशिला में हुआ। मौके पर आईसीसी के उप महाप्रबंधक कारखाना श्रवण झा, महेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड राजीव शोम, सृष्टि महिला विकास समिति की प्रदेश प्रभारी रानी गुप्ता, पावड़ा मुखिया पार्वती मुर्मू, शिक्षाविद प्रो मित्रेश्वर ब्रंच इटेलिनो सेंट्रल पार्क के प्रमुख विप्लव कुमार बतौर अतिथि उपस्थित थे। शिक्षाविद प्रो मितेश्वर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक विकास को न केवल बढ़ावा मिलता है बल्कि हम देवी सरस्वती की आराधना और उत्कृष्ट स्तर पर कर पाते हैं। मौके पर आईसीसी के उपमहाद प्रबंधक श्रवण कुमार झा ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों से इस कार्यक्रम का हिस्सा बनते रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता को शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। वहीं महेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड राजीव सम सृष्टि महिला विकास समिति की प्रदेश प्रभारी रानी गुप्ता पावड़ा के मुखिया पार्वती मुर्मू आईसीसी वर्कर सीमेंट के अध्यक्ष बीएन सिंह देव ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

### भाजपा उलीडीह ने लाभार्थी संपर्क के लिए की बैठक



**जमशेदपुर।** भाजपा उलीडीह मंडल कार्यालय में रविवार को लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित्त एक बैठक हुई, जिसमें मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह भी थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान ने की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक प्रमोद मालाकार एवं सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रम को धरातल पर उतारने के विषय में बताया एवं लाभार्थी संपर्क के लिए शक्ति केंद्र के आधार पर टोलियां गठित की। संचालन भाजयुमो अध्यक्ष राहुल कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल के महामंत्री राकेश सिंह लोधी ने किया। कार्यक्रम में बच्चू मुखर्जी, संजय सिंह, गणेश दास, मुन्ना सिंह चौहान बिरेन प्रसाद, राजेश गुप्ता थे।

## सत्य की जीत

चंडीगढ़ महापौर के मामले में दिया गया शीर्ष अदालत का फैसला भ्रष्ट राजनेताओं के लिये सबक ही नहीं, मार्गदर्शक नजीर भी साबित होगी। आप अब भाजपा के आगामी लोकसभा चुनाव में जीत के दावों को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, चंडीगढ़ मेयर पद पर आप व कांग्रेस के साझे प्रत्याशी की जीत को अब इंडिया गठबंधन की जीत के रूप में दशार्या जा रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले महापौर चुनाव में ऊंच-नीच हुई थी, लेकिन मामला इतनी चर्चा में नहीं आया। अब तो राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनाव को लेकर आप व कांग्रेस के तालमेल को लेकर नये सिरे से चर्चा होने लगी है। निस्संदेह, आप व कांग्रेस खेमे में इस फैसले को लेकर उत्साह है और अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों को न्यायसंगत ढंग से अपने वोट का इस्तेमाल करने का अधिकार होना चाहिए। वहीं लोकतंत्र में संख्याबल का सम्मान किया जाना चाहिए। मेयर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाने वाले पीठासीन अधिकारी को शीर्ष अदालत की लताड़ निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिये सबक साबित होगा। सवाल यह भी है कि पीठासीन अधिकारी ने यह कृत्य पार्टी के प्रति वफादारी जताने के लिए किया या फिर उस पर बाहरी दबाव था। निश्चित रूप से भाजपा नेतृत्व को भी हालिया घटनाक्रम से असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। उसकी छवि पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। निस्संदेह, किसी लोकतंत्र की विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया छल-बल के प्रभाव से मुक्त हो सके। हमारे तंत्र को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनादेश का सम्मान करते हुए कोई चयन प्रक्रिया संपन्न हो। बाहरी दबाव से निर्णय बदलना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा ही होगा।

## संदेशखाली का संदेश

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आपराधिक तत्वों का बोलबाला दशकों से जारी रहा है। पश्चिम बंगाल के उत्तर परगना जिले में स्थित संदेशखाली का है, जो आज राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। दरअसल, एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नये-नये खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिये कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। भाजपा की ओर से जहां महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में महिलाओं का शोषण करने वाले टीएमसी नेताओं को बचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से विपक्ष पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के आरोप लगाये जा रहे हैं। कालांतर बढ़ते विवाद के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि संदेशखाली का दौरा करके पीड़ितों से मिले भी हैं। निस्संदेह, इस विवाद के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी मुख्य अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई न होने पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। हालांकि, इस प्रकरण में अब तक डेढ़ दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बहरहाल, हिंसा और दबंगई के लिये मशहूर पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद लगातार विस्तार लेता प्रतीत हो रहा है। जहां तृणमूल कांग्रेस भाजपा को मामले को तूल देने के आरोप लगा रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। आरोप है कि भाजपा आम चुनाव के मद्देनजर ध्रुवीकरण के प्रयासों में लगी है। बाकायदा एक बीस मिनट का वीडियो भी जारी किया गया है जिसमें महिलाएं अपनी आपबीती सुना रही हैं।

# रूस और यूक्रेन युद्ध का तीसरे साल में प्रवेश





-मनोज शर्मा

सोवियत संघ टूट गया इसके बाद भी रूस की बार बार फजीहत होती रही। नाटो और अमेरिका ने उसे बार- बार धमकाया। सोवियत संघ के प्रभाव वाले पूर्वी यूरोपीय देशों में क्रांति हुयी रोमानिया में तानाशाह निकोलाइ चुसेस्कू की एक जनक्रांति के बाद गोली मार कर हत्या कर दी गयी। रूस की आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुकी थी।

**आखिरकार** रूस ने यूक्रेन अब तीसरे साल में प्रवेश कर गया है। जहां तक मीडिया का सवाल है विशेषकर एशिआई मीडिया वह चिल्लाता रह गया कि विश्व युद्ध होगा और इसके यह-यह परिणाम होने जा रहें हैं लेकिन युद्ध अपने सभी परिणाम को समेटे तीसरे साल में प्रवेश कर गया है। क्या आज का भारत भी इससे कुछ सीख सकता है?

नब्बे के दशक में सोवियत संघ का टूटना एक ऐतिहासिक घटना थी। तब हम भारतीय यह भी नहीं समझ पाये थे कि रूसी राष्ट्रपति गौर्बाचौफ नायक हैं या खलनायक गौर्बाच्यौफ से राजीव गांधी की बहुत घनिष्ठता थी। तब एक कार्टून प्रकाशित हुआ था जिसमें राजीव गांधी को गरीब सुदामा और गोर्बाच्यौफ को कृष्ण की दिखाया गया था।दरिद्र राजीव भारत महोत्सव की पोटली लिये अमीर गोर्बाच्यौफ से मिलने मास्को पहुंचे हुये हैं।

इसके बाद एकाएक सोवियत संघ टूट गया। यूक्रेन, बेलारूस, जार्जिया, सभी अलग होकर स्वतंत्र देश बन गये। जिस रूस की धमक ऐसी थी कि उसने मुजाहिदिनों वाले अफगानिस्तान में डॉ. नजीबुल्ला को राष्ट्रपति बना कर कम्युनिष्ट शासन की स्थापना कर रखी थी वह खुद एक झटके में कमजोरी निरीह सा दिखने लगा। रूस का टूटना कमजोर होना शीत युद्ध की समाप्ति मानी गयी। इसे अमेरिका और नाटो के विजय के तौर पर देखा गया।

सोवियत संघ टूट गया इसके बाद भी रूस की बार बार फजीहत होती रही। नाटो और अमेरिका ने उसे बार- बार धमकाया। सोवियत संघ के प्रभाव वाले पूर्वी यूरोपीय देशों में क्रांति हुयी रोमानिया में तानाशाह निकोलाइ चुसेस्कू की एक जनक्रांति के बाद गोली मार कर हत्या कर दी गयी। रूस की आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुकी थी। सोवियत संघ के टूटने के बाद बोरिस येल्तसीन राष्ट्रपति बने थे। वह पहले से ही गोर्बाच्यौफ के कट्टर विरोधी थे। येल्तसीन एक तुनकमिजाज और सनकी किस्म के व्यक्ति थे। वह शराब के नशे में अपने आर्मी बैंड को खुद निर्देशित करते हुये कई तरह की धुनें बजवाने लगते थे। रूस में लोगों को मुख्य भोजन ब्रेड तक पर आफत हो गयी थी। एकाएक आर्थिक स्थिति इतनी जर्जर होगयी थी कि वहां के राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को फटे जूते और ड्रेस में खेलना पड़ा। कभी रूस की हॉकी टीम मजबूत हुआ करती थी ओलंपिक तक में उन्होंने भारत को हराया था, सुल्तान अजलान शाह टूनार्मेंट जीता था लेकिन सोवियत संघ के टूटने के बाद रूस की स्थिति ऐसी हो गयी कि खिलाड़ियों को पहनने के लिये बूट और जर्सी तक नसीब नहीं थे।तब का एक दिलचस्प वाकया है कि उनकी हॉकी टीम भारत आयी तो भारतीय खिलाड़ियों से हॉकी स्टिक मांग कर ले गयी। सोवियत संघ से टूटने के बाद सबसे रूस के अलावा सबसे बड़े देश यूक्रेन ने परमाणु संयत्रों और सामनों के लिये छीना झपटी शुरू कर दी। कभी अमेरिका को चुनौती देने वाले येल्तसीन ने भारत को अमेरिका के डर से क्रायोजेनिक इंजन नहीं दिया। तब इस घटना से भारत में यही संदेश गया कि रूस अब एक दीन- हीन कमजोर देश बन चुका है। रूस को सुदंर वेश्या वाला देश कहा जाने लगा। येल्तसीन का स्वास्थ्य गिरने के साथ ही उनके उत्तराधिकारी पुतिन घोषित हुये और जब पुतिन रूस के राष्ट्रपति बने तब प्रांरभ में उन्हें भी कोई बहुत करिश्माई राष्ट्रपति नहीं माना गया। अपनी सत्त को निष्कंटक बनाने के लिये पुतिन ने बंद कमरे में रूस के बड़े माफिया और सफेदपोशों से मुलाकात की और देश के कई खुफिया बातों को उनसे शेयर किया, पर पुतिन केजीबी के लिये डेढ दशक तक जासूसी कर चुके थे और उनके दिमाग में कुछ और ही चल रहा था। तब से लेकर अब तक पुतिन ने चुपचाप रूस को कहां से लाकर कहां खड़ा कर दिया इसका किसी को भान तक नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि दो दशक कब पार हो गये और रूस की सामरिक शक्ति फिर से चुनौती देने लायक कब तैयार हो गयी इसका अहसास न अमेरिका को हुआ न नाटो वाले यूरोपीय देशों को। भारत का झुकाव भी कुछ समय के लिये अमेरिका के प्रति ज्यादा रहा। संभवतः भारत को रूस एक कमजोर मित्र नजर आ रहा था। जबकि इस दरम्यान पुतिन रूस की सत्ता में अपने आपको निरंकुशता से काबिज कर चुके हैं। उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से भी रूस में कोई चुनौती नहीं दे सकता। विरोधियों को शातिर तरीके से ठिकाने लगा दिया जाता है।

एकाएक रूस ने दो साल पहले ही अपनी शक्ति का अहसास कराया जब विश्व के सभी प्रमुख मुल्कों के राष्ट्रध्यक्ष आस्ट्रेलिया में किसी कार्यक्रम में एकत्र हुये जिसमें पुतिन भी थे तो चुपचाप एक रूसी सैन्रू पनडुब्बी पूरे आयुध के साथ आस्ट्रेलिया के समुद्र में चक्कर काटने लगा। बाद में जब अमेरिका समेत यूरोप के अन्य देशों ने इस पर आपत्ति जतायी तो रूसी नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमें कोई नहीं रोक सकता। हमारे राष्ट्रपति जहां रहेंगे हम उनकी सुरक्षा में वहां पहुंच जायेंगे। इस वाकये के बाद रूस ने अपने हाव भाव से पूरे विश्व को एक तरह से चुनौती पेश करनी शुरू कर दी। आज पुतिन किसी शातिर की तरह पेश आ रहे हैं। अजरबैजान और आर्मिनिया के युद्ध में रूस ने अपने स्वार्थ को सर्वोपरिरखा। सुरक्षा का वादा करने के बाद भी आर्मिनियाको अजरबैजान के हाथों पिटने दिया। बेलारूस में जनाक्रोश के बावजूद राष्ट्रपति लुकाशेंको को सत्ता में बनाये रखा।

ताजा यूक्रेन संकट से पहले भी पुतिन ने उससे क्रिमिया को छीन लिया है और अब नाटो और उसके नेतृत?वकर्ता अमेरिका को पुतिन उनकी औकात बता रहे हैं। एस 400 और एस500 जैसी एंटी मिसाइलें बना कर रूस अमेरिका और विश्व को डरा रहा है। पुतिन चीन से दोस्ती कर अमेरिकी खेमे को संकट में डाल चुके हैं। आज अमेरिका और नाटो सिर्फ तमाशाई है, ये सिर्फ तरह तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा सकते हैं जिससे पुतिन निबट लेंगे। पुतिन अपनी शर्तों पर जो चाहें सो कर सकते हैं। अफगानिस्तान में बिडेन की नीतियों से अमेरिका की जबरदस्त हार हुयी । अब पुतिन अमेरिका को खुली चैनौती दे रहें हैं। देखना है अब अमेरिका सहित नाटो देश क्या कर पाते है?

(लेखक रांची विवि के पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

### खास बात
## चंदे का धंधा

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने गुरुवार को दिये अपने महत्वपूर्ण फैसले में चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों के लिये चंदा मुहैया कराने वाले इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने का फैसला सुनाया है। लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षक के दायित्व को निभाते हुए कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि को गोपनीय रखने को सूचना के अधिकार कानून का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ इस बात से चिंतित थे कि यदि राजनीतिक दल इसी तरह कंपनियों से गुपचुप चंदा लेते रहे तो कालांतर दान देने वाले कारोबारियों की अनुचित लाभ जुटाने की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल सकता है। मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि चुनावी प्रक्रिया में काले धन पर काबू पाने के अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए, इलेक्टोरल बॉन्ड इसका अंतिम उपाय नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत के इस फैसले का लोकतंत्र संरक्षण से जुड़ी संस्थाएं स्वागत कर रही हैं और इस फैसले को ऐतिहासिक बता रही हैं। अदालत के फैसले की महत्वपूर्ण बात यह भी कि बैंकों को राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि की जानकारी देने के भी निर्देश दिए गये हैं। अदालत ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि वह चुनाव आयोग को चंदे से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराये। महत्वपूर्ण यह भी कि चुनाव आयोग इस ब्योरे को 31 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर आम लोगों के लिये जानकारी के लिये सार्वजनिक करेगा। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेच ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। बेंच में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पाडीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्र शामिल थे। राजनीतिक पंडित व कानूनी विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस फैसले से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी। जिसके भारतीय लोकतंत्र पर दीर्घकालीन सकारात्मक प्रभाव होंगे।

**आम** ग्रामीणों की लम्बे समय से यह माँग थी कि कनभिटठा में पुल का निर्माण हो. इसी के मद्देनजर आज मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत मांडर प्रखण्ड के ग्राम कनभिटठा में पुल निर्माण का आज मैंने शिलान्यास किया।

**– शिल्पा नेहा तिर्की, विधायक**

### रोचक X ट्वीट

अपने राजनैतिक कैरियर की शुरूआत से लेकर आज तक, मेरे जीवन में सरायकेला का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है।
इस माटी के लिए, यहां के नागरिकों के लिए, अपने इस परिवार के लिए कुछ भी कर पाना सौभाग्य की बात है।

**–चंपई सोरेन, सीमए**





आज देश के गांव-गांव में नमो ड्रोन दीदी की चर्चा है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर की सुनीता जी इस बात की मिसाल हैं कि कैसे ये नमो ड्रोन दीदियां, देश में कृषि को आधुनिक बनाने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन रही हैं।

**–नरेन्द्र मोदी**

## मेघनाथ का क्रोध

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**अहिरावण** की वध के बाद रावण ने मेघनाथ से बातचीत की। मेघनाथ ने कहा पिताजी निश्चित रहिये मैं युद्ध जीतूंगा और युद्धभूमि में जा रहा हूं। मेघनाथ ने सोचा कि दुश्मन जरूर शक्तिशाली होगा। कुम्भकर्ण का वध हो गया। अहिरावण अनेक सिद्धियों को जानने वाला था उसका वध हो गया। अतः मुझे अब विशेष तैयारी करनी चाहिए। ऐसा सोचकर वह दुर्गा की सिद्धि के लिये यज्ञ करने लगा। वह एक एकांत स्थान पर गया जहां वह यज्ञ करता था। जिसकी आहुति में मांस और रुधिर दिया जाता था एवं अपरा जगत की सिद्धियों को सिद्ध किया जाता था एवं अपरा जगत की सिद्धियों को सिद्ध किया जाता था वह उन सिद्धियों में लग गया। यह खबर विभीषण जी ने राम को दे दी। उन्होंने कहा प्रभु मेघनाथ बलवान है और अनेक सिद्धियोंका जानकार है। अगर वहजो वर्तमान में यज्ञ कर रहा है उसको करने में सफल हो गया तो उसका मारना अत्यंत कठिन हो जायेगा। इसके लिए एक ही उपाय है कि जैसे भी हो इस यज्ञ को विध्वंस कर दिया जाये। इतना सुनते ही हनुमान जी वानर भालू के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंच गये। उन लोगों ने उसके यज्ञ की आग बुझा दी और उसके घड़ों को फोड़ दिया। उसे गलत संवोधन करने लगे। फिर भी वह अपनी जगह से हिला नहीं। वह नहीं चाहता था कि उसका यज्ञ विध्वंस हो। तब उनलोगों ने उसका केश पकड़कर खींचा और पैर से ठोकर मारी तो मेघनाथ क्रोधित हो उठा।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### अपराध और राजनीति

**संदेशखाली** का संदेश संपादकीय लेख में स्पष्ट बताया गया है कि अपराधी कितना ही शातिर हो उसे किसी भी तरह से संरक्षण नहीं मिलना चाहिए अन्यथा उसके हौसले और बुलंद होते हैं। राजनीतिक संरक्षण तो कतई नहीं मिलना चाहिए। विशेषकर जहां महिला ही मुख्यमंत्री हो तब तो ऐसी स्थिति अमानवीयता की हदों को पार कर समाज एवं देश के लिए शर्मनाक है। **– रवि, हजारीबाग**

#### आंदोलन का असर

**किसान** आंदोलन का समय गलत था लेकिन उनकी मांग गलत थी। सब्जियां न केवल महंगी होती जा रही हैं बल्कि मंडियों में सब्जियां की भारी कमी देखी गई है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा अन्यथा यह समस्या विकराल रूप धारण करेगी। इतना ही नहीं नगदी फसल उगाने वाला किसान भी परेशान होगा। सरकार को इसपर गंभीरता से आना होगा। **– सुधीर, रांची**

# क्या पूरे देश में लागू होगी समान नागरिक संहिता

### सामयिक

**सत्यनारायण गुप्ता**

**समान** नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी )विधेयक 7 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा से पारित हो गया । जिसमें कुछ अपवादों को छोड़कर सभी धर्म- संप्रदाय के को मानने वाले लोगों के लिए एक समान विवाह, तलाक, उत्तराधिकार एवं लिविंग रिलेशनशिप संबंधी प्रावधान शामिल किए गये हैं। स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। गोवा में भी समान नागरिक संहिता लागू है लेकिन यह क स्वतंत्रता के पूर्व से लागू है ? पुर्तगाली शासन से स्वतंत्रता के बाद गोवा ने अपने यहां समान नागरिक संहिता कानून को बनाए रखा है

ऐसा माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी पारित होने के उपरांत अखिल भारतीय स्तर पर इसे लागू करने हेतु कानून लाने की तैयारी है। देश में सभी धर्म, पंथ व संप्रदायों के लिए एक समान अपराधिक कानून हैं, जो सभी को स्वीकार्य हैं। लेकिन एक समान नागरिक संहिता की चर्चा शुरू होते ही विवाद शुरू हो जाता है। संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार तथा 29 एवं 30 में नागरिकों को सांस्कृतिक तथा शिक्षा का अधिकार दिया गया है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य की नीति निदेशक तत्व का अंग है ।अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि₹ राज्य , भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त करने का प्रयास करेगा।₹ निदेशक तत्व कानूनी रूप से बाध्यकारी तो नहीं होते लेकिन नीति निर्माण में राज्य के मार्गदर्शक होते हैं।

भारत विविध धर्म, संस्कृतियों और परंपराओं का देश है प्रत्येक समुदाय के अपने व्यक्तिगत कानूनी रीति रिवाज हैं, जो उनके नागरिक मामलों को नियंत्रित करते हैं । यह कानून और प्रथाएं विभिन्न क्षेत्रों संप्रदाय और समूह में व्यापक रूप से अलग-अलग हैं। देश में न केवल मुस्लिम बल्कि हिंदू ,जैन ,बौद्ध ,सिख पारसी और यहूदियों के भी अपने पर्सनल लॉ हैं । एक स्पेशल मैरिज एक्ट भी है। नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करने ,राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को दूर करके लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और उन्हें समान अधिकार और दर्जा प्रदान करने और अनेक कुप्रथाओं का अंत करने के लिए आवश्यक है। समाज सुधारकों के दबाव में अंग्रेजी सरकार ने सती प्रथा का अंत, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और विवाह का उम्र तय करने जैसे कानून बनाए थे। लेकिन यह सुधार हिंदू रीति रिवाज के संबंध में ही हुए। संभवतः उग्र विरोध की आशंका या फिर फूट डालो या और शासन करो की नीति के तहत अंग्रेजों ने मुस्लिम समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के अंत के लिए कोई कदम नहीं उठाया न उनके निजी मामलों में दखल दी। आजादी के बाद भी हिंदू कोड बिल पारित हुआ और हिंदुओं के अनेक प्रतिगामी कुप्रथाओं पर रोक लगी। लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ अभी भी शरिया से दिशा निर्देशित होती है और उसमें सरकारी सुधार की बात करना अल्पसंख्यकों के निजी मामले में छेड़छाड़ करार दिया जाता है। 1995 में सरला मुद्गल बना भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक हिंदू पति अपनी पहली शादी को समाप्त किए बिना इस्लाम धर्म अपनाकर दूसरी महिला से विवाह नहीं कर सकता ।1917 में सर्वोच्च न्यायालय ने तीन तलाक की प्रथा को असंवैधानिक और मुस्लिम महिलाओं की गरिमा एवं समानता का उल्लंघन करार दिया तथा कहा कि संसद को मुस्लिम विवाह और तलाक को भी नियमित करने के लिए कानून का निर्माण करना चाहिए।

# आप मानसिक अवसाद से निकलना भी जानें

### स्वास्थ्य



**प्रशांत झा**

**क्या** आप पिछले कुछ समय से ऐसे किन्हीं कारणों से डिप्रेशन में हैं, जिनका आप को कुछ पता ही नहीं है? क्या आप का कोई प्रियजन डिप्रेशन में है और आप उसकी कोई मदद नहीं कर पा रहे?

मैं ये जो कुछ कह रहा हूं वह इसलिये नहीं है कि मुझे आप के बारे में कोई चिंता नहीं है या मैं संवेदनहीन हूं लेकिन इसलिये कि आपको जो हो रहा है, उसका स्वभाव, उसकी प्रकृति यही है। अगर आप खुद को डिप्रेशन की स्थिति में ला रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप पर्याप्त मात्रा में तीव्र भावनायें और विचार अपने मन में पैदाकर रहे हैं, लेकिन गलत दिशा में। अगर किसी विशेष बात के लिये आप की भावनायें बहुत प्रबल नहीं हैं या आप के विचार अत्यन्त तीव्र नहीं हैं तो आप का मन निराशनहीं हो सकता, आप डिप्रेशन में नहीं हो सकते। बात बस ये है कि आपऐसे विचार और भावनायें पैदा कर रहे हैं जो आप के खिलाफ काम कर रही है, आप के लिये नहीं। तो अपने आपको डिप्रेशन की स्थिति में लाने के लिए आप पर्याप्त रूप से समर्थ हैं। ज्यादातर डिप्रेशन खुद अपने ही बनाये हुए होते हैं। बहुत कम ही लोग वास्तव मेंकिसीरोग के कारण डिप्रेशन में होते हैं। वे कुछ नहीं कर सकते, उनका डिप्रेशन अंदर से, किसी आनुवांशिक कमजोरी या ऐसे ही किसी अन्य कारण से होता है। बाकी लगभग सभी लोगों को पागल किया जा सकता है क्योंकि स्थिर मानसिकता और पागलपन की सीमारेखा में अंतर बहुत ही पतला, महीन होती है। लोग इसे लगातार धक्का मारते रहते हैं, इसे पार करने में लगे रहते हैं। जब आप गुस्सा होते हैं तब आप इस बीच के अंतर को कम करदेतेहैं। वास्तव में आप जानते भी हैं कि आप इस रेखा को पार कर रहे हैं, अंतर को कम कर रहे हैं। इसीलिये कई बार लोग ऐसा कहते हैं, मैं आज उस पर (गुस्से से) पागल हो गया था। कृपया देखिये, आप किसी पर पागल नहीं होते, आप बस पागलपन की ओर जा रहे होते हैं। आप 'किसी पर पागल' नहीं हो सकते। आप बस स्थिर मानसिकता की सीमारेखा को कुछ समय के लिये लांघते हैं, पागलपन की अवस्था तक पहुँचते हैं और फिर वापस आ जाते हैं।

आप इसे रोज क्यों नहीं आजमाते? हर दिन 10 मिनट, किसी पर जबरदस्त, तीव्र गुस्सा करके देखें! आप देखेंगे कि 3 महीनों में आप, डिप्रेशन के रोगी हो जायेंगे। हां, क्यों नहीं? अगर आप चाहते हैं तो ऐसा कीजिये, कोशिश कीजिये! क्योंकि अगर आप उस सीमा रेखा को पार करते रहेंगे, अगर आप रोज पागलपन करते रहेंगे तो एक दिन आप बिलकुल वापस नहीं आ पायेंगे। तब आप को चिकित्सकीय रूप से बीमार घोषित कर दिया जायेगा। आप को यह समझना चाहिये कि अगर एक पलके लिये भी आप बीमार होते हैं तो आप बीमार ही हैं। शायद आप को ऐसी कोई मेडिकल रिपोर्ट न दी गई हो कि आप बीमार हैं आप को क्या लगता है, आपको इस तरह आक्रोश प्रकट करने का अधिकार है? आप को क्या लोगों पर इस तरह गुस्सा होने का अधिकार है? जिससे लोगों का ध्यान आप की तरफ रहेगा? अगर आप ऐसा ही करते रहे तो एक दिन ऐसा आयेगा कि आप वापस नहीं आ सकेंगे।

**(ब्रदर्स एकेडमी रांची)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दक्षिणेश्वर काली मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** पूर्णिमा के अवसर पर रांची रोड स्थित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर में शनिवार शाम भंडारा हुआ। श्रद्धालुओं ने आरती एवं विशेष पूजन के बाद खीर का महाप्रसाद ग्रहण किया। झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन से भक्ति की भावना का प्रसार होता है और क्षेत्र में खुशहाली आती है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार साहू तथा संध्या शर्मा ने बताया कि प्रत्येक माह की पूर्णिमा के मौके पर मंदिर प्रांगण में महाभोग तथा भंडारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेकर पुण्य के भागी बनते हैं। भंडारा में आसपास के सैकड़ों महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

### परवरिश एजुकेयर में कई प्रतियोगिता




**कुजू।** खेल सैनिकों की थीम के तहत परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू ने रविवार को ओपन हाउस ड्राइंग एंड स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा ने किया। विद्यालय के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि ओपन हाउस ड्राइंग और स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में छात्रों के उत्साह को देखकर हम रोमांचित हैं। प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम ने छात्रों के लिए न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बल्कि सीखने, बढ़ने और स्थायी दोस्ती बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। एथलीटों ने रिले दौड़, और विभिन्न खेल विषयों में अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर संगीता, नंदिनी, आकांक्षा, प्रियंका, अर्चना, शांति, रणजीत सिंह और अन्य शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि जेएसपीएल की महत्वाकांक्षी योजना मिशन जीरो हंगर के तहत गरीबों को भोजन कराया गया है। उन्होंने कहा की नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा से बड़ा पूण्य का कार्य और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, दिलीप गंझू, वीरेंद्र पांडेय, लालू उरांव, उदयभान दुबे संजू सिन्हा आदि का योगदान रहा।

### शिव मंदिर के जीर्णोद्धार को ले बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर शिव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर शनिवार की शाम मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नरेश अग्रवाल व संचालन उमेश राजगढ़िया ने किया। बैठक में विस्तार से मंदिर निर्माण से पहले स्थापित शिवलिंग सहित सभी देवी-देवताओं के प्रतिमा को यथा स्थान और खंडित मूर्ति को प्रवाहित करने के लिये आचार्य अशोक मिश्रा के निदेर्शानुसार कार्य करने का निर्णय लिया गया। मंदिर के ट्रस्टी बनने के लिए एक लाख रुपए और आजीवन सदस्य के लिए 51 हजार रूपए सहयोग राशि देने पर सहमति बनी। अगली बैठक 3 मार्च को शाम 7 बजे पटेलनगर भुरकुंडा में होगी। मौके पर अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, सचिव विमल राय, संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया, विजय बंसल, विनोद शर्मा, उत्तम सिन्हा सहित सक्रिय सदस्य गौतम मुखर्जी, नरेश त्रेहन, बबलू गोहिल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भदानीनगर मंडल के भाजपाईयों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुन काफी प्रेरित हुए। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में लपंगा पंचायत के बूथ संख्या 416 में कार्यकताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी के मन की बात सुन देश, राज्य व समाजहित की बेहतरी में कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर अनूप ठाकुर ने कहा की भाजपा के नीति-सिद्धांतो को जन-जन तक पहुंचाते हुए पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तहत दर्जनों विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहा है। श्री ठाकुर ने कार्यकताओं से संगठन में अधिक से अधिक नवयुवकों को जोड़कर भाजपा को और मजबुत बनाने की बात कही। पीएम मोदी के मन की बात सुनने वालों में अनिल बेदिया, बीफा करमाली, राहुल, चंदन, रंजीत प्रसाद, रवि राम, अजय, सूरज करमाली, बंटी ओझा, प्रिंस, भोला राम, सत्येंद्र यादव, रोशन कुमार, विशाल सिंह आदि शामिल थे।

### जोनिहियां जंगल मे मिला महिला का शव

**दारू।** जोनिहियाँ जंगल मे रविवार को एक महिला का शव मिला। मृत महिला इचाक थाना क्षेत्र के जमुवारी निवासी आनंद गिरी की पत्नी मनिता देवी उम्र 34 वर्ष का था। इसकी सूचना पाते ही प्रशिक्षु डीएसपी सह दारू थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची ।जहां पंचनामा ने बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि परिजनों ने बताया कि महिला शनिवार से ही घर से गायब थी। शव को देखकर लगता है कि रात भर जंगल मे रहने से इसकी मौत ठंड लगने से हुई होगी ।

## हजारीबाग में जमीन पर माफिया कर रहें हैं महिला गैंग का इस्तेमाल

# कभी भी हो सकती है खूनी जंग

**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** जिले में जमीन माफियाओं का राज है। हालात ये है इनलोगों की वक्र दृष्टि जिस भी जमीन पर पड़ी समझ लो उस जमीन के मालिक के दुर्दिन शुरू हो गये। खासकर गरीब और कमजोर तब्के के लोगों की जमीन पर ये गिद्ध की नजर जमाये हुए हैं। अब तो प्रतिष्ठित और सीधे-साधे लोगों की जमीन पर भी ये कब्जा करने की जुगत में हैं। वैसी जमीन जिसपर किसी कारण से विवाद खड़ी है या फिर जो जमीन इन्हें जंच गया उस भू-खंड पर जबरदस्ती विवाद उत्पन्न करा दिया जा रहा है। जमीन कब्जा करने के लिए ये लोग हर तरीके का इस्तेमाल कर रहें हैं।

मजे की बात यह है कि यह सारा काम पुलिस के नाक के नीचे हो रहा है लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापुर्ति की जा रही है। मटवारी कृष्णापुरी मुहल्ला जमीन माफियाओं के लिए हॉट-स्पॉट बना हुआ है। यहां करीब चार-पांच अलग-अलग लोगों के जमीन पर माफियाओं ने दावा ठोक दिया है। वे भाड़े की महिलाओं को लेकर पहुंच रहे हैं। ये महिलाएं संबंधित जमीन की मालिकों के साथ गाली-गलौज, मारपीट, धमकी और बलात्कार के केस में फंसा देने की बात करती है जिससे भू-खंड मालिक डरे-सहमें हुए हैं। कुछ तो अपने गांव भी भाग गये हैं। इस मामले पर भू-खंड मालिकों से बात करने पर उन्होने कहा कि ये लोग हुजूम में आते हैं और गाली-गलौच देकर मार-कुटाई करते हैं। चूकिं महिलाएं साथ होती हैं तो ये कुछ कर नहीं पाते।

- **मटवारी के कृष्णापुरी मुहल्ला बना हॉट स्पॉट**
- **प्रतिष्ठित लोगों की भूमि पर भी कब्जा करने की कोशिश**

**पुलिस का रवैया असहयोग्यात्मक, रैयतों में हैरत :** जमीन मालिकों से बात करने पर उन्होने बताया कि इस मामले को लेकर वे कई बार थाने का चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन बार-बार मामलों को टाल दिया जाता है। टालमटोल की नीति अपनायी जा रही है। और जमीन मालिकों को बोला जाता है कि लड़ाई मत किजिएगा। नहीं तो एफआईआर आप लोगों पर कर दिया जाएगा। थाने से लेकर जिले के बड़े अधिकारियों तक दौड़ लगायी गयी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



भुक्तभोगी।

**केस स्टडी 01 :** भू-माफिया के चक्रव्यूह में रेलवे आरपीएफ के डिप्टी सिक्रेट्री अनुप प्रसाद गुप्ता भी शामिल हैं। कृष्णापुरी गली नंबर 05 में 34 डिसमिल जमीन पर इनका कब्जा है। 1968 में इनकी मां ने रैयती जमीन ली थी। तबसे रसीद कट रहा है। मां के बाद भाई-बहन के नाम से रसीद कटने लगा। इसमें 3 डिसमील जमीन बदलैन द्वारा लिया गया। जो कि कागजात के द्वारा लिखा पढी से हुआ। कृष्णापुरी में जमीन का रेट कई गुना बढ गया है। तो पुराने कागजातों को दरकिनार कर माफियाओं द्वारा पुराने चाहरदीवारी को तोड़कर तीन डिसमिल जमीन को कब्जा कर लिया गया है। कब्जे के समय काफी हंगामा हुआ, थाना-पुलिस हुआ लेकिन कब्जा आखिर कर ही लिया गया।

**केस स्टडी 02 :** कृष्णापुरी लोचन पथ भूनेश्वर महतो की आठ डिसमिल जमीन का भी यही हाल है। पिछले रविवार को महिला गैंग को उनके घर में प्रवेश कराकर कब्जा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त भूखंड 1987 से उनके कब्जे में हैं। 2024 तक आठ डिसमिल जमीन का रसीद अपडेट है। उनके घर के ताले को तोड़ दिया। लगभग एक दर्जन महिलाएं अभी भी भू-खंड में रहती है। वो रात को वहीं सोती हैं। वहां पर जाने पर अभद्र इशारे और फंसाने की धमकी देती हैं। जिसके कारण फिलहाल मैं अभी अपने गांव सिलवार में रह रहा हूं।

## अनुमंडल अस्पताल में पीएम मोदी के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में पीएम मोदी ने कई स्वास्थ्य सेवाओं का शिलान्यास किया। जिसका सीधा प्रसारण अनुमंडलीय अस्पताल बरही परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। डीएस डॉ ज्ञानी ने अनुमंडलीय अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम व कर्मियों की मौजूदगी में बताया कि पीएम के इस कार्यक्रम का बरही और पदमा के अलावे बरही के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर लाइव प्रसारित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि बरही के बसरिया ऊर्फ पंचमाधव, करियातपुर, कुंडवा, गौरियाकरमा, पड़रिया, गुड़ियों-बिजैया सहित पद्मा के पदमा, सरैया, परतन और गारुकुरहा पीएचसी सेंटर पर प्रसारण की व्यवस्था की गई है। अनुमंडलीय अस्पताल में देर संध्या तक पीएम के कार्यक्रम को देखने के लिए देर संध्या तक डीएस सहित प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, प्रमोद श्रीवास्तव, बिजेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार, संतोष कुमार, अमित विश्वकर्मा, संजू प्रकाश सिंह, विष्णु प्रसाद, शमशाद आलम, नीलिमा देवी, मनिता देवी, पुष्पा देवी आदि कई एएनएम मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहिया की उपस्थिति नहीं देखी गई।



### विवाहिता की संदेहास्पद मौत, कमरे में मिला शव

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा कला में एक विवाहिता महिला की संदेहास्पद मौत का मामला प्रकाश में आया। मिली जानकारी के मुताबिक कमरे में बीएड पर मृतका अंजली कुमारी पति संतोष कुमार पांडेय का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। थानाप्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि घटना शनिवार रात की है। उसके गले में फांसी के फंदे का निशान वी टाइप में देखा गया। बताया कि संदेहास्पद मामला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मामले को लेकर पुलिस अनुसंधान में जुटी है। मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतका के ससुराल परिवार वालों ने बताया कि खुद उसने आत्महत्या कर ली।

### फुटओवर ब्रिज को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**रजरप्पा।** हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा से चितरपुर के कई युवाओं ने उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान सांसद को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बड़कीपोना रेलवे स्टेशन में फुटओवर ब्रिज का निर्माण कार्य हो रहा है। युवाओं ने रेलवे स्टेशन की फुट ओवर ब्रिज को विस्तार करने की मांग की है। वही सांसद ने समस्याएं हल का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वाले फरहान ताहिर, अहसानुल्लाह, शाहबाज अहमद एवं जावेद अहमद शामिल है।

## गेगदा में भव्य बनेगा शिव मंदिर



**भुरकुंडा ।** बासल क्षेत्र अंतर्गत लबगा पंचायत के गेगदा गांव में शिव मंदिर जीर्णोद्धार को ले रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जदयू के युवा जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी भूषण उरांव ने कहा के खुशी की बात है कि हमारे गांव में शिव मंदिर बनेगा। इससे क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि का आगमन होगा। उन्होंने कहा की भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। ईश्वर के बिना मानव जीवन सफल नही हो सकता। श्री उरांव ने कहा की आज की पीढ़ी अपने सनातन संस्कृति को छोड़कर जीवन में सफल नही हो सकता, क्योंकि शिव ही सत्य है। उन्होंने कहा की मंदिर निर्माण का कार्य संपूर्ण समाज के सहयोग के बिना मुश्किल है, इसलिए इस पुनीत कार्य में तमाम लोग सहयोग कर पूण्य का भागी बनें। बैठक में मंदिर निर्माण कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष महेश यादव, महामंत्री ओमप्रकाश यादव, उपाध्यक्ष सुनील यादव, कोषाध्यक्ष प्रेमनाथ यादव, संरक्षक कूमेल उरांव चुने गये। वहीं सदस्यों में विनोद यादव, ओमप्रकाश महतो, प्रकाश उरांव, अजय उरांव, महली उरांव, सुभाष उरांव, अशोक यादव, पवन यादव, टिंकू करमाली, रामेश्वर गोप, प्रमोद यादव, विजय गोप, रामबृक्ष यादव, धननांजय यादव, रवि उरांव, जितेंद्र उरांव शामिल हैं। मौके पर पवन यादव, अजय उरांव, धनश्याम यादव, सुधीर, जितेंद्र, सोनू उरांव, मणि पांडेय, धुमन यादव, उमेश महतो, अजय यादव, राहुल यादव, आकाश केरकेट्टा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### बसंत ठाकुर के परिजन को 16 लाख मिलेगा मुआवजा

भुरकुंडा (रामगढ़)।पीवीयूएनएल के खैरा मांझी साइड पर बीती शाम बावनधारा यार्ड में आरवीपीआर में कार्यरत बंसत ठाकुर की दर्घटना में मौत हो गई। सूचना के बाद आसपास के लोगों सहित जनप्रतिनिधि की भीड़ उमड़ गई। गहमा-गहमी के सात घंटा बाद देर रात शाह कॉलोनी पंचायत भवन में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता में मृतक के परिजनों को 16 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने पर सहमति बनी। डेढ़ लाख रुपये का नकद भुगतान किया गया।

वहीं बाकी 14 लाख 50 हजार रूपया का भुगतान 26 फरवरी को मृतक की माता के खाते में ट्रांसफर करने की बात कही गई। साथ ही मृतक के एक आश्रित को यूपीएल आरवीपीआर कंपनी में पे-रोल पर नौकरी देने, मृतक के आश्रित माता-पिता को ईएसआईएस और पीएफ के आधार पर आजीवन पेंशन देने सहित दुर्घटना बीमा के तहत 7 लाख रुपए भुगतान करने पर सहमति बनी। वार्ता में पतरातू सीओ अमित भगत, थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, रोशनलाल चौधरी सहित कई लोग शामिल थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में पलामू ने उरीमारी को हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। केकेसी पोड़ा के टेम्पल व्यू स्टेडियम में चल रहे जनता दरबार फाउंडेशन डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार रात फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी एवं भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह जनता मजदूर संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय ने गुब्बारा उड़ाकर किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पलामू टायगर एलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 112 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खलने उतरी दीपक एलवेन उरीमारी की टीम 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 107 रन ही बना सकी। इस तरह पलामू की टीम 4 रनों से मैच जीतकर फाइनल कप पर कब्जा जमा लिया। विजेता टीम को नकद 51 हजार रुपए, विनर ट्रॉफी और ड्रेस एवं उपविजेता टीम को नकद 30 हजार रुपए, रनर ट्रॉफी और ड्रेस देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि निशि पांडेय ने दोनो टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

- **विनर टीम को 51 हजार व ट्रॉफी और रनर को 30 हजार व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित**
- **खेलो में भी बनाया जा सकता है करियर : निशि पांडेय**

निशि पांडेय ने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है।

पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों भी प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ सही प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा की खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा सहयोग करती रहूंगी। इधर बेहतर प्रदर्शन के लिए राजा तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए सागर को 10 हजार रुपए व ट्राफी देकर मैन ऑफ द सीरिज के पुरस्कार से नवाजा गया। मोनू सिंह को बेस्ट बैट्समैन, तुसार को बेस्ट बॉलर और आयुष सिंह को बेस्ट कीपर का पुरस्कार दिया गया। सभी को आजसू नेता तिवारी महतो, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, हेंदेगिर पीओ रामेश्वर मुंडा, डॉ. शशि सिंह, समाजसेवी पिन्टू सिंह अर्जुन सिंह, संजय शर्मा आदि अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में फाउंडेशन के अब्दुल रजाक अजीत यादव, मदन, अभय सिंह, मुकेश, कुलदीप, अनुज, दीपक, रंजीत, सोनू, विकास, पवन, मुन्ना, अनुप, गुड्डू, जयपाल, सुमन, पुपुन, नीरज, टोनी, धर्मेंद्र, राजकुमार, प्रांजल, सुदर्शन, रौशन, गोलू, चंदन आदि का योगदान रहा।



## एक नजर में

### द आरसीआई में कंप्यूटर के लिए नामांकन शुरू



बरही। रोशन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के निदेशक राकेश रोशन ने बताया कि वर्तमान दौर के लोगों को शिक्षा जगत में तकनीकी ज्ञान की विशेष जानकारी की आवश्यकता है। जिसके आधार पर किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है ।उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर की विशेष जानकारी प्राप्त हो जाने पर लोगों को पचास हजार से लेकर लाख रुपये कमाना बिल्कुल आसान हो गया है ।जिसे देखते हुए सेशन 2023-24 में 10वीं एवं 12वीं परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। स्पोकेन इंग्लिश की आवश्यकता को जरूरी समझते हुए इस सेशन 2023-24 में हमने द आरसीआई की ओर से कंप्यूटर कोर्स एडीसीए (एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन) में नामांकन करवाने पर 3000 रुपये कीमत की स्पोकेन इंग्लिश क्लास नि:शुल्क दी जाएगी। इसके लिए सीमित सीटें रखी गयी है। प्रथम 50 विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क है और 51 से 100वें विद्यार्थियों के लिए स्पोकेन इंग्लिश पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। विशेष जानकारी के लिए 9110908004 पर सम्पर्क कर सकते है।

### विधिक सेवा प्राधिकार कानूनी जागरूकता शिविर



**दारू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सह अपर सत्र न्यायाधीश कुमार पवन वा विशिष्ट अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी सह अतिरिक्त सिविल जज निखत आयशा तथा अधिवक्ता भैया मुकेश सिन्हा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत बीडीओ मनीष कुमार एवम् सीओ अदिति गुप्ता के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारी के द्वारा लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, वा अन्य कानूनी जानकारी दी गई। इस शिविर में 37 लाख 80 हजार रुपया परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर बीससुत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, अधिवक्ता भैया मुकेश कुमार, अमरनाथ मिश्र, उपप्रमुख कौशल्या देवी, बीपीओ स्वाति वर्मा सहित कई अधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### विष्णुगढ़ में लगा विधिक सशक्तिकरण शिविर



**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में रविवार को हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का शुभारम्भ जिला उप न्यायाधीश -6 विवेक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडु, आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। जिला उप न्यायाधीश विवेक कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के द्वारा गरीब असहाय लोगों को कानूनी सलाह निशुल्क प्रदान की जाती है जिसके तहत लोगों को अधिवक्ता भी मुहैया कराए जाते हैं। प्रत्येक प्रखण्ड में पीएलवी नियुक्त किया गया है। पीएलवी के द्वारा कानूनी सलाह सह सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सुलभ न्याय प्रदान करने हेतु सुलहनीय मामलों में मध्यस्थता कर वाद-विवाद का निपटारा किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। कानूनी सलाह के लिए अधिवक्ता सह मध्यस्थ व्यवहार न्यायालय अजित कुमार को इनके मोबाइल नम्बर 9798159510 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### झरना झारखंड ट्रस्ट की बैठक संपन्न

चरही। झरना झारखंड ट्रस्ट की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता झरना झारखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सोरेन व संचालन सचिव बिशुन मुर्मू ने किया ।बैठक में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ्य,शिक्षा सांस्कृतिक के क्षेत्रों में कार्य करने को लेकर निर्णय लिया गया ।मौके पर झरना झारखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सोरेन ने कहा कि हमारा उद्देश्य सुदूरवर्ती गांवों में स्वस्थ्य,शिक्षा और सांस्कृतिक के क्षेत्र में कार्य करना है ।ताकि मूलभूत सुविधा से वंचित गांव का विकास हो सके ।इस मौके पर झरना झारखंड ट्रस्ट के सचिव बिशुन मुर्मू , कोषाध्यक्ष प्रकाश टुडु,बाबूचंद हांसदा,विकास टुडू,प्रकाश सोरेन,दिलीप टुडू आदि शामिल थे।

### इंकलाबी नौजवान सभा का जोहार सम्मेलन



**बरकट्ठा ।** भाकपा माले के युवा इकाई इंकलाबी नौजवान सभा के तत्वावधान में बरकट्ठा प्रखंड मैदान में युवा जोहार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता नौजवान सभा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जायसवाल और संचालन गिरिडीह जिला अध्यक्ष सोनू पांडेय ने की। सम्मेलन शुरू होने के पूर्व किसान आन्दोल के शहीद को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड से देश विदेश में प्रवासी मजदूर काम करते हैं। लेकिन मोदी सरकार इसके लिए राष्ट्रीय कानून नहीं बनाती। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कहते हैं कि मोदी का डंका विदेश में बज रहा है। वहीं देश का मजदूर विदेश में बंधक बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार, कालाधन वापस लाने की बात पर सत्ता में आई। लेकिन इन मुद्दों को भुलाकर कॉरपोरेट घराने की गोद में सरकार बैठ गई। बिहार के डुमरांव विधायक अजित कुशवाहा ने कहा कि भाजपा राजनीति में सुचिता लाने के बजाय धर्म का धंधा करने लगी। उन्होंने बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में तो पलटू राम है। बरकट्ठा विधायक भी जनता से किये वादे के बाद यह भी पलट गए और भाजपा के गोद में जा बैठे। सम्मेलन में मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल के हिसाब मांग की गई।

### केरेडारी में तीन बच्चों के बाप ने की शादी

केरेडारी। केरेडारी में प्रेम प्रसंग के एक मामले की खूब चर्चा हो रही है। यहां एक लड़की और तीन बच्चों के बाप को एक दूसरे से प्यार हो गया। बताया जा रहा है कि पांच साल से इन दोनों के बीच लव अफेयर चल रहा था, एक लड़की को शादीशुदा मर्द से प्यार हो गया। दोनों के बीच प्यार ऐसा परवान चढ़ा कि मामला थाना पहुँच गया,और तीन बच्चे के पिता से लड़की को शादी करनी पड़ी ,प्रेमी शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। इनसब की जानकारी होने के बाद भी लड़की शादी करने के तैयार हो गई केरेडारी की इस घटना की इलाके में खूब चर्चा हो रही है ।मामला तीन बच्चे की बाप का ही नही बल्कि एक शिक्षक का भी है ,प्रेमी प्रमोद साव केरेडारी के खपिया गांव निवासी अपने घर में ही एक संचालित प्राइवेट स्कूल ,गोल्डन पब्लिक स्कूल का संचालक भी हैं,वही प्रेमिका मधुबाला कुमारी घर की बगल की है,जनकारी मुताबिक प्रेमी प्रमोद और प्रेमिका मधुबाला 5 वर्षों से प्रेम प्रसंग कर रहे थे,तभी प्रेमिका ने प्रेमी से शादी करने की बात कही ओर प्रेमी ने इनकार कर दिया तभी मामला केरेडारी थाना पहुंच गया,तभी प्रेमिका को शादी ना करने की परिजनों द्वारा समझाया गया पर एक नही मानी। केरेडारी प्रशासन की मौजूदगी में शुक्रवार रात्रि शादी कराया गया।

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर होगा जन आरोग्य मंदिर

**बड़कागांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश स्तर पर संचालित सभी हेल्थ वैलनेस केंद्र का नाम अब नवीनीकरण किया गया है जिसका ऑनलाइन उद्घाटन शाम 4:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया गया जिसे लेकर बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। जिसमें बताया कि प्रखंड में संचालित सभी हेल्थ वैलनेस सेंटर अब आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर के नाम से जाना जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### पांकी : कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड भाजपा कार्यालय में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बूथ संख्या 291 पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं संग सुना। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूरे देशवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि पीएम के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### हिसरा बरवाडीह बूथ पर सुनी मन की बात



**पाटन पलामू।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह के बूथ नंबर 180, 181 पर भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम में जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान, मंडल मंत्री आनंद सिंह, बूथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, अभिमन्यु सिंह, देवगन मेहता, प्रिंश शुक्ला, मुकेश सिंह, ब्रजदेव मेहता, बिपिन शुक्ला शामिल थे। निरंजन ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के लिए लाभप्रद है। भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही है। केंद्र की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

### हैदरनगर में चला लाभार्थी संपर्क अभियान



**हुसैनाबाद पलामू।** लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला हैदरनगर में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव ने की। कार्यक्रम प्रभारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों की सूची प्रचार साहित्य मोदी जी का पत्र एवं स्टीकर उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को सूची में से 20 से 40 लाभार्थियों का नाम संपर्क हेतु दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डॉ अजय जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, राजा सिंह, प्रदीप सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र सोनी, कुसुम देवी थे।

### संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनी



**मेदिनीनगर।** बारालोटा अंबेडकर नगर में अंबेडकर नौजवान क्लब ने संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनायी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनता दलद दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजू भुइयां थे। उन्होंने कहा कि भारत के प्रसिद्ध संत रविदास को रैदास के नाम से भी जाना जाता है। गुरु संत रविदास 15वीं शताब्दी के एक महान संत दार्शनिक कवि और समाज सुधारक थे। इनके बताये रास्तों पर चलने की जरूरत है। मौके पर नौजवान अंबेडकर नौजवान क्लब के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, सचिन अभय कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, संरक्षक राम विजय राम, सुनील भगत, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र रवि, गुड्डू रविदास, प्रेम कुमार, जीतू राम, सुरेश राम, जयपाल राम, अनिल अंबेडकर, महेश राम, शंकर राम थे।

### पांकी के भाजपाइयों ने की कार्यशाला



**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के पांकी प्रखंड के शिशु विद्या मंदिर प्रशाल में भाजपाइयों ने कार्यशाला की। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। अध्यक्षता भाजपा पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में पूरे देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनाव कार्य में जुट जायें। कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचायें। मौके पर श्याम नंदन ओझा, चुनमुन पांडे, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, कमेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, भाजपा निलम देवी,रिमा शर्मा, कमलेश पासवान, सुधीर तिवारी थे।

### संत रविदास का जीवन प्रेरणास्रोत : लवली



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के लुकुआ, लोहरसी, गणेशपुर, पगार, बचदोहर, कोनवाई में संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मन। समारोह की मुख्य अतिथि पांकी पूर्वी की पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेत्री लवली गुप्ता थी। उन्होंने संत शिरोमणि रविदास जी व बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि 15वीं सदी के सतगुरु रविदास जी भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक थे जिन्होंने अपने रूहाने वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा मे पिरोया। उनके व्यक्तित्व को एक जाति विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता। वे हमारे लिए आज भी प्रेरणाश्रोत हैं। मौके पर अध्यक्ष राजन राम, सचिव आशीष राम, कोषाध्यक्ष बीरबल रवि, समाज सेवी रामराज सिंह, उपेंद्र गुप्ता, अनुप गुप्ता, गन्नू यादव मनदीप मेहता, वार्ड सदस्य पानपति देवी, पुजारी संजीवन राम समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। संचालन नागेश्वर राम ने किया।

### पलामू में जैन समाज ने पंचमुहान पर किया विनयांजलि सभा का आयोजन



**मेदिनीनगर।** पलामू में जैन समाज ने पंच मुहान चौक स्थित जैन मंदिर के पास विनयांजलि सभा की। मौके पर सांसद बीडी राम, पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, आर एन सिंह, नवल तुलस्यान, अमरजीत सिंह वालिया, जयराम मेहता, बिनोद मिश्रा, दिलीप तिवारी समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल थे।

# समाहरणालय परिसर से पैदल पुलिस लाइन मैदान तक पहुंचे डीसी-एसपी समेत आम लोग

**स्वीप कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन**

- मतदान से संबंधित विभिन्न नारों से गूंजा शहर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी आमजनों से शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने व इसके लिये सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आंनद व अन्य ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया।



**खास बातें :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इसमें शामिल हो गये व वॉकथॉन में शामिल अन्य पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व भारी संख्या में आमजनों संग कचहरी, छह मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, साहित्य समाज चौक होते हुए पैदल ही पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान पूरा शहर चुनाव का पर्व देश का गर्व, उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है, सबका यह अरमान है, सबको करना मतदान है, आपका वोट आपका भविष्य जैसे नारों से गूंजता रहा.सभी युवा व स्कूली बच्चे अपने हाथों में प्लेकार्ट्स लिये सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की। पुलिस स्टेडियम में डीसी-एसपी समेत अन्य पदाधिकारीयों ने हवा में गुब्बारा उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद मौके पर उपस्थित सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा का शपथ भी दिलाया गया। जिसके बाद सभी अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित स्कूली बच्चों से इलेक्शन से जुड़े विभिन्न सवाल जवाब किया व सवालों के सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

पांकी विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रविदास जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक

# संत रविदास के आदर्शों को अपनाने की है जरूरत : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम जुरु, कुंदरी, तरहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत उदयपुरा 1, लकड़ाही, भालोगाड़ी, सेवती, धुमा में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसके अलावे पांकी प्रखंड के ग्राम बचदोहर, पगार खुर्द में भी रविदास जयंती मनाई गई। मौके पर विधायक डा शशिभूषण मेहता पांकी विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित रविदास जयंती समारोह में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने समिति के पदाधिकारियों सहयोग राशि भी प्रदान किये। मौके पर रविदास महासभा समेत कई कमिटियों ने विधायक डॉ मेहता का माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।



**खास बातें :** मौके पर विधायक ने डा भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि संत रविदास समाजिक समरसता का निर्माण ही नहीं किया बल्कि इसके लिए वे आमजनों के बीच जन जागरूकता लाने के लिए कई अथक प्रयास किये। वे ईश्वर के भक्ति पर पूर्ण विश्वास करते थे। वे महान संतों में से एक अग्रणी संत थे। जिन्होंने अपने ज्ञान व रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का सार्थक प्रयास किया। समाज में फैले जात पात व भेद्भाव को मिटाने का काम किया। श्री मेहता ने कहा कि संतों की कोई जात नहीं होती है वे सिर्फ संत के रूप में ही जाने जाते हैं। रविदास जी के पदचिह्नों पर चलकर हमसबों को समाज में नया परिवर्तन लाने की जरूरत है। साथ रविदास के आदर्शो को अपनाने की जरूरत है।

रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व सेसा ने किया कार्यक्रम आयोजित

# जनभागीदारी से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : हितेंद्र अवस्थी

- 200 पीड़ित लोगों का रजिस्ट्रेशन कर जांचोपरांत किया गया चश्मा का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** असहाय व जरुरत मंदो की सेवा हीं सच्ची सेवा है। ऐसे सेवा रूपी पुणित कार्य में सबो को आगे आना होगा। जनभागिदारी से हीं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। नेत्र समस्या भी एक सामाजिक उत्तरदायित्व का हिस्सा है। स्थानीय समस्याओं को जानकारी प्राप्त कर उस दिशा में कार्य करना ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग की प्राथमिकता रहा है। उक्त बातें रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के ईकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कही। वे रेहला स्थित आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग व सेसा की ट्राईबल कम्यूनिटी आई हेल्थ प्रोग्राम के संयुक्त रूप से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव समाज में गरीब व अमीर सभी वर्ग के लोग रहते है। गरीब परिवार के लोग पैसों के अभाव में ईलाज नहीं करा पाते। ऐसे में नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर वरदान साबित होगा। स्वयं सेवी संस्था सेसा प्रमुख कौशिक मल्लिक ने कहा कि संस्था पिछले 24 वर्षो से इस क्षेत्र में कार्य करते आ रही है। जनभागीदारी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला स्वरोजगार आदि के क्षेत्र में कार्यक्रम करते आ रहे हैं। इस तरह का आयोजन कर संस्था समाज सेवा में एक अमिट पहचान बनाते रही है। ऐसे कार्यो में सभी का सहयोग अपेक्षित है।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व अन्य।

# मोदी के नेतृत्व में फिर सरकार बनाने में जुटें कार्यकर्ता: बीडी राम

- सांसद ने भाजपा सतबरवा मंडल के कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** भारतीय जनता पार्टी सतबरवा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को पलामू सांसद बी डी राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुना और लाभार्थी कार्यशाला में बब्लू होटल में शामिल हुए। कार्यक्रम का उदघाटन सांसद बीडी राम ने पं दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर सांसद श्री राम ने पीएम मोदी के द्वारा 10 वर्षों में किये गए कार्यों को कार्यकताओं के बीच रखा और आह्वान किया कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए लग जायें। अभी से 100 दिनों का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। मंडल अध्यक्ष बिजय पाठक ने कहा हम सब कार्यकर्ता अपनी जवाबदेही समझकर लाभार्थी सूची लेकर प्रत्येक बुथ के कार्यकर्ताओं के साथ लगकर प्रत्येक घर जायेंगे और वोटरों एवं लाभार्थियों से मिलेंगे। वहीं दुर्गा जौहरी ने कहा कि मंडल में निवास करने वाले पदाधिकारी चाहे राष्ट्रीय स्तर के हों या बुथ स्तर के सभी को समन्वय बनाकर कार्य करना है और प्रत्येक लाभार्थियों से मिलकर मोदी जी के द्वारा किये गये कार्यों को बताना है। मौके पर महेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, अनुज चंद्रवंशी, विकास तिवारी, अजय सोनी, रिंकी देवी, प्रिति गुप्ता, सोनु सिकंदर, राणा प्रताप कुशवाहा, पप्पु सिंह, अजय मेहता, सुशील सिंह, घनश्याम साव, उदयनाथ चौधरी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माता शबरी ने प्रभु की भक्ति में लीन रहते हुए प्रेम का संदेश दिया : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सोस में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह आयोजित

**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर पंचायत कुराईनपतरा के ग्राम सोस में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर समारोह का उदघाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि माता शबरी भगवान श्रीराम के जमाने में भी प्रेम का संदेश फैलाने तथा भेदभाव मिटाने के काम में लगी रहती थी। वे भगवान श्रीराम के भक्ति में लीन रहती थी। जिस कारण बाध्य होकर प्रभु श्रीराम के माता शबरी के द्वार जाना पड़ा। जहां पर प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के जूठे बैर को खाकर यह संदेश दिया कि भेदभाव से बढ़कर श्रद्धा व भक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में जहां एक ओर भगवान श्रीराम के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कराया।



## पुलिस और मजिस्ट्रेट सुरक्षा उपायों का पालन करें : न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र के प्रमुख मुद्दे पर क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** न्यायिक अकादमी ने रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र के प्रमुख मुददे पर रविवार को पलामू जिला अंतर्गत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज के सभागार में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी, न्यायिक अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि, पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, पलामू उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में गढ़वा के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, लातेहार के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, न्यायिक पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट, पलामू के आई जी राज कुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेसन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव मौजूद थे।



### पाटन के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**पाटन पलामू।** पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम भाजपाइयों ने सुना। पाटन मंडल अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के 110वां एपिसोड को स्क्रीन लाईट लगाकर सुना। कार्यक्रम के बाद विभिन्न बूथों पर भाजपा नेताओं ने दीवार लेखन किया। साथ ही लाभार्थी संपर्क किया। मौके पर पाटन छतरपुर विधानसभा के विस्तारक नंददेव, पाटन छतरपुर विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मुकेश सिंह, मनीष सिंह, अरविंद प्रजापति, संपत्ति सिंह, छोटु प्रजापति, भोला सिंह भी थे।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर को किया गया सम्मानित



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के झामुमो नेता सह जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने दूसरी बार गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर को मंत्री पद की शपथ लेने पर गुलदस्ता दे कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मिथलेश कुमार ठाकुर ने 4 वर्षों के कार्यकाल में विकास की नई आयाम गढ़ी है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश ठाकुर पलामू प्रमंडल के साथ साथ पूरे झारखंड को विकसित करने में जुटे हैं।

### एसपी के निर्देश पर पोस्ता की खेती को किया नष्ट



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पोस्ता की अवैध खेती चोरी छिपे जारी है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पोस्ता नष्ट कर खेती करनेवालों पर कार्रवाई कर रही है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेसन काफी गंभीर हैं। गुप्त सूचना के आधार पर मनातू, चक व अन्य थाना क्षेत्रों में पोस्ता की खेती पुलिस नष्ट कर चुकी है। रविवार को पांकी थाना पुलिस द्वारा ग्राम केकरगढ़ व हेड़ूम के जंगली क्षेत्र में पोस्ता की खेती की जा रही थी।

### भू रैयतों को उचित मुआवजा दिलायेंगे : आशीष



**सतबरवा पलामू।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने उपायुक्त कार्यालय को आवेदन देकर प्रखंड के रैयतों के साथ प्रखंड परिसर सतबरवा से समाहरणालय मेदिनीनगर तक पदयात्रा कर उचित मुआवजा मांग के लिए ज्ञापन सौंपने की सूचना दी है। बताया कि 27 फरवरी को सतबरवा प्रखंड कार्यालय परिसर से समाहरणालय मेदिनीनगर तक रैयतों के साथ पदयात्रा की जायेगी और उपायुक्त के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंप कर किसानों को उचित मुआवजा की मांग करेगी। इस पदयात्रा में दर्जनों किसान शामिल होंगे। बताया कि भारत माला परियोजना के तहत उदयपुर से लहलहे तक बन रहे फोरलेन सड़क निर्माण में सतबरवा प्रखंड के कई किसानों का जमीन अधिग्रहण किया गया है।

## रेलवे अंडरपास व ब्रीज का आज ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 554 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को पीएम मोदी रेलवे अंडर पास एवं ओवरब्रीज का उद्घाटन व शिलान्यास ऑनलाइन करेंगे। इसकी तैयारी देश के विभिन्न रेलवे मंडल कर रहे हैं। धनबाद मंडल डिविजन के तहत निर्माणाधीन चार अंडर पास का ऑनलाइन उद्घाटन सोमवार को होगा। इसकी जानकारी धनबाद मंडल के नोडल पदाधिकारी राजीव रंजन, सेकेंड सीनियर डीवीएनएल हंसराज मीणा, सीनियर डीएसटीई पंकज कुमार एवं दिनेश साह ने दी। नोडल पदाधिकारियों ने बताया कि कजरी स्टेशन व राजहरा के बीच गाड़ीखास में 4.66 करोड़ तथा कजरी स्टेशन एवं राजहरा स्टेशन के बीच ग्राम गाड़ी गांव में पंचायत सचिवालय के पास 4.66 करोड़ की लागत से बनेगा।



### रामगढ़ प्रखंड के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रामगढ़ पलामू।** जेएसएलपीएस द्वारा संचालित उड़ान परियोजना के माध्यम से प्रखण्ड के विशिष्ट जनजाति बहुल नवाडीह गांव के पीवीटीजी पाठशाला के बच्चों को बेतला नेशनल पार्क, केचकी संगम, पलामू किला और मलय डैम का भ्रमण करवाया गया। बच्चो ने अपने जीवन में पहली बार इन स्थलों में घूमा। सबसे पहले इन बच्चो को पलामू के ऐतिहासिक पलामू किला का भ्रमण कराया गया। जहां उन्हें राजा मेदिनीराय की वीरता और आदर्श के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री का वीडियो कांफ्रेंसिंग समेत कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवर ब्रिज तथा आरयूबी / एलएचएस का होगा लोकार्पण

**हैदरनगर पलामू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग सहित अन्य कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम को जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के लिये हैदरनगर स्टेशन परिसर को मुख्य केन्द्र बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यक्रम प्रभारी व वरीय मंडल अभियंता-सिग्नल (डीएसटी) ने पत्रकारों को बताया कि एक साथ देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 रोड ओवर ब्रिज तथा आरयूबी / एलएचएस का लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12 बजकर 35 मिनट के बाद ऑनलाइन करेंगे। इससे पूर्व रेलमंत्री अश्विनी वैभव देश के नाम संदेश प्रसारित करेंगे।



# संत रविदास समान मानव मूल्य के पहले प्रवर्तक थे : कर्नल संजय सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के रामबीघा, तिवारीबीघा, सीढ़ापर, पोलडीह, घुरुआ मझौली, झरगड़ा, अलीमदद, दुलहर भदईपर सहित दर्जनों गांवों में आयोजित संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जन्म जयंती समारोह में भाग लिया। कर्नल संजय ने कहा कि तकरीबन पंडालों में वहां के आयोजकों द्वारा फोटो पर सादगी से संत रविदास के दोहे और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों पर चर्चा परिचर्चा का कार्यक्रम अनुकरणीय है। आगे कहा कि संत रविदास मध्यकालीन भारत के एक दलित परिवार में जन्म लेकर हिंदू समाज में बढ़ रहे रूढ़िवादी और ढोंगी सोच के साथ साथ जाति प्रथा जैसे नकारात्मक सोच को लगाम लगाने का प्रयास किया जिसके चलते इन्हे संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गये कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। उन्होंने लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान उनके साथ गणेश राम मनोहर सिंह मनोज शर्मा मनोज सिंह सुभाष कुमार ज्ञानू सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# धूमधाम से मनायी गयी संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वीं जयंती नीलांबर पितांबरपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय के मैदान में रविवार को धूमधाम से मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार इंजीनियर, पूर्वी जिप विजय राम, समाजसेवी जितेंद्र पासवान, विशिष्ट अतिथि जुगल राम, गीता देवी, संगीता देवी, मंजू देवी ने श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुष्ठान के साथ संत गुरु रविदास जी का विधिवत पूजन कराया। इस क्रम में लोगों ने संत रविदास जी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि उनके उपदेशों को अपने व्यवहारिक जीवन में अपनायेंगे। वहीं कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांवों से झांकी लेकर आए हुए कमेटियों के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी को सम्मानित भी किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सरयू राम, महासचिव विश्वनाथ राम, कोषाध्यक्ष अरविंद राम, पूर्व जिप सदस्य निर्मला कुमारी, पंसस बिंदिया देवी, राजेश्वर राम, समाजसेवी विनोद कुमार थे।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### प्रतापपुर के व्यक्ति की कोलकाता में मौत, शोक



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी विजय राम की मौत इलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है कि विजय राम कोलकाता में काम करते थे। इस दौरान उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। उनके निधन से पूरे गांव में शोक है। बताया जाता है कि उनके पुत्र का विवाह 2 मार्च को होनी थी। उन्होंने स्वयं शादी का सामान कोलकाता में ही खरीदारी की थी। 2 बजे बस बैठना था कि उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस घटना से पूरा गांव शोक में है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### अगवा किया गया पिकअप वाहन को कुंदा पुलिस ने किया बरामद



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा-प्रतापपुर मुख्य सड़क स्थित बेलवा बथान नामक जंगल से शुक्रवार पुलिस ने एक पिकअप यूपी 70 एमटी 7159 वाहन जब्त किया है। जब्त ग्रामीण के सूचना पर किया गया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि दो दिन पूर्व कुंदा-प्रतापपुर मार्ग पर अज्ञात पिकअप वाहन खड़ा होने की सूचना मिली। सूचना आलोक में उक्त स्थल पर पहुँच कर वाहन को खींच कर थाना लाया गया। वाहन के सत्यापन में सूचना प्राप्त हुआ कि 22 फरवरी को मनिका थाना कांड संख्या 07/2024 में पिकअप में लदा 70 बकरा के साथ अज्ञात बदमाशों में अगवा कर लिया। जिसे कुंदा में बरामद किया गया। वाहन में तीन बकरी मृत पाया गया। जिसे जंगल मे दफना दिया गया।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती विहिप ने मनाया



**कोडरमा।** जिला अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद नगर समिति के द्वारा रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती ब्लॉक रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत समरसता प्रमुख मनोज चंद्रवंशी एवं बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा एवं संचालन नगर मंत्री विनय कुमार सिन्हा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत समरसता प्रमुख ने उनके संपूर्ण जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की सनातन समाज के मार्गदर्शक के रूप में जाने, जाने वाले रविदास जी को संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। जिससे समस्त हिंदू समाज के लिए सम्मानित एवं पूजनीय माने जाने लगे। वहीं जिला संरक्षक दीनानाथ पांडे ने भी जानकारी देते हुए बताया कि संत रविदास जी के 40 दोहे को गुरु ग्रंथ साहिब ग्रंथ में भी अपनाकर सनातन समाज में सम्मानित करने का कार्य किया है। जयंती समारोह में प्रवीण चंद्रा, अजय वर्मा, पप्पू बरनवाल, कृष्ण मोदी, पंकज दुबे, अभिनव पाठक, राजू यादव, आशुतोष भदानी, संजय तरवे, विजय पांडे, सत्येंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, अनिल गुरु, लाल बहादुर चौधरी, मनोज राणा, पूनम देवी, प्रभादेवी, नेहा पांडे, तन्नू देवी, पिंकी देवी, चंदा कुमारी, सीता वर्मा, मोहन प्रसाद, प्रेम प्रकाश द्विवेदी आदि लोग मौजूद थे।

### स्वर्णकार संघ ने मनाई संत श्री नरहरि दास की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज ने शनिवार को हर्षोल्लाह से संत शिरोमणि श्री नरहरि दास महाराज जी की जयंती मनाई। कार्यक्रम झुमरीतिलैया शहर के गोल्डन मार्केट में संपन्न हुआ। मौके पर जिलायक्ष नवल किशोर प्रसाद सहित भारी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के लोगों ने आराय देव नरहरी दास सोनार जी के फोटो पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर दीप प्रज्वलन किया। समाज के लोगों ने एक स्वर में संत श्री नरहरि दास जी के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई एवं स्वर्णकार भवन निर्माण पर भी मंथन किया गया। वहीं अयक्ष ने कहा की आराय देव से मिले आदर्श से ही समाज को एक नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवोश सेठ, अजीत बर्मन, अभिमन्यु कुमार, महेश सोनी, दुर्गा वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, गौतम सोनी, मिथुन कुमार, रवि सोनी, सियाजी सावंत, बाबूराव, उमेश सोनी, अनिल कुमार, शंकर सोनी, पंच वर्मा, विनेश वर्मा, आशीष ठाकुर, शिवाजी सावंत, संजय गायकवाड आदि लोग मौजूद थे।

# एक मार्च को प्रधानमंत्री धनबाद आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कि बैठक सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास में हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री राजकुमार यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित हुए।

वहीं बालमुकुंद सहाय ने कहा कि आप सभी पंचायत के संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्ष योजना बनाएं की सभी बूथों से कम से कम 25 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति होनी चाहिए। पूरे जिले से 15 हजार कार्यकर्ताओं को सम्मिलित होना है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आगमन 1 मार्च को बरवाअड्डा धनबाद में होने जा रहा है।

वहां वे तीन लोकसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधन करेंगे और लोकसभा का आगाज करेंगे। वहीं उन्होंने कोडरमा जिला के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि आप सभी कार्यक्रम में सहभागी बने और भारतीय जनता पार्टी का जीत का आगाज करें। वहीं डॉ. नीरा यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो कहती है वह करती है, प्रधानमंत्री ने अंतिम आदमी तक विकास की किरण पहुंचाई है। कार्यकर्ताओं को केवल जनता को बताना है कि मोदी जी आ रहे हैं तो सभी जाने के लिए तैयार रहेंगे।

वहीं जिला प्रभारी अभिमन्यु ने कहा हम सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पुरजोर प्रयास करना है। सुबह 10 बजे तक धनबाद पहुंच जाना है। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देवतुल्य है।

जनता उनको देखने के लिए लालायित रहती है। मौके पर रमेश सिंह, नितेश चन्द्रवंशी, रवि मोदी, विरेन्द्र सिंह, सुरेश यादव, रामनाथ सिंह, देवनारायण मोदी, जुही दास गुप्ता, शिवेन्द्र सिन्हा, शिवलाल सिंह, शशिभूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, सुरज मेहता, बटेश्वर मेहता, सुनील मेहता, विरेन्द्र मेहता, सुनील बड़गवे, नरेंद्र पाल, विजय यादव, हरि मंडल, प्रकाश यादव, पुरुषोत्तम कुमार, सोहन यादव आदि मौजूद थे।

## सड़क किनारे खुलेआम पिलाई जा रही शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा-हजारीबाग व चतरा-चौपारण मुख्यपथ पर जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित कुल्लू मोड इन दिनों शराबियों का पहला पसंद बन गया है। जहां पुलिस के नाक के नीचे खुलेआम न सिर्फ शराब बेचे जा रहे हैं, बल्कि यहां चखना की भी मुकम्मल व्यवस्था है। चतरा-हजारीबाग व दरअसल यहां अचानक से मछली व अन्य सामान बिक्री की दर्जनों दुकानें खुल गई है। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि यात्रियों के बीच मछली बिक्री के उद्देश्य से खोले गए ईन दुकानों में मछली बिक्री से ज्यादा यहां नशेड़ियों के बीच चखना की आपूर्ति की जा रही है।

साफ शब्दों में कहा जाय तो कुल्लू मोड़ ईलाका इन दिनों नशेड़ियों और शराबियों का सेफ जोन बन चुका है। जहां कच्चा मछली बिक्री के साथ-साथ दुकानदारों के द्वारा फ्राई फिश और अन्य चखना का भी भरपूर व्यवस्था किया जाता है। ईतना ही नहीं दुकानों के पिछे स्थित जंगल-झाड़ी में खुलेआम शराब की भी बिक्री की जा रही है। जहां शराबी पहले मछली खरीदते हैं, उसके बाद मौके पर ही फिश फ्राई बनाकर उसे चखना के रूप में इस्तेमाल कर दुकानों के पीछे झाड़ियां में संचालित मंडियों में शराब खरीद कर खुलेआम घंटों बैठक बाजी कर उसका सेवन करते रहते हैं। ऐसे में इन दुकानदारों और शराबियों के करतूतों के कारण ईलाके में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं दर्जनों लोग दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं।



### जानकारी मिली है करेंगे कार्रवाई : एसडीपीओ

इधर जब सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन को परिस्थितियों से अवगत कराया गया तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की बात कही है। कहा है कि मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। जल्द ही शराबियों और नशेड़ियों को खदेड़ते हुए ईलाके में शांति और भयमुक्त वातावरण स्थापित करने की दिशा में पुलिस सकारात्मक पहल करेगी।

### सड़क दुर्घटना में युवा समाजसेवी व व्यवसाई रामदेव यादव की मौत

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारीसाखी के रहने वाले समाजसेवी व व्यवसाययी रामदेव यादव सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जिनका अग्नि संस्कार रविवार को बारीसाखी शमशान घाट पर किया गया। शनिवार की देर रात चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर स्थित तपेज के पास अनियंत्रित बेकाबू रामदेव की कार पेड़ से जा टकराईं। घटना की जानकारी पाकर सदर पुलिस आनन-फानन में उन्हें ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई। रामदेव यादव शहर के सर्किट हाऊस के समीप और लिपदा बाईपास रोड में रिशु ग्रेनाइट नामक दो टाईल्स दुकानों का संचालन करते थे। मृदभाषी युवा व्यवसाई के आकस्मिक निधन की खबर के बाद जिला मुख्यालय समेत गिद्धौर प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण कर खुद का सफल व्यवसाय खड़ा किया था।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रविवार को झुमरीतिलैया स्थित साहू भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पत्रकार संतोष कुमार मिश्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की और दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि सभा में प्रस्ताव लिया गया कि स्वर्गीय संतोष कुमार मिश्रा के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया जाए। सभा की अयक्षता वरीय पत्रकार और आविक्ता जगदीश सलूजा एवं संचालन पत्रकार आलोक कुमार सिन्हा एवं संदीप मुखर्जी ने संयुक्त रूप से किया। उनका असामयिक निान सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से बड़ी क्षति है। इस श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार संजीव समीर, संजय पासवान, मनोज सहाय पिंकू, भगीरथ पासवान, संतोष यादव, प्रकाश रजक, सोनू कुमार, बबलू मंसूरी, विकास जैन, राम लखन पासवान, नारायण वर्णवाल, सचिन कुमार, विनोद जैन अजमेरा, बीरेंद्र पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## डीसी ने की अबुआ आवास समेत अन्य योजनाओं की गहनता से जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा डीसी अबु इमरान ने रविवार को प्रतापपुर प्रखण्ड का दौरा कर मुख्यालय के रामपुर व प्रतापपुर पंचायत में चयनित अबुआ आवास समेत अन्य योजनाओं की गहनता से जांच की। प्रतापपुर पहुंचने पर उपयुक्त ने सबसे पहले प्रखंड कर्मियों व पदाधिकारियों के साथ प्रखंड कार्यालय में बैठक कर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वीप अभियान की समीक्षा की। तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय में नवनिर्मित एफसीआई खाद्यान्न गोदाम व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। डीसी उसके बाद प्रतापपुर पंचायत के पक्का गढ़,सुढ़ी मुहल्ला, बरवाटोला जाकर अबुआ आवास के लाभुकों से मिलकर भौतिक सत्यापन किया। उसके बाद वे सीधे रामपुर पंचायत के गेड़े गांव पहुंचे जहां अबुआ आवास के लाभुकों से मिलकर उनके रहन सहन,आय के साधन व पेयजल समस्या के बारे में बातचीत की। डीसी से मिलकर ग्रामीण काफी खुश दिखे। वापसी के क्रम में जोगियारा पंचायत के लोगों ने डीसी से मुलाकात कर पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच करने की मांग की। पंचायत के उप मुखिया उमेश भारती ने डीसी को एक ज्ञापन सौंप कर पंचायत के मुखिया आशीष भारती द्वारा अबुआ आवास में की जा रही अनियमितता से अवगत कराया। उप मुखिया ने ज्ञापन में कहा कि मुखिया आशीष भारती अपने स्वजनों व नजदीकी लोगों को अबुआ आवास का लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिन लोगों को अबुआ आवास योजना दिया जा रहा है ये लोग सुखी संपन्न हैं। जबकि कई ऐसे लोग हैं जो अबुआ आवास के लाभ से वंचित रह गए हैं और आज तक बेघर है अथवा कच्चे खपरैल मकान में रह रहे हैं। डीसी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, थाना प्रभारी कासिम अंसारी शामिल थे।



## बाप-बेटी के रिलेशन में फ्रैक्शन करवा रही केंद्र सरकार : सत्यानंद भोक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सह उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने झारखंड में भोक्ता जाति को केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर आड़े हाथों लेते हुए पंचायत चुनाव से वंचित करने का घिनौना षड्यंत्र रचने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के इस भोक्ता समाज विरोधी निर्णय से बाप-बेटी के रिलेशन में फ्रैक्शन पैदा हो गया है।

हमारे समाज की बेटियों की शादी झारखंड से बाहर बिहार व अन्य प्रदेशों में नहीं हो पा रही है। क्योंकि वहां के लोग यह कहकर हमारी बेटियों से शादी करने से इनकार कर रहे हैं कि हम झारखंड में आदिवासी कैटेगरी में शामिल हैं। अगर हमारी बेटियों से बिहार के लोगों की शादी होगी तो वह बिहार में पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। श्रम मंत्री चतरा के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत वशिष्टनगर जोरी के मुरैनवा गांव में भुईयां समाज द्वारा आयोजित सबरी पूजा समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। मौके पर श्रम मंत्री ने केंद्र सरकार से भुईयां जाति को भी आदिवासी का दर्जा देने की मांग की। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि बिहार में बेटी अनुसूचित जाति में आती है और झारखंड में बाप अनुसूचित जनजाति में। ऐसे में केंद्र सरकार का एक देश एक कानून के दावे को चिढ़ाते हुए उनके अनुसूचित जाति व जनजाति परिवारों के उत्थान और विकास के प्रति उनके नकारात्मक सोच को दशार्ता है। उन्होंने केंद्र सरकार के इस निर्णय पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि भोक्ता जाति को अनुसूचित जाति से जनजाति में शामिल करने की केंद्र सरकार के सामने ऐसी क्या जल्दी थी कि बगैर सर्वे कराए सिर्फ झारखंड के भोक्ता जाति के साथ षड्यंत्र रच हमे चुनाव से वंचित किया गया है। उन्होंने कहा है कि पूरे भारत में सर्वे करा कर रिपोर्ट के आधार पर देश भर के भोक्ता जाति के विकास को प्राथमिकता देते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए था। लेकिन सिर्फ झारखंड के भोक्ता जाती के लोगों को शामिल कर केंद्र सरकार ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। सत्यानंद ने कहा है कि भोक्ता जाती को अधिकार हर हाल में मिलना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमारे समाज के लोग आज भी विकास से महरूम है। उन्होंने भुईयां जाति को भी अनुसूचित जनजाति में शामिल करते हुए आदिवासी का दर्जा देने की मांग की। कहा कि जब बच्चा सोता है तो कोई नहीं पूछता, लेकिन जब वही बच्चा रोता है तो सभी उसके पीछे दूध लेकर दौड़ते हैं। ऐसे में हमें अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा। तभी जाकर हमें हमारा अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा है कि अनुसूचित जाति व इसमे शामिल भुईयां समाज में शिक्षा का स्तर निम्न है। समाज के लोग हाड़ी, माड़ी और ताड़ी के साथ-साथ अंधविश्वास के जाल में फंसे हैं। हमें खुद के विकास के लिए इससे बाहर आना होगा। श्रम मंत्री ने समाज के विकास व उत्थान को लेकर मौके पर 20 लाख रुपये की लागत से समुदायिक भवन और नियमित कार्यक्रम आयोजन को लेकर डेढ़ लाख रुपये के लागत से चबूतरा निर्माण कराने की घोषणा की।



## एक नजर में

### युवा शक्ति एक नई सोंच द्वारा आयोजित डोमचांच प्रीमियर लीग का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल स्थित पानी टंकी मैदान में युवा शक्ति एक नई सोंच द्वारा आयोजित डोमचांच प्रीमियर लीग का उद्घाटन मैच रविवार को मसनोडीह 11 स्टार व पावरफुल पिपचो के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी मौजूद थीं।

वहीं विशिष्ठ अतिथि सह स्पॉन्सर के रूप में बीपीएस बीएड कॉलेज के सचिव हिमांशु कुमार व प्रमांशु कुमार, एलआईसी अभिकर्ता नकुल कुमार राणा, समाजसेवी महेंद्र दास, बैनाथ आयरन एन्ड स्टील के उमेश वर्मा, श्री रामजानकी, डॉ आदित्य आनंद, उमेश मेहता मौजूद रहे। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं मसनोडीह 11 स्टार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मसनोडीह की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी पिपचो की टीम ने 152 ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर 8 विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ-द मैच संजीव कुमार को मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका दीपक सिंह, अनूप कुमार ने की। स्कोरर की भूमिका सुजीत कुमार ने निभाई। बता दें कि टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया है। मौके पर मिथिलेश यादव, सुजीत कुमार, भीम सिंह, डॉ. बिनोद कुमार, सेंटी कुमार, पिंटू पेंटर, अमरदीप कुमार, राकेश कुमार, संजय मेहता, विक्की कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए कोडरमा में 138 पर्दानशीं बूथ चिह्नित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मुस्लिम बहुल इलाकों में आम तौर पर मतदान केंद्रों पर जब बुर्कााारी महिलाएं वोट करने आती हैं तो प्रत्याशियों के बूथ एजेंट आपस में भिड़ जाते हैं। बोगस मतदान का आरोप लगा एजेंट बुर्का हटाने की मांग करते हैं, इसे लेकर विवाद होता है। इस कारण मतदान प्रभावित होता है। मतदान की गति ाीमी हो जाती है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए चुनाव आयोग पर्दानशीं बूथ लेकर आया है। इन बूथों पर महिला मतदान कर्मी तैनात की जाएंगी। प्रत्याशियों के एजेंटों द्वारा विरोा करने पर ये बुर्कााारी मतदाओं की पहचान करेंगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में इस बार चुनाव आयोग के निर्देश पर मुस्लिम महिला बहुल बूथों की पहचान की गई है। जिले में 138 ऐसे बूथों को चिह्नित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम ार्म की महिलाएं बुर्का पहन कर बूथों पर जाती हैं।

**बूथ पर एक महिला मतदान कर्मी तैनात होंगी :** ऐसे बूथों को पर्दानशीं नाम दिया गया है। इन बूथों पर कम से कम एक महिला मतदान कर्मी की तैनाती की जाएगी, जो वोटर महिलाओं की गोपनीयता के साथ पहचान करेंगी। मतदान में पारदर्शिता के लिए महिला कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। महिला मतदान कर्मी संबंाित प्रखंड की हों यह भी तय किया जाएगा।

### संगठन को मजबूत बनाने को लेकर क्षत्रिय महासंघ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसमोहना जोन के अयक्ष आनन्द सिंह की अयक्षता में बैठक आहूत की गयी। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और आए दिन क्षेत्र में हो रहे समस्या से निजात पाने के लिए सक्रिय पहल करना है। वहीं पर्यवेक्षक रणजीत कुमार सिंह एवं शिवशंकर सिंह ने कहा कि समाज में सक्रियता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से बैठक महीने में एक बार निश्चित रूप से करें तथा लोगों को समाज में सक्रियता बढ़ाने के लिए सक्रिय पहल करने की कोशिश करें, साथ ही समाज को एक नई दिशा देने की कोशिश करें। बैठक में शिवशंकर सिंह (आिवक्ता), रणजीत कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, अर्जुन प्रसाद सिंह, उदय सिंह, मदनमोहन सिंह, रामभजन सिंह, रामदेव सिंह, अम्बिका प्रसाद सिंह, हरिकिशोर सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, कैलाश सिंह, दिनेश सिंह, महेश सिंह, चंद्रदेव सिंह, लीलकंठ सिंह, सन्तोष सिंह, पुकार सिंह, मोनू सिंह, प्रवीन सिंह, बीरेंद्र सिंह, महेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, राजेश सिंह, भोला सिंह, नरेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, रूपेश सिंह, संजय सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# मोदी सरकार मजदूर किसानों की आवाज दबाने में लगी है : विजय सिंह

● किसानों के समर्थन में झानद व किसान सभा ने किया प्रदर्शन


किसानों के समर्थन में प्रदर्शन करते झानद व किसान सभा के सदस्य।

खबर मन्त संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के बैनर तले जिला मुख्यालय गुमला स्थित चंदाली गांव में किसानों के समर्थन में तथा दिल्ली स्थित शंभू बॉर्डर पर किसानों को सरकार द्वारा रोके जाने और किसानों पर बल प्रयोग करने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होश में आओ, किसानों पर जुल्म व शोषण करना बंद करो, शंभू बॉर्डर में आंदोलनरत पंजाब व हरियाणा के किसानों की मांग पूर्ण करो, किसान पेंशन लागू करो, फसल खरीद के लिए, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करो, मृतक किसानों को शहीद का दर्जा देना होगा जैसे नारे प्रदर्शन में शामिल किसानों के द्वारा लगाए गए। इस मौके पर उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसान व मजदूरों की आवाज दबाने में लगी है। यही कारण है कि शंभू बॉर्डर में पंजाब और हरियाणा के किसानों पर गैस के गोले चलाकर डराने और दिल्ली जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री सिंह ने गुमला में आयोजित 28 फरवरी 2024 को चेतावनी कार्यक्रम में किसानों की भी बात को प्रमुखता से उठाने की बात कही है। वहीं मजदूर किसान नेता प्रकाश उरांव ने कहा कि गुमला जिला में किसान हित के नाम पर लूट मची है। धान जैसे फसल में लागू न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 रुपए में किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं किसान कंगाल और मंत्री, कृषि विभाग के अधिकारी इंजीनियर व दलाल मालामाल हो रहे हैं। जिसके खिलाफ गुमला में किसान आंदोलन बहुत जल्द खड़ा किया जाएगा। प्रदर्शन में किसान बलिराम भगत, जगन्नाथ बैगा, चरवा उरांव, लक्ष्मण बैगा, कृष्णा लोहरा, डहरू उरांव, पुणई उरांव, एतवा उरांव, जगदीश उरांव, जूदेश्वर किंडो, सविता देवी, सोमो देवी, बिरसमनी देवी, जरनी देवी, सोमारी देवी, रोशनी कुजूर, जयमनी देवी, बंधईन देवी के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष किसान मौजूद थे।

## जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर धरना 28 को

ननबैंकिंग पीड़ित मंच के जमाकर्ता 28 फरवरी को गुमला के कचहरी में खून पसीने की जमा राशि का भुगतान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। श्री सिंह ने सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, पल्स, एपीलाइन, विश्वामित्र इत्यादि विभिन्न नन बैंकिंग कंपनियों में जमाकर्ताओं से अपील की है कि राज्य व केंद्र सरकार पर शुद्ध सहित पैसे की भुगतान के लिए पीड़ितों को एकजुट कर दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए, जमाकर्ताओं से पैसे की भुगतान के लिए गुमला में 28 फरवरी 2024 को होनेवाली कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## एक नजर में

### सहायक अध्यापकों और सहायक शिक्षको को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण


उपस्थित सहायक अध्यापक व सहायक शिक्षक।

**केतार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर देवेंद्र कुमार और राजेश्वर ठाकुर द्वारा दो पाली में दिया गया। प्रथम पाली में 41 सहायक अध्यापकों को जबकि दूसरी पाली में 36 सहायक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर देवेंद्र कुमार व राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी आपके कार्यों को आसान बना देगा। मतदान कर्मियों को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने ईवीएम के संचालन, मॉक पॉल, वीवीपैट के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर शिक्षक दीनानाथ मेहता, संतोष कुमार, धनंजय कुमार, दीपक पाल, दिलीप चंद्रवंशी, विनोद पाल, आशीष पाठक, राजू सिंह, उदयशंकर वैद्य, नरेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सदर प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन


उज्जवला योजना का लाभ प्रदान करते बीडीओ।

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रविवार को विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला एवमं सत्र न्यायाधीश श्री शेष नाथ सिंह ने किया। कैंप में अबुवा आवास, छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से साइकिल वितरण, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, सावित्री बाई फुले योजना, उज्जवला गैस योजना का लाभ लाभुकों को दिया गया। कार्यक्रम में शांति देवी, सीता देवी, रोज कुल्लू को आवास, रीना कुमारी, लावामुनी, अजंती, सुमित्रा को साइकिल, सुशीला देवी, थूनी देवी, दशमी देवी, गिरिजा देवी को उज्जवला योजना, बिरसा देवी, बिबियानी कुजूर, रानी लकड़ा, भेकली उरांव, बुधनी देवी को पेंशन का लाभ दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला दिलीप कुमार महतो, अधिवक्ता इंदु पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 299 रोगियों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण सह दवा वितरण

**केतार।** श्री अवधूत भगवान राम कुष्ट सेवा आश्रम पड़ाव वाराणसी के निर्देश पर रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा केतार के तत्वावधान में 299 रोगियों को नि :शुल्क नेत्र परीक्षण सह दवा वितरण किया गया। सर्वप्रथम डेंटल कॉलेज के निदेशक दिनेश सिंह ने अवधुत भगवान राम के प्रतिमा पर पूजा अर्चना के पश्चात पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम जी ने कहा कि आज आशीर्वचन देते हुए कहा कि जिस सुख-शांति को हम मृग-मरीचिका की भांति ढूढ़ रहे हैं। जो आज के परिवेश के लिए हानिकारक है।

# गुमला जिला डायन बिसाही के अभिशाप के जकड़ में है : बीडीओ


शिविर को संबोधित करते वक्ता व उपस्थित लोग।

**चैनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रखंड प्रशासन चैनपुर के संयुक्त तत्वावधान में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन कौशल विकास भवन चैनपुर में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैनपुर प्रखंड विकाश पदाधिकरी यादव बैठा ने मौजूद लोगों से कहा कि डायन बिसाही एक अंधविश्वास है। गुमला जिला डायन बिसाही के इस अभिशाप की जकड़ में है। इस अभिशाप से बचने की जरूरत है। ज्यादातर केस जमीन से संबंधित होती है। लोग लांछन लगाकर डायन बिसाही का नाम दे देते हैं और षड्यंत्र में फंसा कर हत्या कर देते हैं। आज के परिवेश में हमें जमीन और डायन को एक दूसरे का पूरक भी कर सकते हैं। वहीं मौजूद जेएएम प्रथम गुमला जया सुमिता कुजूर ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से बड़ी समस्याओं में से एक कानूनी लड़ाइयां व कानूनी पचड़ा को सरल बनाने का ही मुख्य उद्देश्य विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर लगाना है। इस अवसर पर लोगों के बीच धोती साड़ी, जॉब कार्ड, अबुवा आवास योजना, के साथ कई तरह की संपत्ति का वितरण भी किया गया। मौके पर मुख्य रूप से वकील प्रदीप कुमार पाण्डेय, विष्णु रौतिया, संदीप टेटे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कांति कुमारी सहित सभी पंचायतों के पंचयत सेवक व जन सेवक, वार्ड सदस्य, प्रखंड कर्मी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रपति शासन अविलंब लगे, अन्यथा गांव गांव तक होगा विरोध प्रदर्शन

# बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर जय श्रीराम समिति ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता


विरोध प्रदर्शन करते समिति के लोग।

**लोहरदगा।** शहर के पावारगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक संचालन समिति सदस्य ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के परिवर्तन प्रमुख संजय वर्मा उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से बंगाल के संदेशखाली में हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना को लेकर घोर निंदा की गई। बैठक के पश्चात देवी मंदिर से रैली के रूप में निकलकर मुख्य चौराहा सुभाष चौक पर जय श्रीराम समिति के द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया एवं ममता बनर्जी मुदार्बाद,बंगाल सरकार होश में आओ, टीएमसी गुंडो की गुंडागर्दी नहीं चलेगी, महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को फांसी दो, बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाना होगा के नारों के साथ पूरा चौक गुंजमय रहा। हिंदू जागरण मंच के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा ने कहा बंगाल में महिलाएं खुद सामने आकर खुद पर हुए अत्याचार की बातें बता रही है परंतु बंगाल सरकार के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला होने के बाद भी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार को मानने को तैयार नहीं, इसी बात को लेकर हिंदुस्तान के हिंदूओ में काफी आक्रोश है जो आने वाले दिनों में व्यापक रूप लेगी। जय श्रीराम समिति के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक रमेश उरांव ने कहा बंगाल सरकार की करनी और उनकी मानसिकता सनातन समाज विरोधी को प्रदर्शित करती ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य सारे सनातन समाज मिल कर करेंगे। उन्होंने कहा बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए लोहरदगा जिले से उठे विरोध का स्वर पूरे झारखंड ही नहीं पूरे देश में सुनाई देगा। वीरू दत्ता ने कहा मां, माटी और मानुष की बात कर ममता ने बंगाल के हिंदुओं को धोखा दिया है आनेवाले 24 के चुनाव में टीएमसी का पूरा सुफडा साफ होगा। संरक्षक ओम सिंह और अजय पंकज ने कहा जिस तरह बंगाल की घटना से लोग आहत हुए हैं। जल्द ही केंद्र सरकार इस पर ठोस निर्णय लेगी हम सब केंद्र सरकार से मांग करते हैं जल्द से जल्द बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाई जाए। महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ने कहा जो महिला होकर महिलाओं का सम्मान न करें ऐसे मुख्यमंत्री को रहने का कोई अधिकार नहीं है। इस मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव और ओम महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला संरक्षक, गन्यमान समेत जिला नगर के सभी पदाधिकारी और सदस्यगन्य मौजूद थे।

# संविधान हमे बराबरी का अधिकार देता है : रेश्मा सिंह

खबर मंत्र संवाददाता


कार्यशाला में मौजूद लोग।

**लोहरदगा।** शहर के छतर बगीचा स्थित होप कार्यालय में महिलाओं एवं कैडर के साथ दो दिवसीय कार्यशाला होप और फिमि के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। सामाजिक सुरक्षा योजना के प्रचार प्रसार एवं विशेष कर आदिवासी समुदाय तक उसका लाभ पहुचाने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन होप एवम फिमी के संयुक्त तत्वाधान में दो प्रखंड के चयनित कैडर का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। दूसरे दिन रेश्मा सिंह के द्वारा लोहरदगा जिले के सेन्हा और लोहरदगा प्रखंड के चयनित कैडरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न कानूनों से अवगत कराकर लाभ लोगो तक कैसे पहुंचे को लेकर लोगों को अवगत कराना है।उन्होंने कहा की हमारे क्षेत्र में असुरक्षित पलायन,ट्रेफिकिंग,बाल विवाह, डायन कुप्रथा, अशिक्षा, भेदभाव जैसे मुद्दे देखने को मिलते हैं। लोग अगर सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े रहेंगे तो समाज के कुरीतियों पर भी अंकुश लगाने में आसानी होगी। योजनाओं का लाभ ले कर अपने आर्थिक विकास में भी कार्य कर सकती है और समाज के उत्थान में भी सहयोगी भूमिका निभा सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 2 प्रखंडो के 35 कैडर उपस्थित थे।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

**गुमला।** शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा गुमला की बैठक रविवार को चेटर सूर्य मंदिर में महासभा के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया गया। नए सदस्यों को महासभा से जोड़ने के लिए वरिष्ठ जनों द्वारा समाज के लोगों के घर-घर जाने का निर्णय लिया गया। मंदिर के रंगरोदन का कार्य समाज के द्वारा सहयोगित राशि से जल्द शुरू करने का निर्णय हुआ। प्रस्ताव पारित किया गया समाज के बीच में किसी के सुख-दुख में सभी एक दूसरे के साथ रहेंगे। सामूहिक रूप से समाज सुख-दुख में एक साथ खड़ा रहेगा। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्ति एस.एस हाई स्कूल के संस्कृत के शिक्षक गौरीशंकर मिश्रा के निधन पर 2 मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## 26 फरवरी को पांच सूत्री मांग को लेकर रसोईया-संयोजिका रांची में देंगी धरना


बैठक को संबोधित करती जिलाध्यक्ष।

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक रविवार को गुमला में जिलाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के पांच सूत्री मांगों को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में सभी सदस्यों से जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने 26 फरवरी को रांची में आयोजित धरना में भाग लेने की अपील की। देवकी देवी ने कहा कि जिस विद्यालय में चार रसोईया-संयोजिका हैं वहां से दो और जहां दो हैं वहां से एक सदस्य जाएंगी। जिसको लेकर सरकार को भी संघ के द्वारा सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 17 मार्च तक उनकी मांगे पूरी नहीं करती है तो पूरे राज्य में 18 मार्च से मध्याह्न भोजन बनाना बंद कर दिया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। बैठक में एलिस एक्का, सीमा देवी, पुष्पा तिर्की, मुन्नी देवी, लुसिया एक्का सहित कई रसोईया-संयोजिका उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### शहीदों के सपनों का झारखंड बनायेंगे : सीएम

सीएम चंपई सोरेन ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने जांच एजेंसी की मंशा पर भी सवाल उठाया है। साथ ही कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी का वे सम्मान करते हैं। भेदभाव नहीं करें नहीं तो जनता सवाल उठायेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगर भाजपा की बात मान लेते तो कोई जांच एजेंसी दूर-दूर तक नजर नहीं आती। भाजपा से हाथ मिला लेते तो वह कभी जेल नहीं जाते। हेमंत बाबू को फंसाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, झारखंड में आदिवासी-मूलवासियों की जमीन को वापस दिलाने का काम केंद्रीय एजेंसी करें।

### राष्ट्रपति तीन स्टूडेंट्स को देंगी चांसलर मेडल

**यूनिवर्सिटी की यह पहचान :** प्रो केबी दास के मुताबिक यूनिवर्सिटी में 9 विद्यापीठ और 24 विभाग हैं। स्नातक और पीजी कार्यक्रमों के अलावा 20 विषयों में पांच वर्षीय एकीकृत यूजी-पीजी है। यूनिवर्सिटी के प्रोग्रामों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क में परिकल्पित निर्देशों के अनुरूप विकसित किया गया है। यहां एडमिशन एनटीए द्वारा आयोजित एक सामान्य प्रवेश परीक्षा (केंद्रीय यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा-सीयूईटी) के माध्यम से किया जाता है।

**इंटरनेशनल हब बनाने की तैयारी :** सीवी ने बताया कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी को इंटरनेशनल एजुकेशनल हब बनाने की तैयारी है। इस क्रम में साउथ कोरिया के साथ पिछले दिनों एमओयू भी हुआ है। इस क्रम में कोरिया के 21 स्टूडेंट्स ऑनलाइन तरीके से इस यूनिवर्सिटी से पढ़ाई भी कर रहे हैं। जल्द ही एक दर्जन से अधिक स्टूडेंट्स यहां आकर भी पढ़ाई करेंगे। आनेवाले समय में श्रीलंका सहित अन्य देशों के स्टूडेंट्स भी इस यूनिवर्सिटी का लाभ लेंगे। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के सामने अब भी जरूरत के हिसाब से जमीन अधिग्रहण की समस्या बनी हुई है। पानी, बिजली जैसी समस्या का स्थायी और पूरी तरह से निदान होना बाकी है। इसके लिए सक्षम माध्यम से प्रयास जारी है।

### आज गांव-गांव में ड्रोन दीदी की हो रही है चर्चा

**जानवर-इंसान टकराव रोकने की तरकीव :** पीएम मोदी ने कहा कि इंसान और बाघों के संघर्ष को कम करने के लिए अब प्रौद्योगिकी की मदद ली जा रही है। इस वर्ष तीन मार्च को मनाये जाने वाले विश्व वन्य जीव दिवस की थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। उन्होंने कहा, आज सबके जीवन में टेक्नोलॉजी का महत्व बहुत बढ़ गया है। मोबाइल फोन, डिजिटल गैजेट सबकी जिन्दगी का अहम हिस्सा बन गये हैं। अब डिजिटल गैजेट की मदद से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने में भी मदद मिल रही है।

**फर्स्ट टाइम वोटरों से की अपील :** पीएम ने कहा, मैं भी पहली बार मतदाता से आग्रह करूंगा कि वे रिकॉर्ड संख्या में वोट करें। 18 का होने के बाद आपको 18वीं लोकसभा के लिए सदस्य चुनने का मौका मिल रहा है। यानि ये 18वीं लोकसभा भी युवा आकांक्षा का प्रतीक होगी। इसलिए आपके वोट का महत्व और बढ़ गया है। आम चुनावों की इस हलचल के बीच आप, युवा, ना केवल, राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनिए, बल्कि इस दौरान चर्चा और बहस को लेकर भी जागरूक बने रहिये।

**मेरा पहला वोट देश के लिए :** पीएम ने ने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि कुछ दिन पहले ही चुनाव आयोग ने एक और अभियान की शुरूआत की है - 'मेरा पहला वोट देश के लिए'। इसके जरिए विशेष रूप से पहली बार के मतदाता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया गया है। भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। हमारे युवा साथी चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे।

**बिहार के भीम सिंह की चर्चा :** पीएम मोदी ने बिहार के भीम सिंह भवेश की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे देश में अनगिनत लोग निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। भीम सिंह भवेश मुसहर समुदाय के करीब आठ हजार बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराया है। हमारी संस्कृति की सीख है। 'परमार्थ परमो धर्मः' यानि दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना पर चलते हुए हमारे देश में अनगिनत लोग निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। ऐसे ही एक व्यक्ति हैं बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश जी। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हो, इसके लिए उन्होंने 100 से अधिक चिकित्सा शिविर लगवाये। कोरोनाकाल में भी भीम सिंह जी ने अपने क्षेत्र के लोगों को टीका लगवाने के लिए भी बहुत प्रोत्साहित किया।

# सीओ ने कहा की प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत होगी करवाई

## अवैध बालु लदा एक ट्रैक्टर किया गया जब्त

खबर मंत्र संवाददाता


जब्त ट्रैक्टर।

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जब्त किया गया। जानकारी अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा पुलिस द्वारा एकागुड़ी पथ से एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। एसआई मनोज कुमार द्वारा ट्रैक्टर नम्बर जेएच 0 8 एच 5694 को अवैध बालू के साथ पकड़ा गया। ट्रैक्टर चालक द्वारा बालु परिवहन को लेकर किसी तरह का कागजात नही दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वही सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि एकागुड़ी पथ से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते पकड़ा गया। ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र लिखा गया है। साथ ही कहा कि किसी प्रकार से अवैध बालु परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत करवाई किया जायेगा।

# महासदाशिव मंदिर रायडीह के छठवें वार्षिक महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

● 11 व 12 मार्च को होगा कार्यक्रम, कार्यक्रम को लेकर समितियों का हुआ गठन

खबर मंत्र संवाददाता

**रायडीह।** महासदाशिव मंदिर रायडीह के छठवें वार्षिक महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में प्रबंधन समिति की बैठक मुख्य संरक्षक श्री अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरूआत ओम के उच्चारण के साथ हुई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए विभिन्न उप समितियों एवं उनके प्रभारियों की नियुक्ति की गई। जिसमें कलश यात्रा का प्रभारी श्री रामानुज, भंडारा की जिम्मेदारी श्री उमेश कुमार सिंह जी को सौंपी गई। साधु संतों तथा विशिष्ट अतिथियों के स्वागतार्थ श्री बहादुर सिंह एवं श्री रामप्रसाद को नियुक्त किया गया। साधु संतों की सेवा के लिए विशेषकर सुश्री विनिता एवं राजकिशोर को नामित किया गया। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रबंधन का भार श्री शंकर पांडेय एवं श्री महावीर साहू जी को सौंपा गया है। श्री आकाश सिंह को जल, विद्युत, टेंट, ध्वनि, शृंगार आदि का जिम्मा सौंपा गया। इसके अतिरिक्त मेले के प्रबंधन का उत्तरदायित्व श्री भूषण सिंह, एडमंड इंदवार मुखिया एवं तैरस बेक सौंपा गया। इस वर्ष कलश यात्रा के साथ 51 झंडों के साथ, बैंड समूह, पाइका नर्तक, ढोल ढांक, ताशा पार्टी एवं साधु, संतों, आचार्यों की मंडली भी होगी जो शोभा यात्रा को भव्यतर बनाएगी। बैठक में महासदाशिव मंदिर वार्षिक महोत्सव का आयोजन 11 और 12 मार्च को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर प्रमुख श्री अनिरुद्ध सिंह, जगदीश सिंह, विज्ञान सिह, चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, जगनारायण सिंह, संजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 24वें मानस महायज्ञ प्रारंभ, निकाली गई कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


कलश में जल भरते व्रती।

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा में 11 हजार व्रतियों ने कलशों में जल भरा। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की निबंधित इकाई मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा 24वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सतबहिनी झरना तीर्थ की स्थापित परंपरा के अनुरूप रविवार को विराट कलश यात्रा निकाली गई। हाथों में धर्म ध्वज लिए बाजा गाजा के साथ श्रद्धालु कलश यात्री महिला, पुरुष जयकारा लगाते सतबहिनी झरना तीर्थ में एकत्र हुए।यज्ञाचार्य पं. श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवती मंदिर में कलशों का संकल्प कराया। इसके बाद सभी कलशयात्री माता का जयकारा लगाते, गीत गाते सैकड़ों दोपहिया, तीन पहिया व चार पहिया पर सवार होकर बजरंग बली मंदिर घाट बुढ़ीखांड़ पहुंचे। यहां कोयल व बांकी नदी के संगम पर यज्ञाचार्य व याज्ञिक पुरोहितों द्वारा प्रधान कलशधारी मुख्य यजमान सतबहिनी के संत हरिदास जी, कृष्णा शर्मा पत्नी सुशीला देवी खुटहेरिया, अमरेश चंद्र पत्नी पूनम देवी सबुआ, हरिगंगा दास सबुआ, सागर दास घटहुआं, दशरथ मिस्त्री काना ढोंढ़ ने कलशों में अभिमंत्रित जल भरा। वापस लौटकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलशों को स्थापित किया गया। प्रसाद ग्रहण कर सभी ने घर को प्रस्थान किया। 26 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणीमंथन के साथ विधिवत यज्ञ आरंभ हो जायेगा। सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक वृंदावन की मानस मंडली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ किया जाएगा। जबकि 26 फरवरी से 5 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक विशिष्ट विद्वानों का प्रवचन होगा। वहीं 06 मार्च को विसर्जन, संत-विद्वानों की विदाई व महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ में प्रवचन के लिए भारत के विभिन्न मंचों के पांच विशिष्ट वक्तागण प्रवचन के लिए पधार रहे हैं। इनमें देवरिया के क्रांतिकारी शैली के पंडित अखिलेशमणि शांडिल्य, मिजापुर के संगीतमय कथावाचक पंडित धर्मराज शास्त्री, वृंदावन की श्रीमद्भागवत महापुराण की कथावाचिका देवी शिखा चतुर्वेदी, गुप्तकाशी के आचार्य सौरभ भारद्वाज व बिहार के पंडित मुन्ना पाठक का प्रवचन सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं. मुरलीधर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह, ददुआ जी, जयकिशुन राम, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, हरिनाथ चंद्रवंशी, रामरंजन, उपेंद्र नारायण द्विवेदी, सुदर्शन तिवारी, रामजन्म पांडेय, अनूप कुमार सिंह, विवेक चैबे, नवलकिशोर तिवारी, अवधेश गुप्ता, करंजू पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री ने पूर्णिया मेडिकल कॉलेज का किया उद्घाटन

**पूर्णिया।** पूर्णिया में रविवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार भी ऑनलाइन मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद संतोष कुशवाहा ने कहा कि आज पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से वर्चुअल माध्यम से किया जाना ऐतिहासिक रहा। पूर्णिया पहले से भी मेडिकल का हब है और आने वाले दिनों में स्वास्थ्य -सेवा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज अस्पताल मील का पत्थर साबित होगा।सीमांचल के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। धमदाहा विधायक एवं पूर्व मंत्री लेसी सिंह, बनमनखी विधायक तथा पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार ऋषि, रूपौली विधायक बीमा भारती, डिप्टी मेयर पल्लवी गुप्ता इत्यादि मौके पर मौजूद थी।

### कुख्यात कुंदन साह अररिया से गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिला के टॉप-10 की सूची में शामिल 50 हजार रुपया का इनामी कुख्यात अपराधी कुंदन साह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी। उन्होंने बताया कि कुंदन साह भागलपुर का रहने वाला है। साह का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ कई थाने में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

### मृत घोषित दारोगा को अधिवक्ता ने जिंदा ढूंढा

**पटना।** एडवोकेट एसोसिएशन में मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने 15 वर्ष पूर्व मृत दारोगा रामचंद्र सिंह को जिन्दा ढूंढ निकालने की खुशी में सुंदरकांड का पाठ किया। बारह साल पहले अधिवक्ता एसके झा ने जनेऊ तोड़कर दारोगा रामचंद्र सिंह को जिन्दा ढूंढने का संकल्प लिया था। इस संकल्प के पूरा होने पर अधिवक्ता ने जनेऊ फिर से धारण कर लिया। रामचंद्र सिंह वही दारोगा है, जिन्होंने कोर्ट में मृत्यु प्रमाणपत्र जमा कराकर खुद के मृत घोषित करा दिया था।कोर्ट को एक कांड की गलत जांच करने के मामले में दारोगा रामचंद्र सिंह की तलाश थी। तब कोर्ट में उपस्थित होने के बजाय उन्होंने पत्नी के जरिए एसएसपी मुजफ्फरपुर के माध्यम से कोर्ट में मृत्यु प्रमाण पत्र दायर करा दिया।

### योगी ने 1782 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में उप्र लोकसेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और विद्युत सेवा आयोग के लिए 1782 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे प्रसन्नता है कि मिशन रोजगार के तहत प्रदेश के युवाओं को अलग-अलग विभागों में सेवा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। युवा प्रतिभाओं को और उनके परिजनों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं को सुचिता एवं पारदर्शिता से नौकरी देने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले सात सालों में छह लाख से अधिक सरकारी नौकरी दी गई है।

### रक्सौल में नेपाली ई रिक्शा के एंट्री पर रोक

मोतिहारी। रक्सौल प्रशासन ने भारतीय सीमा में नेपाली ई रिक्शा व टेम्पू के प्रवेश को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। जाम की समस्या को देखते हुए उक्त निर्णय लिया गया। जाम की समस्या से जुझते रक्सौल शहर को इससे निजात दिलाने को लेकर एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित ने उक्त आदेश जारी कर इसकी जिम्मेदारी नगर परिषद को सौपी है। एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित द्वारा जारी पत्र में नगरपरिषद को निर्देशित किया है,कि रक्सौल मैत्री पुल के नीचे एक खाली जगह चिन्हित कर नेपाली ई रिक्शा टेंपू लगवाये ताकि दोनों तरफ से आने व जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो।

## उप्र के कौशांबी में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 9 मरे और 7 जख्मी

**एजेंसी**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के ग्राम अमहा में रविवार को पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग जख्मी हुए हैं। एक व्यक्ति लापता है।अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर, आईजी प्रयागराज चन्द्रप्रकाश मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर के मुताबिक घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच में केमिकल एवं बारूद अत्यधिक मात्रा में होने के संकेत मिले हैं। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस एवं फोरेंसिक की टीम छानबीन कर रही हैं। हादसे के बाद भरवारी से मंझनपुर एवं भरवारी से प्रयागराज के बीच ग्रीन कारिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय पुलिस के मुताबिक भरवारी कस्बे से दो किलोमीटर दूर सुबह 11 बजे ग्राम अमहा स्थित न्यू रंगोली फायर वर्क्स फैक्टरी में अचानक भीषण धमाके शुरू हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह घरों में थे। उन्हें लगा कि मौसम खराब होने की वजह से बिजली कड़क रही है लेकिन कुछ ही देर में धुंए का गुबार आसमान में देख आसपास के लोग सहम गए। चीख-पुकार व जान बचाने की जद्दोजहद कर रहे लोगों को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने मदद पहुंचाने की कोशिश की।अपर पुलिस महानिदेशक भाष्कर ने बताया कि पुलिस को प्राथमिक सूचना 11:50 पर मिली। तत्काल राहत एवं मदद पुलिस द्वारा शुरू कराया गया। चीफ फायर अफसर आरके पांडेय के नेतृत्व में पांच फायर बिग्रेड की टीमें आग पर काबू पाने में जुटीं। घटना में अब तक 9 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है जबकि सात जख्मी हैं। घायलों का उपचार प्रयागराज और मंझनपुर के अस्पतालों में किया जा रहा है। घटना में अमहा, बैरिहा, मारूफपुर, चमन्धा, सगुनी गांव के दो दर्जन से अधिक मजदूर पटाखे का निर्माण एवं पैकेजिंग कर रहे थे। धमाका होते ही मजदूर जान बचाकर भागने लगे।

## मोदी को द्वारका को दिया सिग्नेचर ब्रिज का तोहफा



गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन को आसान बनाने वाले सिग्नेचर ब्रिज और व्यू गैलरी का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### प्रधानमंत्री ने राजकोट, रायबरेली, बठिंडा, कल्याणी और मंगलागिरि में एम्स का किया उद्घाटन, कहा

# देश तीसरी बार दे रहा आशीर्वाद अबकी बार एनडीए 400 के पार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को दिल्ली के बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश तीसरी बार एनडीए सरकार को आशीर्वाद दे रहा है और पूरा देश अबकी बार 400 पार का विश्वास दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय देश के सारे प्रमुख कार्यक्रम दिल्ली में ही होकर रह जाते थे। आज देश के शहरों में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होना एक नई परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने भारत

**10 वर्षों में देश का हेल्थकेयर सिस्टम पूरी तरह बदल गया**

सरकार को दिल्ली से बाहर निकालकर देश के कोने-कोने में पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के राजकोट, पंजाब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलागिरि में पांच एम्स का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकासशील भारत तेज गति से काम कर रहा है और विकास कार्यों को पूरा कर रहा है। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को विकसित होते देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत ने कोरोना को हराया, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि बीते 10 वर्षों में भारत का हेल्थकेयर सिस्टम पूरी तरह बदल गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी राजनीतिक यात्रा को याद कर कहा कि उनकी चुनावी यात्रा की शुरूआत में राजकोट की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उन्हें प्यार और आशीर्वाद दे रहा है जिसमें यश का हकदार राजकोट भी है। 22 साल पहले 24 फरवरी को ही राजकोट ने पहली बार उन्हें अपना एमएलए चुना था और आज 25 फरवरी के दिन पहली बार राजकोट के विधायक के तौर पर विधानसभा में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजादी के 50 वर्षों तक देश में सिर्फ एक एम्स था और वो भी दिल्ली में था। आजादी के 7 दशकों में सिर्फ 7 एम्स को मंजूरी दी गई, लेकिन वे भी कभी पूरे नहीं बन पाए। आज बीते 10 दिन में 7 नए एम्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

**सिग्नेचर ब्रिज मोदी की गारंटी का उदाहरण :** प्रधानमंत्री ने ओखा से बेट द्वारका को जोड़ने वाले और द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन को आसान बनाने वाले सिग्नेचर ब्रिज और व्यू गैलरी का उद्घाटन किया। सिग्नेचर ब्रिज को प्रधानमंत्री ने मोदी की गारंटी का एक उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के सामने पुल का प्रस्ताव रखा था। उनके अनुरोधों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। रविवार को सुदर्शन सेतु का निर्माण उनके ही हाथों होना तय था।

### 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं की आज सौगात देंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 26 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लगभग दो हजार रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। पुनर्विकसित गोमती नगर रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे। साथ ही लगभग 21,520 करोड़ रुपये की लागत से देशभर में 1500 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री कल सुबह नई दिल्ली के भारत मंडपम में देश में आयोजित होने वाले अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक, भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन करेंगे। भारत टेक्स 2024 का आयोजन 26-29 फरवरी तक किया जा रहा है।

## अयोध्या में काशी की पूड़ी, कचौड़ी व जलेबी का स्वाद चखेंगे रामभक्त

**वाराणसी।** अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन पूजन के बाद रामभक्त बनारस की पूड़ी कचौड़ी और जलेबी का भी स्वाद ले सकेंगे। इसके लिए श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति की ओर से अयोध्या पंचवटी में 15 दिवसीय भंडारा चलाया जाएगा। भंडारे में पूड़ी, कचौड़ी,जलेबी के साथ, इडली, डोसा, दाल,चावल और अन्य व्यजंन भी मिलेगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आमंत्रण पर श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति की 40 सदस्यीय टीम रविवार को महमूरगंज से भंडारे के सामान के साथ अयोध्या रवाना हो गई। समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह बंटी के अनुसार अयोध्या में बने भव्य मंदिर में श्री रामलला को विराजे एक माह से अधिक का समय बीत गए, इस बीच 65 लाख से अधिक राम भक्तों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई । रामभक्तों की सुविधा के लिए अयोध्या में कई भंडारे संचालित हो रहे हैं, जिसमें अब काशी का प्रसिद्ध भंडारा

**श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति पंचवटी करेगा भंडारा**

समिति भी शामिल हो गया है। समिति देश दुनिया के राम भक्तों का शिविर में बनारसी व्यंजनों से स्वागत करने के लिए तैयार है। समिति के सदस्यों के अनुसार काशी से अयोध्या के लिए निकल रहे रामभक्त सिर्फ रामलला का दर्शन ही नही करेंगे, अन्य राम भक्तों की सेवा भी करेंगे। श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति 15 दिन अयोध्या में बनारसी भोजन राम भक्तों को परोसेगी । प्रथम चरण में 40 सदस्यीय टीम अयोध्या के लिए निकल रही है, जिनके साथ भंडारे के लिए सारे अनाज, कढ़ाई, चूल्हा, और अन्य व्यवस्थाएं जा रही हैं, यह जत्था पूरे 15 दिनों तक रहकर अयोध्या पंचवटी में प्रत्येक दिन लगभग 8 से दस हजार लोगों को भोजन कराएगी । भंडारे में पूरा अनाज काशी के शिव भक्त अपनी तरफ से भगवान श्रीराम लला के चरणो में अर्पित करेंगे।

## बसपा सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा का थामा दामन

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष मायावती को अपना इस्तीफा भेजने के साथ अम्बेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामा है। भाजपा से जोड़ते हुए चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पाण्डा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रितेश पाण्डेय का स्वागत किया। सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री की विकास की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा में आये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के सभी वायदों को पूरा किया है। वाराणसी से अयोध्या तक एक मुख्य मार्ग की मांग को भी अब



पूरा कर दिया गया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रश्न पर कहा कि भाजपा ने मौका दिया तो वह फिर से अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा पार्टी से जुड़कर विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करेंगे।

### महाराष्ट्र में सिमी का सदस्य हनीफ धराया

**नयी दिल्ली।** प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्य हनीफ शेख को 22 साल बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से गिरफ्तार किया। शेख के खिलाफ 2001 में दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में यूएपीए के तहत मामला दर्ज हुआ था। हनीफ शेख सिमी के मैगजीन इस्लामिक मूवमेंट के उर्दू संस्करण का संपादक था। स्पेशल सेल के डीसीपी आलोक कुमार ने रविवार को बताया कि पिछले चार साल से स्पेशल सेल की टीम हनीफ शेख का पीछा कर रही थी। हनीफ पर साल 2001 में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के मामले में एफआईआर हुई थी। इसके ट्रायल के दौरान 2002 में उसे भगोड़ा घोषित किया गया था।

## ससुराल में अभिनेत्री रकुल सिंह ने बनायी पहली डिश



**मुंबई।** नवविवाहित अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने ससुराल में पहली डिश बनाई है। उन्होंने इस खाने की फोटो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में पोस्ट की है। रकुल ने शादी के बाद अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पिक्चर भी बदल दी है। उन्होंने अब अपनी प्रोफाइल पर जैकी के साथ शादी समारोह की फोटो लगा रखी है। शादी के बाद बहू अपने परिवार के लिए सबसे पहले कुछ मीठा बनाती है। रकुल ने भी इस परंपरा को निभाकर ससुराल वालों के लिए मिठाई बनाई है। रकुल इस रस्म को चौका चढ़ाना कहती हैं। शादी के बाद की सभी रस्में अब निभाई जा रही हैं। उसी के एक हिस्से के रूप में रकुल ने जैकी के लिए शिरा बनाई। कुल मिलाकर रकुल-जैकी की जिंदगी अब शुरू हो चुकी है।

## यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर भारी बमबारी

### अमेरिका और ब्रिटेन समेत सात देशों की सेना की संयुक्त कार्रवाई

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटेन सहित सात देशों की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बड़ा हमला किया। यमन की राजधानी सना के हूती ठिकानों को निशाना बना कर ये हमले किए गए। हूती विद्रोहियों के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में हिस्सा लेने वाले देशों ने शनिवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यमन में यह सैन्य कार्रवाई 8 स्थानों पर की गई जिसमें हूती के 18 ठिकानों को निशाना बनाया गया। हमले को अमेरिका और ब्रिटेन के साथ ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की सैन्य भागीदारी में अंजाम दिया गया।अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के मुताबिक हमले का उद्देश्य ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की ताकत को खात्मा करना है।



हूती विद्रोही अगर अपने हमले नहीं रोके तो इसके गंभीर परिणाम उसे भुगतने होंगे। हूती मध्य पूर्वी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यमन सहित अन्य देशों को दी जाने वाली मानवीय सहायता के वितरण में भी ये बाधा पैदा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मौजूदा सप्ताह की शुरूआत में हूती विद्रोहियों ने ब्रिटेन के स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज पर हमले किए और अमेरिकी विध्वंसक पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी। उन्होंने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से इजरायल के बंदरगाह और रिसॉर्ट शहर को निशाना बनाया था।

**अदन की खाड़ी में ब्रिटेन के जहाज पर हमला**

**लंदन।** ब्रिटेन की नौसेना से जुड़े यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने रविवार को कहा कि उसे अदन की खाड़ी में एक जहाज पर हमले की जानकारी प्राप्त हुई है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने शनिवार शाम को कहा कि वाशिंगटन और ब्रिटेन सहित उसके सहयोगियों ने लाल सागर और आसपास के जलमार्गों में वाणिज्यिक और नौसैनिक जहाजों के खिलाफ हूती विद्रोहियों के निरंतर हमलों के जवाब में यमन में हूती ठिकानों पर हमले किए।

### जीडीपी और एफपीआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई ।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत मजबूत रहे सेंसेक्स और निफ्टी की चाल अगले सप्ताह चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), जीएसटी, आईआईपी और पीएमआई आंकड़े के साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 716.16 अंक अर्थात 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73142.80 अंक हो गया। निफ्टी 172 अंक उछलकर 22212.80 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। मिडकैप मामूली बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 39934.21 अंक पर सपाट रहा।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# डोमचांच थाना पुलिस ने अभ्रक लदा बारह चक्का ट्रक किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने पदभार ग्रहण करते हुए बड़ी कार्यवाई की है। उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कालीमंडा गोसाईंरथा के समीप से अभ्रक लदा 12 चक्का ट्रक जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच के कालीमंडा की ओर से अभ्रक लदा बारह चक्का ट्रक ढाब रोड की ओर से आ रहा है। सूचना के आलोक में थाना पुलिस ने सूचना के सत्यापन हेतु उक्त स्थल पर पंहुचा तो देखा एक बारह चक्का ट्रक कालीमंडा की ओर से आ रहा है।

पुलिस द्वारा उक्त ट्रक को हांथ दिया गया तो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस द्वारा ट्रक की जांच की गई तो उसमें बोरे में भरकर अभ्रक लदा हुआ पाया गया, जिसे जप्त कर थाना लाया गया। मामले को लेकर अग्रेत्तर कार्यवाई की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से कार्य करने पर तत्काल कार्यवाई करूंगा। साथ ही महिला उत्पीड़न के साथ-साथ समाज के हर तबके के लोगों को साथ लेकर चलना और शांति व्यवस्था बरकरार रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों के विश्वास को कायम रखने का प्रयास होगा। इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की।

## पीएम मोदी के धनबाद आगमन को लेकर भाजपाइयों ने किया चलकरी में बैठक

**बेरमो /फुसरो।** एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन को लेकर रविवार को चलकरी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भाजपा अंगवाली मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। यहां मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी डॉ. प्रह्लाद वरनवाल एवं लाभार्थी संपर्क अभियान के मंडल संयोजक मुकेश मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में मंडल प्रभारी डॉ. प्रह्लाद वर्णवाल ने कहा कि एक मार्च 2024 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धनबाद आगमन को सफल बनाना है। जिसके लिए लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कहा कि अंगवाली मंडल के दसों शक्तिकेन्द्र में प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त किया गया। कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मंडल से काफी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे और अभिभाषण को सुनकर लाभ उठाएंगे। मौके पर मनोज ठाकुर हरेंद्र मंडल, राजकुमार ठाकुर, आशिष नायक, रुद्रेश्वर शर्मा, देवन करमाली आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक हुवा सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा टाउन हॉल में भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सह संयोजक रामेश्वर मिस्त्री व संचालन सह संयोजक शिव प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक का प्रारूप लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला के रूप में था, जहां जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता एवं सांसद प्रतिनिधि सह इस अभियान के जिला सह संयोजक ईश्वर दयाल पांडेय ने उपस्थित लोगों के बीच अपने विचार को रखा। भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत एक से चार मार्च के बीच टंडवा मंडल के अंतर्गत सभी पंचायत के लाभार्थी के घर पहुंचकर संपर्क करने का अभियान सुनिश्चित किया गया है। लाभार्थी देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संचालित केंद्र की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं उनके घर लाभार्थी की समृद्धि, मोदी की गारंटी से संबंधित पत्र देकर आभार जताया जायेगा । मौके पर विशेष रूप में किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणेश प्रसाद साहू उर्फ ललित साहू, वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, अरुण पांडेय, राजमनी सिंह, नथु प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री धनंजय चौबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष बेबी देवी, संजू देवी, रूबी देवी, विनय सिंह, जगदीश पासवान समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कथावाचक अंजनी सुप्रिया प्रवचन से बहायेगी ज्ञान की गंगा

### कल्याणपुर में एक मार्च को शतचंडीरुद्र उत्सव महायज्ञ को लेकर कलश सह शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** एक मार्च से आयोजित होनेवाला शतचंडीरुद्र उत्सव महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर ग्रामीण दिन रात लगे हुए है। महायज्ञ के लिए यज्ञ मंडप बनकर तैयार हो गया है। ग्रामीणों में में यज्ञ को लेकर काफी उत्साह है, यज्ञ को सफल बनाने हेतु ग्रामीण दिनरात मेहनत कर रहे हैं। मालूम हो कि यज्ञ को सफल बनाने हेतु कल्याणपुर के दोनों समुदाय (हिन्दू-मुस्लिम) लगे हुए है। एक मार्च को महायज्ञ को लेकर कलश सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। यज्ञाचार्य श्री लक्ष्मी नारायण तिवारी उपस्थित रहेंगे।



**प्रवचन :** दो मार्च से आठ मार्च तक संध्या आठ बजे से बारह बजे रात तक होगा। मालूम हो कि यज्ञ को लेकर (हिन्दू-मुस्लिम) दोनों समुदाय लगे हुए है । महायज्ञ को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सचिव महादेव प्रजापति, कोषाध्यक्ष निरंजन प्रजापति, उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, पेमन नायक प्रवक्ता राजेंद्र प्रजापति, संरक्षक युगल प्रजापति, सहदेव प्रजापति, अमृत यादव को बनाया गया हैं। इसके अलावे यज्ञ को सफल बनाने में सुरेंद्र सिंह, महादेव प्रजापति, पेमन नायक विजय प्रजापति सहदेव प्रजापति, अमृत यादव, युगल प्रजापति बैजनाथ राणा मोहम्मद आलम साहब, मोहम्मद मोजाहिर हुसैन, मोहम्मद इस्त्राईल साहब समेत लोगो का नाम शामिल है ।

एक नजर में

### नमामि गंगे योजना के तहत

## निरंजना बचाव अभियान को लेकर निकाला गया जल यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** नमामि गंगे योजना के तहत चलाए जा रहे निरंजना बचाओ अभियान के तहत रविवार को हंटरगंज में जल यात्रा सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल यात्रा और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरंजना बचाओ अभियान के सदस्य नावाडीह पंचायत के मुखिया बसंती पन्ना, संतोष कुमार सप्तऋषि और छोटू यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान जल यात्रा में चेतना भारती आश्रम के बच्चे ग्रामीण महिला पुरुष काफी संख्या में शामिल हुए। जल यात्रा हंटरगंज के निरंजना नदी के विभिन्न घाटों पर पहुंचा और वहा निरंजना नदी के बचाव को लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम किया। इस दौरान निरंजना नदी को सदाबह बनाने और इसके आसपास पौधों को लगाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कई जल स्त्रोतो का भ्रमण भी किया गया और इन सूखे जल स्त्रोतों को जलमग्न बनाने को लेकर चर्चा किया गया। मुखिया बसंती पन्ना ने बताया कि निरंजना नदी बचाओ अभियान का शुभारंभ बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अलेरकर के द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन-जिन पंचायत से निरंजना नदी गुजरी है वहां यह अभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा। यात्रा में शामिल लोगों ने निरंजना नदी बचाओ जीवन बचाओ का नारे लगा रहे थे।

## असंगठित मजदूर मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन, रामचंद्र महतो बने अध्यक्ष

**बेरमो।** असंगठित मजदूर मोर्चा के कार्यकताओं का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को डीवीसी बोकारो क्लब कामरेड स्वःसत्यनारायण भाटाचार्जी हाल में हुई। सम्मेलन की शुरूआत असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय महासचिव निताई महतो ने यूनियन का झंडोतोलन कर शहिद बेदी पर माल्यार्पण किया। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय महासचिव निताई महतो ने कहा की इस यूनियन का गठन वर्ष 2010 में पूर्व सांसद स्वः एके राय ने किया था। तभी से यह यूनियन मजदूर हित में कार्य कर रही है। मजदूरों के हक व अधिकार के लिए आंदोलन को तेज करेगी। वही सम्मेलन को संबोधित करते हुवे मजदूर नेता बच्चा सिंह ने कहा की बोकारो थर्मल में कई ट्रेड यूनियनें है परंतु सभी मजदूर हित में काम करने के बजाय प्रबंधन के हित में काम करती है जिस कारण मजदूर अपने हक व अधिकारो से वंचित रह रहे है। मजदूरों को जिन्दा रहने के लिए ईमानदार ट्रेड यूनियन की अति आवश्यक है। सम्मेलन की अध्यक्षता अजीत राय, सुमित्रा मुर्मू, कन्हैया पांडेय एवं रामचंद्र महतो संयुक्त रूप से कर रहे थे। इस अवसर पर असंगठित मजदूर मोर्चा का बोकारो थर्मल शाखा कमिटी का गठन कर नए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। जिसमे बतौर अध्यक्ष राम चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, अर्जुन मुर्मू, लोमेश महतो, सचिव रघुवर सिंह, सहसचिव सुमित्रा मुर्मू, संजय तुरी, संजीत कुमार नोनिया, सह संगठन सचिव दिलीप कुमार, मोती लाल तुरी, कुलदीप कुमार, इन्द्रनाथ उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रकाश लोहार, संजय कुमार राम, नागेन्द्र रविदास सहित 16 लोग शामिल हैं।

## सौरव कुमार शर्मा बने मरकच्चो के थाना प्रभारी, किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में सौरव कुमार शर्मा ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार लेने के बाद नए थाना प्रभारी ने पत्रकारों को बताया कि थाना में बिचौलिया-वाद पर अंकुश लगाना, महिला उत्पीड़न के साथ-साथ समाज के हर तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना, अपरा पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों पर विश्वास को कायम रखने का प्रयास होगा। इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से सहयोग करने कि अपील की।

## पिकअप वैन पेड़ में मारी टक्कर पांच घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी मोड़ से इटखोरी जा रही पिक अप वैन ने सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दी। जिसमे वाहन पर सवार छः लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक वाहन पर ईट लादकर इटखोरी के तरफ जा रहे थे। इसी बीच करमा के तेतरिया मोड़ समीप चालक ने संतुलन खो दिया। सड़क किनारे पेड़ में जाकर टक्कर मार दी। टक्कर मरने से गाड़ी सड़क किनारे पलट गई।

दुर्घटना के कारण गाड़ी पर सवार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया।

### फॉर लेन निर्माण कार्य करा रहे एजेंसी का आतंक, 40 वर्ष पहले बना सैलून को ढाहा

## 40 वर्षों से सैलून चला कर परिवार का कर रहा था भरण-पोषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एक तरफ देश के विकास के लिए बेहतर सड़क का निर्माण किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ निर्माण कार्य करा रहे एजेंसी के तानाशाही रवैया के कारण 40 वर्षों का रोजगार छिन जाने से परिवार के लोग भूखे मरने के कगार पर पहुंच जाएंगे। हम बात कर रहे हैं पोलपोल से शंखा तक बन रहें एन एच फोरलेन निर्माण का। जानकारी के अनुसार पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के पाटन मोड़ पर पिछले 40 वर्षों से मन्तु ठाकुर सैलून चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। फोरलेन निर्माण कार्य करा रही एजेंसी भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने रविवार को प्रशासन के बगैर आदेश बाजबरन जेसीबी मशीन लगाकर दुकान ढाह दिया गया। विरोध करने पर कंपनी के अधिकारियों का कहना था कि सरकारी जमीन पर दुकान है इसलिए दुकान ढाहा जा रहा है। ज्यादा विरोध किजिएगा तो केस में फसा कर जेल भेजवा देंगे। प्रभावित मन्तु ठाकुर ने बताया कि पूर्व में अंचल अधिकारी ने नोटिस देकर खाता 311 प्लॉट 1695 में स्थित 17 फीट चौड़ा और 15 फीट लंबा दुकान को सार्वजनिक भूमि अधिग्रहण विधान 1956 बिहार एक्ट 15 सन 1956 की धारा 2 के तहत सरकारी भूमि पर बने दुकान को खाली करने को ले सुनवाई करने एवम अंचल कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया था।सुनवाई में नोटिस के आलोक में दुकान हटाने का मौखिक निर्देश दिया गया था।लेकिन दुकान संचालक मन्तु ठाकुर का कहना है की उनका दुकान केशरे हिंद की जमीन था। मन्तु ने सीओ को बताया था कि वही दुकान उसका जीने का सहारा है। वह 40 वर्षों से सैलून चला कर परिवार चला रहा है। यदि यह सरकारी जमीन है तो कम से कम मेरे दुकान का मुआवजा का भुगतान करा दिजिए। मन्तु के अनुसार सीओ ने जांच कर अगले कारवाई करने का आश्वासन दिया था। इसी बीच रविवार को भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बाजबरन सैलून को ढाह दिया गया।





सैलून को ढाहते जेसीबी मशीन।

### दुकान ढाहने का आदेश मैंने किसी को नहीं दिया हूं: सीओ

पड़वा अंचल के सीओ हलधर सेठी ने कहा कि पाटन मोड़ पर सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर दुकान बनाया गया है। दुकान खाली करने का या जमीन का कोई कागजात उपलब्ध कराने के लिए नोटिस मन्तु ठाकुर को दिया गया था। लेकिन मन्तु ठाकुर द्वारा कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया।

सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की जा रही थी। लेकिन रविवार को दुकान ढाहने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। दुकान प्रशासन द्वारा नहीं ढाहा गया है। उन्होंने किसी एजेंसी को दुकान ढाहने का आदेश भी नहीं दिया है।

## हमारी आजादी के लिए प्राण न्योछावर कर देते हैं जवान, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है: निगम

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अन्तर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर स्थित खेलाचंडी मैदान में रविवार को रक्षा समुह गोमिया द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता समारोह के अध्यक्ष एसआई पाचूलाल यादव एवं संचालन भोला रविदास ने किया। कार्यक्रम का शुरूआत सर्वप्रथम वंदे मातरम गायन से हुई तो शहीदों के परिजनों की आंखें छलक पड़ीं। पहली बार शहीदों के सम्मान में इतना भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह प्रखंड स्तरीय था। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट निगम प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहां कार्यक्रम में आर्मी, बीएसएफ, सीआरपीएफ,आइआरबी कोबरा,आईटीबीपी, जेप, झारखंड पुलिस एवं तमाम फोर्स के लोग शामिल थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कमांडेंट निगम प्रसाद ने कहा की हमारी आजादी के लिए प्राण न्योछावर कर देते हैं जवान, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। कहा कि इस तरह की प्रोग्राम करने से यहा की युवाओ को हिम्मत आगे बढ़ने की हौसला बढेगा। कहा कि अधिकतर युवा डिफेंसलाइन में बेहतर तरीके से तैयारी कर सकते है।कहा की शहीदों के परिजनों का सम्मान कर हम लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा देश की अजादी को चिरस्थाई रखने केलिए हमारे जवान प्राणों की आहूति देते हैं। इसलिए उनका और उनके परिजनों का सम्मान करना हमसब का कर्तव्य है।इसकार्यक्रम में शहीद बिनोद यादव की पत्नी अंजु देवी एवं उनके बच्चो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही एसआई पाचुलाल यादव ने कहा शाहिद परिवार में बच्चे बच्चियों को पढाई लिखाई में किसी तरह से कठिनाइयों कि सामना नहीं करना पड़ेगा साथ में शादी विवाह मे हमसभी लोग मदद करने की काम करेंगे। इसके पूर्व रक्षा समुह के लोगों द्वारा मुख्य अतिथि को बुक्के देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर्मी रिटायरमेंट गंगाधर यादव, एएसआई रामदेव रविदास, अनिल रविदास, समारोह सचिव धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष मांझी सहित भारी संख्या में जवान उपस्थित थे।

## लेस्लीगंज : गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ क्षेत्रीय सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लेस्लीगंज, पलामू।** रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र के प्रमुख मुद्दे पर रविवार को पलामू जिला अंतर्गत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज के सभागार में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी,न्यायिक अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि, पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, पलामू के उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया। न्यायिक अकादमी झारखंड के सहयोग से पलामू, गढ़वा व लातेहार न्याय मंडल की और से इस क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में गढ़वा के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, व लातेहार के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, न्यायिक पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट, पलामू के आई जी राज कुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव आदि मौजूद थे। इस मौके पर मंचासीन अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। बीएनएस लॉ कॉलेज के छात्राओं द्वारा अतिथियों को सरस्वती बन्दना गाकर स्वागत किया। साथ ही अतिथियों को पलामू न्याय मण्डल की और से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा ने कहा कि पुलिस और मजिस्ट्रेट सुरक्षा उपायों का पालन करें। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गिरफ्तारी के तरीके पर लगातार आदेश जारी किया है। निर्णय में इन सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करने में मजिस्ट्रेट के कर्तव्य का उल्लेख किया गया है। बार-बार सुरक्षा उपाय निर्धारित किया गया है। जिनका पुलिस और मजिस्ट्रेट को पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की कठोर शक्ति का सहारा लेने से पहले पुलिस को अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा की धारा 437 के तहत मजिस्ट्रेट के पास यह अधिकार है कि सात साल से कम की अधिक सजा में वह जमानत दे सकता है। उन्होंने कहा कि आपको तथ्यों नियमों के अनुसार आरोपितों को जमानत देने का अधिकार है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट आपको प्रोटेक्शन करता है। जमानत तथ्यों पर आधारित और नियम संगत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट धारा 41 को ध्यान में रहकर निर्णय ले। इस मौके पर हाईकोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि यदि पुलिस अधिकारी द्वारा की गई गिरफ्तारी संहिता की धारा 41 की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करती है तो मजिस्ट्रेट उसकी आगे की हिरासत को अधिकृत नहीं करने और आरोपी को रिहा करने के लिए बाध्य है।



लेस्लीगंज उद्घाटन

जमानत व न्याय शास्त्र के प्रमुख मुददे पर चर्चा के दौरान पहली पाली में प्रेम प्रकाश सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र पर बिस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गिरफ्तारी के पूर्व पुलिस को 41 के नोटिस का अनुपालन कितना आवश्यक है। वही उन्हांने की इशू ऑफ बेल एंड रिमांड जुरिसपडेन्स इन लेटेस्ट ज्यूडिशियल ट्रेंड्स के बिषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं दूसरे पाली में एनडीपीएस एक्ट 1985 पर असित कुमार मोदी इंस्पेक्टर इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग स्कूल रांची के द्वारा एनडीपीएस रूल के बारे में बिस्तार से चर्चा किया।

जब किसी आरोपी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है तो गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी को मजिस्ट्रेट को गिरफ्तारी के लिए तथ्य, कारण और उसके निष्कर्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है ।साथ ही मजिस्ट्रेट को गिरफ्तारी के लिए पूर्ववर्ती शर्तों से संतुष्ट होना पड़ता है। धारा 41 के तहत संतुष्ट होने पर ही किसी आरोपी की हिरासत को अधिकृत किया जा सकता है। उन्होंने कहा की धारा 41 की शर्तें पूरी नहीं होने पर आरोपी को रिहा करें मजिस्ट्रेट। जब किसी अपराध के आरोपी व्यक्ति को पहली बार मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है तो मजिस्ट्रेट का कर्तव्य हैं कि धारा 41 की पूर्व शर्ते यदि पूरी नही होती है तो आरोपी को रिहा करना इसके अलावे मजिस्ट्रेट को स्वतंत्र रुप से कारको का आकलन करना होता हैं न कि पुलिस अधिकारी के दावो पर भरोसा करना होता हैं। इस मौके पर धारा 41 व 41 ए दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत पुलिस के कर्तव्य व जिम्मेदारियो को विस्तार से बताया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय के जजमेंट सतेंद्र कुमार अंटिल बनाम सी बी आई 2023 व अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य में पुलिस तथा न्यायिक दंडाधिकारीयो को दिये गए दिशा निर्देश को पालन करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि ने कहा कि सात साल से कम सजा वाले केस में पुलिस को यह बताना जरूरी है कि गिरफ्तार करना क्यो जरूरी है। गिरफ्तार करने से क्या परपस सोलभ होगा। उन्होंने कहा कि सभी को लॉ के प्रति कॉन्फिडेंस लाना होगा। उन्होंने कहा कि सात साल वाले केस में 2021 में यह पता चला हैं कि 75 प्रतिशत लोगो को गिरफ्तारी की जरूरत नही थी। परन्तु उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इस मौके पर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन पलामू ब्यवहार न्यायालय के सिविल जज सीनियर डिवीजन शिखा अग्रवाल ने की।इस मौके पर कुटुम्ब न्यायालय पलामू के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डी जे,संतोष कुमार, विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, पी एन पाण्डेय,अमरेश कुमार, शंकर महाराज, सीजेएम आनंद सिंह, डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव, बिमलेश सहाय, मनोज त्रिपाठी, संतोष आनंद प्रसाद, संजय सिंह यादव, अरविंद कच्छप, निबन्धक अमित गुप्ता, कुमार विपुल, सन्दीप निशित बारा, निशिकांत,रीतू कुजूर, सतीश कुमार मुंडा, मनोज कुमार, परमानंद उपाध्याय, अमित बंसल, चन्दन कुमार गोस्वामी, प्रतीक राज, एलएड़ीसी पलामू के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता शशि भूषण दुबे, संजय कुमार पांडेय, राजीव रंजन के अलावे पलामू, गढ़वा, लातेहार, जिले के लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक, पुलिस पदाधिकारी, स्वयं सेवी संस्था से जुड़े लोग, वीएनएस लॉ कॉलेज के छात्र, के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## हाथी के हमले से घायल महिलाओं की भी हुई मौत, सदमे में गांव वाले

**बेरमो।** झुंड से बिछड़े हाथी के हमले से घायल दो लोगों की भी मौत इलाज के दौरान हो गई। ज्ञात हो कि रविवार की सुबह अपने झुंड से बिछड़े हुए एक हाथी ने ललपनिया थाना क्षेत्र के कोदवाटांड में 3 लोगों को कुचल दिया था। जिससे कोदवाटांड निवासी 65 वर्षीय सनू मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं दो महिलाओं चैलियाटांड की सुहानी हेम्ब्रम और ललपनिया निवासी मंजरी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि इलाज के दौरान बोकारो के सदर अस्पताल में एक महिला की मौत हो गई और एक महिला को इलाज के लिए रांची भेजा गया था। उसकी मौत भी रास्ते में ही हो गयी। तीन लोगों की मौत से ग्रामीण सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि तुलबूल में सुहानी हेंब्रम कुंआ से पानी लाने गई थी। वहीं, मंजरी देवी ललपनिया के जंगल से लकड़ी लाने गई थी। इसी दौरान झुंड से बिछड़े हाथी ने उन्हे कुचल दिया। संनू मांझी भी सुबह शौच के लिए गये थे, इसी दौरान हाथी ने उन्हे भी कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

स्पीड न्यूज

### जेसीबी ऑनर एसो. गुमला की बैठक संपन्न

**गुमला।** जेसीबी ऑनर एसोसिएशन गुमला की बैठक रविवार को शिवदयाल गोप की अध्यक्षता में बाईपास रोड स्थित स्वर्ण ड्रूमि बैंकवेट सड्डागार में हुई। बैठक में संघ के गठन पर सदस्यों ने चर्चा की। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि बिना लाइसेंस के बाहर से गुमला में विकास कार्यों में हो रहे जेसीबी के प्रयोग पर अविलंब प्रशासन को रोक लगाया जाना चाहिए। जिले के जेसीबी मालिकों को इससे भारी नुकसान हो रहा है। बाहर से जेसीबी लाकर काम कराने से बैंक के कर्ज भी भरने में जिले के जेसीबी मालिकों को परेशानी हो रही है। सदस्यों ने बैठक में जेसीबी के कार्य का शुल्क भी तय किया।

### दुकान के शटर का ताला तोड़कर की चोरी

**गुमला।** गुमला शहर में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरी प्रतिदिन किसी न किसी दुकान को अपने टारेगट पर लेकर चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। शनिवार की रात करमडीपा स्थित उर्मी डुमरडीह निवासी मोहन जायसवाल की दुकान का शटर का ताला तोड़कर उसमें रखे धान, बदाम व मडुवा से भरे बोरों की चोरी कर ली। वहीं दुकान के गले में रखे पंद्रह हजार रुपए भी चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध में रविवार को मोहन जायसवाल ने गुमला थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मोहन जायसवाल ने कहा कि शनिवार को गुमला बाजार का दिन था। वे दुकान में लोगों से लगभग डेढ लाख रुपए का बादाम, मड़वा व धान की खरीदारी की थी। शाम को वे दुकान बंद कर घर चले गये। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान में रखा सारा समान चोरी हो गया है। चोरों ने गले में रखे दस, बीस व पचास रुपए के नगद पंद्रह हजार रुपए की भी चोरी कर ली।

### शांति समिति की बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में शब ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शब ए बरात का पर्व शांति एकता भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर कहा गया कि किसी भी समुदाय व्यक्ति विशेष ,धर्म समाज को ठेस पहुंचने वाले गीत न बजे इसका विषय ध्यान रखा जाए। जिससे कि सामाजिक सौहार्द्र न बिगड़े। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार का कोई भी सामाजिक गतिविधि भड़काऊ मैसेज धार्मिक द्वेष फैलाने वाले वीडियो पोस्ट ना हो सके ।

# लोगों को सुरक्षा का ध्यान रख केंद्र सरकार लागू करे एनआरसी : सीएम

### साहिबगंज से रांची लौटने के दौरान हवाई अड्डा पर सीएम का प्रशासन ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** साहिबगंज के बरहेट से कार्यक्रम शिरकत कर रांची जाने के दौरान हवाईअड्डा में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड में बुनियादी सुविधा देने का वादा सरकार पूरी करेगी। आबुआ आवास योजना के तहत सरकार 2 लाख लोगों को अब तक आवास की स्वकृति देने का काम कर चुकी है। आने वाले तीन महीने के अंदर 9 लाख आबुआ आवास देने का सरकार का लक्ष्य निर्धारित है। झारखंड राज्य बनने के बाद आज तक यहां बुनियादी सुविधा नहीं मिल सका है। लेकिन जिस तरह से हेमंत बाबू ने झारखंड में बुनियादी सुविधा देने की बात कही है। हमलोग उनके बताए चीजो को आगे ले जाने का काम करेंगे।

एनआरसी लागू करने के सवाल पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार को पहले लोगों को कानून लागू करने से पहले सुरक्षा व्यवस्था कर आष्वास्त करना चाहिए। उसके बाद एनआरसी के दिषा में काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दुमका हवाईअड्डा से चार्टेड प्लेन से रांची के लिए रवाना हो गये। मुख्यमंत्री के साथ श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी भी रांची के लिए रवाना हुए।


मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का स्वागत करते एसपी व अन्य

# दुमका को मिला बीएससी नर्सिंग कॉलेज का सौगात

### पीएम मोदी ने किया ऑनलाईन उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराजधानी दुमका को बीएससी नर्सिंग कॉलेज की सौगात दी है। 25 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात के राजकोट से ऑन लाइन माध्यम से फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में बीएससी नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास किया।बीएससी नर्सिंग कॉलेज दुमका संताल परगना क्षेत्र का पहला नर्सिंग कॉलेज होगा। दुमका में मौके पर मौजूद स्थानीय


उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सांसद व अन्य।

भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने दीप जला कर समारोह का उद्घाटन किया। बीएससी नर्सिंग कॉलेज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए दुमका सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र के लिए बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होने से यहां के आदिवासी छात्र छात्राओं को पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य में नही जाना पड़ेगा। सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि अति पिछड़ा क्षेत्र दुमका के लिए यह बड़ी सौगात है। बीएससी नर्सिंग कॉलेज में चार वर्षों का कोर्स होगा।फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में बनने वाले बीएससी नर्सिंग भवन 25 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जाएगा। दो वर्षों में पूर्ण होने वाले बीएमसी नर्सिंग सेंटर में 240 छात्र छात्राओं की रहने की व्यवस्था होगी। प्रत्येक वर्ष के लिए 60 छात्र छात्राओं का दाखिला होगा।

### नए दिसोम मांझी एक बार फिर चुने गए विशाल मरांडी

**दुमका।** दिसोम मांझी थान परिसर में रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेशचंद्र सोरेन ने की। बैठक में पूर्व मांझी विशाल मरांडी बैठक में शामिल लोगों का स्वागत करते हुए अपने पिछले एक वर्ष की कार्यकालों की उपलब्धियों को बताया। सभी लोगों ने उनके कार्यों से प्रभावित होकर नये मांझी बाबा के रूप में पुनः एक बार फिर विशाल मरांडी को ही चुना। बैठक में समिति का विस्तार करने की तिथि आगामी तीन मार्च का दिन निर्धारित किया गया। बैठक में संथाल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों से लोग शामिल हुए।

# खुलेआम बिक रहे अवैध शराब, प्रशासन बेखबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड के विभिन्न होटलों और राशन से लेकर नाश्ता दुकानों में शराब पोरोसा जा रहा है। दुमका जिला में गोपीकांदर ऐसा पहला प्रखंड है जहां शराब सरकारी दुकानों में नहीं बल्कि नाश्ता दुकान, राशन दुकान, होटल और कोल्ड ड्रिंक के दुकानों में बेचा जा रहा है। इन सभी दुकानों में खुलेआम शराब को बेचा जाता है बगैर किसी कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक गोपीकांदर बाजार एक कपड़ा और दूसरा राशन दुकान में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब को खपाया जाता है। खरोनी बाजार में एक नाश्ता दुकान और दूसरा कोल ड्रिंक के दुकान में विदेशी शराब को बेचा जा रहा है। दुगार्पुर में एक होटल में शराब नाश्ता के साथ लोगों की थाली में परोषा जा रहा है। सिलंगी मोड़ के एक होटल में भी देशी शराब के अलावे विदेशी शराब आम लोगों के अलावे हाईवा चालकों को बेचा जाता है। दुकानदार के मुताबिक विदेशी शराब की खरीद-बिक्री संबंधित पदाधिकारियों की मिलीभगत से की जाती है। यही वजह है कि यह दुकानदार बगैर किसी भय के शराब को बेच रहे हैं। जानकारों की माने तो गोपीकांदर में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब को बेचा जाता है।

गोपीकांदर में विभिन्न होटलों और दुकानों में देशी और विदेशी शराब को बेचने वाले भले ही मुनाफा कमाते हैं लेकिन इसकी खामियाजा सड़क पर चलते किसी राहगीर को जान देकर चुकानी पड़ती है। गोपीकांदर के रास्ते दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर जब से कोयला की ढुलाई शुरू हुई है तब से दुर्घटनाओं में भी इजाफा देखने को मिला है।

# दुर्घटना में दो की मौत, महिला समेत दो गंभीर रुप से घायल

### अनियंत्रित बाईक सवार ने घर के सामने खड़ी गृहस्वामिणी को मारी ठोकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बासुकीनाथ।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र बनवारा सड़क पथ पर पहाड़पुर गांव के समीप रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित बाइक सवार की मौत मौके पर ही हो गई। इस घटना में बाइक के पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति और 57 वषीर्या एक ग्रामीण महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो बनवारा की ओर से 19 वर्षीय पल्सर बाइक पर सवार युवक तेजी से परीपा गांव की ओर आ रहा था। इसी बीच पहाड़पुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर किरानी मिर्धा के घर में घुस गया। घटना के दौरान घर के दरवाजे पर खड़ी गृहस्वामी किरानी मिर्धा की 57 वषीर्या पत्नी ढेनामुनी देवी को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के पीछे बैठा परदेशी राय भी गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक युवक बिकेश कुंवर(19), पिता सुला कुंवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर एएसआइ योगेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच 108 ऐंबुलेंस से घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुंडी पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर गुफरान ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि बाइक दुर्घटना में घायल परदेशी राय को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए परिजनों ने अन्यत्र ले गया है। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। हादसे में मृत बाइक सवार बिकेश कुंवर के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

### ग्रामीणों को मिला डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट का प्रमाण पत्र

**जामा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित इंडियन बैंक प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा में चल रहे दस दिवसीय निःशुल्क डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को किया गया। इस दौरान बताया कि प्रशिक्षण में जामा, काठीकुंड प्रखंड के 35 सफल ग्रामीणों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर आरसेटी के फैकल्टी उत्पल कुमार लाहा ने कहा कि आज के हालात में हर व्यक्ति को अपना जीवन स्तर सुधारने के लिए आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। उन्होनें कहा कि योग्य,प्रशिक्षित व कुशल व्यक्तियों की मांग हमेशा बनी रहती है। कार्यक्रम समन्वयक अमरदीप कुमार ने डेयरी फार्मिंग व वर्मी कंपोस्ट को स्वरोजगार के रुप में अपनाने एवं राज्य के आर्थिक विकास में भागीदारी बनने को कहा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे स्वरोजगार अपनाकर अपने जीवन को मजबूत एवं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बना सकते हैं।

# यात्री बस पेड़ से टकराया, एक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हिरणपुर (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के रानीपुर परगला नदी के समीप रानीपुर -डांगापाड़ा मुख्य पथ में रविवार अहले सुबह एक यात्री बस सड़क किनारे रहे पेड़ से टकरा गया। जिससे पाकुड़िया निवासी उपचाल सुशांत कुमार टुडू घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इसके बाद मरीज को छोड़ दिया गया। इस दुर्घटना के बाद चालक मौके से निकल गया। यात्री बस संख्या जेएच 04 एच 4339 राजमहल माघी स्नान के लिए गए यात्रियों को पाकुड़िया में छोड़कर वापस लौट रहा था कि जामपुर परगला नदी निकट स्थित सड़क किनारे कटे हुए एक पेड़ से सुबह करीब चार बजे टकरा गया। जिससे वाहन के सामने की भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही चालक बाल बाल बच गया व मौके से निकल गया। इसकी सूचना मिलने साथ एएसआई मुकेश कुमार घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक छानबीन किया व वाहन को अपने कब्जे में लिया। वाहन मालिक राज एंड राज ट्रांसपोर्ट जामताड़ा निवासी रफीक अंसारी से दूरभाष पर सम्पर्क करने पर बताया कि यात्रियों को पाकुड़िया में रखकर खाली वाहन राजमहल की ओर जा रहा था कि एक पेड़ से टकरा गया। जिससे चालक व उप चालक को कोई क्षति नही पहुंची।

### कार्यकताओं ने सुनी पीएम की मन बात

पाकुड़। नगर में हनुमान मंदिर बिरसा चौक के प्रांगण में युवा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की मां की बात कार्यक्रम आयोजन किया गया, सुन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के 110 में एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस है यह विशेष दिन भारत के विकास यात्रा में नारी शक्ति की योगदान को सलाम करने का दिन है । अपने-अपने क्षेत्र में अच्छे काम करने वाले महिलाओं सम्मान करें। भाजपा युवा मोर्चा पाकुड़ नगर की बैठक युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रतन भगत के नेतृत्व में हनुमान मंदिर बिरसा चौक के प्रांगण में संपन्न हुई। भाजपा में मुख्य रूप से राजमहल विधानसभा के प्रभारी पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ,भाजपा जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार शाह, लोकसभा के विस्तारक मनोज सिंह,विधानसभा के विस्तारक जयप्रकाश यादव, किसान मोर्चा के नेता विक्रम मिश्रा मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित थे।

### घायल की इलाज के दौरान मौत

**काठीकुंड।** थाना क्षेत्र के दुमका पाकुड़ मुख्य पथ पर आमझरी चौक के पास बीती रात 3 बजे एक अज्ञात घायल युवक मिला। जिसे काठीकुंड थाना पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से समुदायिक स्वास्थ केन्द्र इलाज के लाया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत को देखते हुए फूलों झानू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में थाना प्रभारी अमित रविदास ने बताया की कागजी कार्रवाई कर अज्ञात मृत शव को पोस्टमार्टम करा पुलिस शिनाख्त में जुट गई है।

# पुलिस की कार्रवाई, 70 लाख के अवैध लॉटरी के साथ दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** गुप्त सूचना के आधार पर पाकुड़ पुलिस ने अवैध लॉटरी के धंधे से जुड़े दो लोगों को भारी मात्रा में अवैध लॉटरी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में नव नियुक्त एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पाकुड़ के निर्देश पर जिले में चल रहे अवैध लॉटरी टिकट के खिलाफ पाकुड़ पुलिस ने मुहिम छेड़ रखी है। उन्होंने बताया कि रविवार को गुप्त



सूचना मिली थी की दो व्यक्ति बंगाल से लॉटरी लेकर पाकुड़ में प्रवेश करने वाला है। सूचना के सत्यापन हेतु तुरंत एसआईटी टीम गठन कर नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन के नेतृत्व में दलबल के साथ विवेकानंद चौक के समीप जांच शुरू की गई । पुलिस जांच को देख बाइक सवार दो व्यक्ति भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। डीएसपी ने बताया कि जब उनकी जांच की गई तो उनके पास से क्रयमूल्य 15 लाख रुपए जिसका बाजार भाव अनुमानित मूल्य लगभग 70 लाख की अवैध लॉटरी टिकट पाया गया। तत्काल अवैध लॉटरी कारोबार से जुड़े दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनिरामपुर गांव निवासी फेकारुल शेख व हसीद अंसारी के रूप में हुई है। एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने बताया कि साथ ही एक बाइक ,दो मोबाइल व 930 रुपया नगद राशि जब्त किया गया है। गिरफ्तार दोनो व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक का सख्त निर्देश है कि जिलेभर में इस तरह के कार्य करने वाले को बक्सा नहीं जाएगा। कुंडली खंगाला जा रहा है । जिले में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार अवैध लॉटरी कारोबार, अवैध परिवहन, अवैध बालू कोयला भंडारण ,जुआ आदि पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### नकली शराब बनाने वाले स्प्रिट का जखीरा मिला



**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली गुप्त सूचना कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एक जांच टीम गठित की गई जिसमे एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में मुफ्फसिल थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव के साथ पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं अन्य पुलिस बल के पदाधिकारि शामिल थे । पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम के सदस्यों ने कार्रवाई करते हुए मुफ्फसिल थाना अंतर्गत साबाई जोड़ा ग्राम में स्व० मांगन मंडल के घर पर निरंजन मंडल पिता स्व धनंजय मंडल को 20 जारकिन स्प्रिट 600 लीटर के साथ उत्पाद अधिनियम के तहत अपने हिरासत में लिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया । इस संबंध में मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

### भाजपा कार्यकताओं ने जन संपर्क अभियान चलाया



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी पार्टी के झारखंड प्रदेश के निदेर्शानुसार आगामी पांच मार्च तक लाभार्थी जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को बुनकर भवन भगैया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सलाह परामर्श करते हुए रणनीति तैयार किया। घर-घर जाकर लाभार्थी से संपर्क कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः एक बार तीसरे कार्यकाल के लिए जान-जान से संपर्क किया जाएगा।किस प्रकार से मंडल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के विभिन्न गांवों और घर-घरों में जाकर लाभार्थी से संपर्क किया जाएगा और उन्हें जागरुक करते हुए कैसे जानकारी दी जाएगी इस बारे में विस्तार पूर्वक सलाह परामर्श बातचीत की गई ।इस संबंध में रणनीति भी तैयार की गई।कौन-कौन से कार्यकर्ता टोली बनाकर कैसे पंचायत के गांव में जान-जान से संपर्क करेंगे इस बारे में विस्तार से बताया गया।जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, लाभार्थी संपर्क अभियान के संयोजक जिला उपाध्यक्ष संतोष आनंद,सहसंयोजक संजय राम,मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव चौबे,जय किशोर महतो, विनय साह, विनोद बिहारी महतो, हरिनारायण महतो ,भुनेश्वर पंडित, विनोद मंडल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### होमगार्डो को कार्य पर लगाया गया



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी साप्ताहिक परेड के अवसर पर रविवार को थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने पहली बार ग्रामीण पुलिस चौकीदारों का परेड लेकर बारी बारी से सबों से परिचय प्राप्त किया, और सबों का कार्य क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। शब ए बरात पर्व के मद्देनजर सभी ग्रामीण पुलिस चौकीदार को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में वर्दी लगाकर ड्यूटी करने और सभी गतिविधियों पर ध्यान रखना को कहा। वहीं भारतीय स्टेट बैंक ठाकुरगंगटी, भारतीय स्टेट बैंक मररो माल,पंजाब नेशनल बैंक चांदा में ग्रामीण पुलिस चौकीदार द्वारा ड्यूटी किए जाने और थाना में हाजिरी के अलावे भी अन्य कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बातचीत करते हुए विचार विमर्श किया गया और सबों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।थाना के सहायक विमल शर्मा, ग्रामीण पुलिस चौकीदार बबलू पासवान, सिकंदर पासवान,विजेंद्र पासवान, मनोज पासवान ,सुबोध पासवान, नूतन देवी, तेतर,प्रमोद सहित थाना क्षेत्र के सभी ग्रामीण पुलिस चौकीदार शामिल थे।

### ट्रक व हाइवा मालिकों की हुई बैठक



**हिरणपुर( पाकुड़ )।** स्थानीय ट्रक व हाइवा मालिकों द्वारा रविवार को एक बैठक रानीपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप आयोजित की गई। जहां सर्वसम्मति से सरकारी मानक के अनुरूप ट्रक एवं हाइवा पर पत्थर का परिवहन करने को लेकर चर्चा की गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि हमलोग सरकारी नियमों के मुताबिक पत्थर लोड वाहनों का परिवहन कर रहे हैं ।ऐसे में कुछ बाहरी लोगों द्वारा अफवाह फैलाया जा रहा है कि बैगर माइनिंग चालान एवं ओवरलोड वाहनों को परिवहन के लिए प्रति ट्रिप अवैध राशि देनी पड़ेगी। इस दौरान किसी भी प्रकार की प्रशासनिक जांच पड़ताल नही होगी। उधर, स्थानीय ट्रक एवं हाइवा मालिकों ने कहा कि हमलोग प्रशासन का साथ देकर सरकारी नियमों का पालन कर रहे हैं। कहा कि ऐसे अफवाह पर प्रशासन रोक लगाकर नियम के तहत पत्थर का परिवहन कर रहे वाहन चालकों को सहयोग करे ।मौके पर रंजीत भगत, रविंद्र भगत, रहीम अंसारी, मुक्तारुल शेख, इमरान हुसैन, मनोज साहा, राजेश भगत, बासिर शेख, पियारूल शेख, रमजान अंसारी, अकमल शेख, रविन्द्र भगत, गोपाल मंडल, कैशब तिवारी आदि मौजूद थे।

### आगजनी में हजारों रुपये का सामान जलकर राख

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित तिलका मांझी चौक के समीप शांतनु भारती के घर पर अचानक आग लगने से हजारों रुपए का समान जल कर राख हो गया। बताया जा रहा है घटना करीब डेढ़ बजे रात की हैं। जब गृह स्वामी को पता चला कि घर पर आग लगा हैं तब गृह स्वामी ने शोर गुल मचाया फिर आग पर काबू पाने के लिए मोटर के सहारे पानी का छिड़काव किया। कुछ ही देर में शोरगुल सुनकर लिट्टीपाड़ा की गस्ती टीम घटनस्थल पहुंचा। फिर पुलिस की टीम भी आग बुझाने के लिए मदद किया। काफी पानी देने के बाद आग पर काबू पाया तब तक घर पर रखा सारा समान जल कर राख हो गया। यहां तक दुकान का सटर भी आग के चपेट में बलास्ट हो गया ।गृह स्वामी शांतनु भारती ने बताया कि आग कैसे लगी कुछ नहीं पता हैं समय रहते बहुत कुछ बचा लिया लेकिन फिर भी इस आग से हजारों रुपए का समान जल कर कुछ ही मिनटों में राख हो गया।